रांची, सोमवार । 30 मार्च 2026 । वर्ष-27, अंक-57, पृष्ठ-12 । चैत्र शुक्ल पक्ष 12, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155 । www.rastriyanaveenmail.com

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



खजूर पर्व प्रभु यीशु के यरुशलम में विजयी प्रवेश की घटना की याद दिलाता है : आर्च बिशप

रांची में कैथोलिक कलीसिया ने लोयला मैदान से संत मरिया महागिरजाघर तक निकली शोभायात्रा

## श्रद्धा, विश्वास और आस्था के साथ मनाया गया खजूर पर्व

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड में रविवार को खजूर पर्व (पाम संडे) श्रद्धा, विश्वास और आस्था के साथ मनाया गया। खजूर पर्व प्रभु यीशु मसीह के यरुशलम में विजयी प्रवेश की याद में मनाया जाता है। उनके स्वागत में खजूर (पाम) की डालियां बिछाई गईथीं। मसीही विश्वासी खजूर पर्व के साथ ही पवित्र सप्ताह में प्रवेश कर गए। अगले सप्ताह ईसा मसीह के दुखभोग की घटना को याद करते हुए 3 अप्रैल 2026 को गुड फ्राइडे की विशेष धर्मविधि पूरी की जाएगी। 5 अप्रैल 2026 को प्रभु यीशु के पुन: जी उठने की घटना को लेकर ईस्टर पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। खजूर पर्व को लेकर रविवार को विभिन्न जगहों पर मसीही विश्वासी बड़ी संख्या में चर्च में उपस्थित हुए। वे अपने साथ खजूर की डाल लिए हुए थे। कई जगहों पर खजूर की डाल के साथ शोभायात्रा निकाली गई। लोग चर्च में हुए धार्मिक अनुष्ठान में भी शामिल हुए। रांची में कैथोलिक कलीसिया के लिए लोयला मैदान से संत मरिया महागिरजाघर तक शोभायात्रा निकाली गई और ईसा मसीह का जयघोष लगाया गया। कैथोलिक कलीसिया के लिए संत मरिया महागिरजाघर में खजूर पर्व का मिस्सा हुआ। मिस्सा अनुष्ठान की अगुवाई आर्च बिशप विसेंट आइंद ने की। उन्होंने कहा कि खजूर पर्व हमें प्रभु यीशु मसीह के यरुशलम में प्रवेश की घटना की याद दिलाता है। मौके पर पल्ली पुराहित फादर आनंद डेविड खलको एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### एक नजर

#### छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, पांच लाख का इनामी मूचाकी ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के जंगलों में रविवार की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली। मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मूचाकी कैलाश मारा गया है। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हुई। मुठभेड़ के बाद इलाके की तलाशी लेने पर एक नक्सली का शव हथियार सहित बरामद किया गया। मृत नक्सली की पहचान 5 लाख रुपए के इनामी पीपीसीएम कैडर के प्लाटून नंबर 31 के सेक्शन कमांडर मूचाकी कैलाश के रूप में हुई है। वह पूलनपाड़ गांव, चिंतलनार थाना क्षेत्र का निवासी था।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड का शानदार प्रदर्शन

# पूनम व अंजीत को स्वर्ण चंचला को मिला कांस्य

- राज्य की महिला फुटबॉल टीम और महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची
- झारखंड की झोली में अब तक 2 स्वर्ण, 1 रजत व 3 कांस्य समेत 6 पदक

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेलों (ट्राइबल गेम्स) में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सरगुजा में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड कुश्ती टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक अपनी झोली में डाले। वहीं, महिला हॉकी और महिला फुटबॉल टीम ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। अब तक झारखंड की झोली में कुल 6 पदक आए हैं। इनमें 2 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य शामिल हैं। प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन खेल एवं युवा मामले, भारत सरकार तथा छत्तीसगढ़ सरकार संयुक्त रूप से कर रही है। इसका आयोजन 25 मार्च से 03 अप्रैल 2026 तक होना है।

कुश्ती स्पर्धा के महिला वर्ग में पूनम उरांव ने 50 किलो वर्ग और अंजीत मुंडा ने 67 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक एवं चंचला कुमारी ने 50 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता। वहीं, सोमवार (30 मार्च) को झारखंड के पहलवान 1 स्वर्ण पदक एवं 2 कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगे। इधर, रायपुर में आयोजित हॉकी मुकाबले में झारखंड महिला फुटबॉल टीम ने अपने तीसरे लीग मैच में 4-2 से मेघालय को पराजित किया। इसमें एलिजाबेथ एक्का ने 02, विकसित बाड़ा एवं सबरनी कुमारी ने 1-1 गोल किया। इस जीत के साथ झारखंड कुल 09 अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई। झारखंड का मुकाबला सेमीफाइनल में 31 मार्च 2026 को गुजरात के साथ होगा। वहीं, झारखंड महिला हॉकी टीम को अपने तीसरे लीग मैच में ओडिशा से रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन, गोल औसत से झारखंड की महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब रही। समाचार लिखे जाने तक झारखंड पुरुष हॉकी टीम अपना तीसरा लीग मैच कर्नाटक के साथ खेल रही थी।

मेघालय पर जीत के साथ महिला फुटबॉल टीम का मनोबल काफी ऊंचा है और टीम आगामी मुकाबलों में भी इसी लय को बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस शानदार जीत में प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। वहीं, टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा बनाए रखा।


झारखंड टीम की इस प्रभावशाली जीत से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और टीम आगामी मुकाबलों में भी इसी लय को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

शेष पेज 11 पर...



#### खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

हेमंत सोरेन सरकार राज्य में खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए राज्य सरकार वर्ष 2022 में नई खेल नीति लाई। झारखंड खेल नीति 2022 का मुख्य उद्देश्य खेल को एक आकर्षक करियर विकल्प बनाना, 5 वर्षों तक प्रतिभावान खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, इंश्योरेंस, पेंशन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करना है। यह खेल नीति राज्य के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को निखारने, प्रत्येक ब्लॉक में खेल सुविधाएं विकसित करने और नौकरी में आरक्षण पर जोर देती है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के अनुरूप तैयार करने के लिए नई खेल नीति में प्रावधान किया गया है।



## आदिवासी कमजोर नहीं, सत्ता बनाना और बदलना जानता है : हेमंत सोरेन

- डिब्रूगढ़ में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में झामुमो अध्यक्ष ने किया प्रचार

**नवीन मेल डेस्क**



#### असम की महान जनता को अब बदलाव चाहिए

असम के सोनारी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी बलदेव तेली के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा, झारखंड की तरह यहां भी युवाओं को अवसर, मेहनतकशों को सम्मान और आदिवासी-स्थानीय समाज को उनका अधिकार मिलना चाहिए। विकास का मतलब केवल आंकड़े नहीं, बल्कि हर घर तक पहुंचती खुशहाली है। असम के सोनारी विधानसभा में असम की महान जनता को अब बदलाव चाहिए, ऐसा बदलाव जो सिर्फ वादों में नहीं, जमीनी हकीकत में दिखे।

**रांची/डिब्रूगढ़(असम)।** असम में चुनाव प्रचार के दूसरे दिन रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डिब्रूगढ़ जिले के तिंगखोंग एवं सोनारी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रत्याशी महावीर बासके और बलदेव तेली के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित किया।

हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि असम का चाय बागान समुदाय, जो लगभग 200 वर्षों से असम की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है, आज भी अपने बुनियादी अधिकारों से वंचित है। असम में चाय बागान श्रमिकों को मात्र 250 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी मिलती है, जबकि अन्य राज्यों जैसे कर्नाटक में यह लगभग 600 रुपए प्रतिदिन है। उन्होंने आगे कहा कि चाय बागान श्रमिकों को आज भी भूमि अधिकार, सम्मानजनक आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। वर्षों से विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा इस समुदाय का केवल वोट बैंक के रूप में उपयोग किया गया है, परंतु उनके जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने आदिवासी समुदाय के साथ हो रहे लगातार शोषण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

शेष पेज 11 पर...

## हजारीबाग रामनवमी जुलूस में साढ़े तीन सौ जख्मी, 2 की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में रामनवमी पर निकाले गए जुलूस के दौरान कई दुखद घटनाएं सामने आई हैं। रामनवमी जुलूस के दौरान अब तक साढे तीन सौ लोगों के जख्मी होने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चार की मौत भी हो चुकी है। हजारीबाग का प्रसिद्ध रामनवमी जुलूस शनिवार देर शाम से लगातार जारी था। जुलूस में 107 अखाड़ा शामिल हैं। हर जुलूस अपनी गति सीमा के हिसाब से आगे बढ़ रही है। जुलूस की निगरानी डीआईजी, डीसी, एसपी एवं जिले के अन्य अधिकारी कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी सीसीटीवी के जरिए जमा मस्जिद के पास बनाए गए मंच से निगरानी कर रहे हैं। वहीं, जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से भी निगरानी हर जुलूस को रख रहे हैं। शनिवार देर शाम से निकली रामनवमी जुलूस के दौरान अब तक साढे तीन सौ लोगों के जख्मी होने की खबर है। कई जख्मी लोगों को रांची रिम्स रेफर किया गया है।



- पुलिस प्रशासन कर रही स्थिती की निगरानी

शेष पेज 11 पर...

### अनगड़ा में सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत

**रांची।** रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के चमघाटी के समीप रविवार को हुए एक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। बताया गया कि दोनों भाई बाइक से अपने गांव की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई ।जानकारी के अनुसार, सड़क हादसे में अनगड़ा के नवाडीह के रहने वाले रिश्ते में चचेरे भाई प्रभात महतो और अनिल महतो की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक ने बाइक से घर लौट रहे दोनों भाइयों को अपनी चपेट में लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। ब्रेक फेल हो जाने की वजह से ट्रक भी सड़क से नीचे जा गिरा।

शेष पेज 11 पर...

### मन की बात | प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के 132वें एपिसोड में ऊर्जा संकट पर कहा

# अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, एकजुटता बनाए रखें



**नई दिल्ली (हि.स.)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघर्ष की वैश्विक स्थिति और ऊर्जा संकट पर चिंता जताते हुए रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम से एक बार फिर देशवासियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के कारण पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में अफवाहों से दूर रहना और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में ये बातें कहीं। पीएम मोदी खाड़ी देशों के संघर्ष के बीच वहां रह रहे भारतीयों को संभालने के लिए दिए सहयोग पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की ऊर्जा आवश्यकताएं इस क्षेत्र से जुड़ी हैं, जिससे मौजूदा संघर्ष का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उपयोग कर स्थिति का सामना कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस विषय पर राजनीति करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ लोगों से जुड़ा मुद्दा है और इसमें स्वार्थ की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को देश के लिए हानिकारक बताया और नागरिकों से अपील की कि वे केवल सरकारी जानकारी पर भरोसा करें। ज्ञात हो कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों में ईंधन संकट की स्थिति बनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण में जनभागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि 'ज्ञान भारतम' पहल के तहत पांडुलिपियों का संरक्षण और उनसे जुड़ी जानकारी एकत्र की जा रही है।

शेष पेज 11 पर...

#### बोले पीएम

- 140 करोड़ लोगों से जुड़ा मुद्दा है, इसमें स्वार्थ की राजनीति का कोई स्थान नहीं
- भारत अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उपयोग कर स्थिति का कर रहा है सामना

#### नियमित व्यायाम, योग और संतुलित आहार आवश्यक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में हर बार की तरह इस बार भी स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने नियमित व्यायाम, योग और संतुलित आहार की आवश्यकता पर बल दिया। एक प्रसंग में उन्होंने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के अनुरोध का उत्तर दिया, जिसका उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और उन्होंने शुगर का सेवन कम कर दिया।

## मरकच्चो में महुआ चुन रही महिला को हाथी ने मार डाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा के मरकच्चो थाना क्षेत्र के जामु हरलाडीह में रविवार की सुबह महुआ चुन रही एक महिला को जंगली हाथी ने कुचलकर मार दिया। जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 5:30 बजे हरलाडीह की सीता देवी (55 वर्ष, पति स्व. रामचंद्र साव) गांव की अन्य महिलाओं के साथ महुआ चुनने गई थीं। इसी दौरान वहां पहुंचे हाथी ने सीता देवी को गिरफ्त में ले लिया और पटककर और कुचलकर मार डाला। घटना के दौरान अन्य महिलाओं ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। महुआ चुन रहे ग्रामीणों ने कहा कि जब तक हमलोग पहुंचे हाथी जा चुका था और महिला की मौत हो गई थी।



रविवार सुबह हुई घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग के रेंजर रवींद्र कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को तत्काल 25 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। सरकारी प्रावधान के अनुसार, शेष 3.75 लाख रुपए का मुआवजा कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

इधर, कोडरमा जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया है। लोगों को अकेले जंगल की ओर न जाने की सलाह दी है।

शेष पेज 11 पर...

# रांची को शीघ्र ही प्राप्त होगी वर्ल्ड क्लास मॉडर्न लाइब्रेरी : गवर्नर

- राज्यपाल ने रांची के मोरहाबादी में निर्माणाधीन अत्याधुनिक पुस्तकालय का किया अवलोकन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को रांची के मोरहाबादी जाकर वहां निर्माणाधीन अत्याधुनिक पुस्तकालय का अवलोकन किया। साथ ही, उन्होंने वहां कार्यरत अभियंताओं एवं कर्मियों से इसकी प्रगति की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि ज्ञान, अध्ययन और उज्ज्वल भविष्य की एक सशक्त आधारशिला है। उन्होंने इस परियोजना में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) एवं कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत दिए गए योगदान के लिए उन्हें बधाई दी।

राज्यपाल गंगवार ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि राजधानी रांची को शीघ्र ही एक 'वर्ल्ड क्लास मॉडर्न लाइब्रेरी' प्राप्त होगी। यह छह मंजिला पुस्तकालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जहां एक साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड के युवाओं के लिए ज्ञान, अनुशासन और आत्मविकास का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। यह विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करेगा तथा उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनके द्वारा बरेली में भी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक मॉडल पुस्तकालय की स्थापना की गई थी।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने इस परियोजना से जुड़े लोगों के प्रयासों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाएगा। यह पुस्तकालय झारखंड के युवाओं के लिए आशा, अवसर और उपलब्धि का एक नया द्वार बनेगा। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी उपस्थित थे।



### ग्रामीण एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए है सार्थक पहल : संजय सेठ

इस अवसर पर उपस्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह पहल विशेषकर उन ग्रामीण एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए, जिन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं हो पाते हैं, अत्यन्त ही सार्थक है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय के प्रथम तल पर देश के वीर सपूतों के चित्र एवं उनकी जीवनियां स्थापित की जाएंगी, ताकि बच्चे उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि यह आधुनिक पुस्तकालय देश के चुनिंदा पुस्तकालयों में स्थान प्राप्त करेगा तथा इसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी अलग से बैठने एवं अध्ययन की व्यवस्था की गई है।

## ब्लैक में सिलेंडर बेचने का आरोप, लोगों में आक्रोश



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची जिला प्रशासन गैस सिलेंडर के गलत तरीके से वितरण को लेकर कठोर कार्रवाई की बात कह रहा है तो वही गैस एजेंसी और उसके कर्मचारियों की लापरवाही भी साफ देखने को मिल रही है। हटिया के हेसाग में डॉन बॉस्को स्कूल के पास स्थित मैदान में लोगों ने अल्फा गैस एजेंसी के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तो होम डिलीवरी नहीं हो रहा है दूसरी और मैदान में दो दिनों से सिलेंडर के लिए लाइन लगा रहे है। उसके बाद भी नहीं मिल रहा है। कुछ लोगों ने ब्लैक में सिलेंडर बेचने का आरोप लगाया। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अल्फा एजेंसी का फोन तक नहीं लगता है।जब सेल्स ऑफिसर से बात करने को कहा गया तो वह उपस्थित कर्मचारी बात करने से मना कर दिया। ऐसे में लोगों को गैस नहीं मिलने से कैसे खाना बनाएंगे। शासन प्रशासन को सभी गैस एजेंसी पर सख्त निगरानी रखनी होगी ताकी जरूरतमंद लोगों को गैस मिल सके।

### पंडरा में सड़क पर एलपीजी वितरण पर हंगामा

**रांची।** एनएच-75 स्थित पंडरा क्षेत्र में सड़क किनारे एलपीजी गैस सिलेंडर का वितरण करते देख स्थानीय लोगों ने डिलीवरी वाहन को घेर लिया। इस दौरान लोगों ने बुकिंग प्रक्रिया का पालन नहीं होने को लेकर नाराजगी जताई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैस वितरण के दौरान बिना क्रम के सिलेंडर बांटे जा रहे थे, जिससे पहले से बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## न्यूज बॉक्स

### देबराज बनर्जी आईआरसीटीसी के पूर्वी जोन के संयुक्त महाप्रबंधक बने

**रांची।** रांची और चक्रधरपुर रेल मंडल के पूर्व वाणिज्यिक प्रबंधक देबराज बनर्जी को इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के ईस्ट जोन, रांची में संयुक्त महाप्रबंधक के पद पर डिप्युटेशन के आधार पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। अरुण जोशी ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि देबराज बनर्जी का लंबा प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता आईआरसीटीसी की सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बनर्जी के नेतृत्व में यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने विशेष रूप से ट्रेनों में खान-पान सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में यात्रियों की सबसे बड़ी अपेक्षा साफ-सुथरी और विश्वसनीय भोजन व्यवस्था है। बनर्जी के अनुभव से इस क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

### पुरुलिया-आनंद विहार ट्रेन में टिकट बुकिंग शीघ्र शुरू हो : अरुण जोशी

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने रेलवे अधिकारियों से कहा है कि ट्रेन संख्या 14021 (पुरुलिया-आनंद विहार टर्मिनल) से यात्रा करने वाले यात्रियों को वर्तमान में अयोध्या, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं दिल्ली के लिए टिकट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस कारण यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है। वहीं, आनंद विहार टर्मिनल से पुरुलिया जानेवाली इसी ट्रेन के लिए टिकट बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है, किंतु विपरीत दिशा (पुरुलिया से आनंद विहार) के लिए अभी तक सिस्टम में टिकट उपलब्ध नहीं कराया गया है। अरुण जोशी ने अनुरोध किया है कि उक्त ट्रेन के लिए टिकट बुकिंग शीघ्र ही सिस्टम में उपलब्ध कराया जाए, ताकि यात्रियों को सुगम एवं निर्बाध यात्रा की सुविधा मिल सके।

### आदर्श ग्राम सिलागाई में कंद फसल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) से आदर्श ग्राम के रूप में विकास के लिए चयनित ग्राम सिलागाई (प्रखंड चान्हो) में कंद फसलों से संबंधित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनजातीय उप-योजना के अंतर्गत 'कंद फसलों की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक' विषय पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को उत्पादन की नवीनतम प्रौद्योगिकी, कटाई-उपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम से कुल 40 जनजातीय किसान लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में परियोजना प्रभारी डॉ एस सेनगुप्ता तथा अवकाशप्राप्त वरिष्ठ वैज्ञानिक (उद्यान) डॉ पीके झा प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिमीकंद, अरबी, शकरकंद, डायोस्कोरिया, याम बीन, कसावा आदि कंद फसलों की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कंद फसलों की रोपण सामग्री भी वितरित की गई।

### श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ वितरण



**रांची।** डा संत शिरोमणी स्वामी सदानंद महाराज जी के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग राँची मे 259 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राधा रानी जी का दिव्य आकर्षक आभूषणों से अलंकृत कर अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, महाप्रसाद मे मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, गुलाब का शरबत का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।तत्पश्चात भजन- संध्या में ट्रस्ट के भजन गायकों ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा तथा 4 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किये।

### रामनवमी आपसी भाईचारे एकता और शांति का देता है संदेश : कैलाश यादव



**रांची** । हटिया रेलवे संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा 46 वें वर्ष के अवसर पर प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समिति के मुख्य संरक्षक नंदन यादव इंद्रजीत सिंह अध्यक्ष चंदन यादव सचिव आदित्य शर्मा कार्तिक राव ने मुख्य अतिथि राजद प्रवक्ता कैलाश यादव को पराक्रमी तलवार एवं महावीरी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने के दौरान राजद नेता कैलाश यादव ने कहा कि हिंदुस्तान देवभूमि है पौराणिक परम्पराओं अनुसार भारत का प्राचीन सभ्यता धार्मिक विचारधारा के साथ जुड़ा हुआ है। रामनवमी आपसी भाईचारे एकता और शांति का संदेश देता है । वीर हनुमान श्रीराम भक्त और ज्ञान के सागर थे एवं सृष्टि के रक्षक और साहसिक सोच को उत्पन्न करने वाला रहा है । यादव ने कहा हटिया रेलवे स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर विगत 46 वर्षों से समाज में स्थापित है । भगवान का साक्षात् दर्शन लोगों को जीवन प्रेरक देता है मंदिर प्रांगण को सदैव सुशोभित करने वाले समिति के तमाम सदस्यों एवं पुजारी को बधाई देते हैं । जो हमेशा मंदिर में चमक धमक कायम रखने का काम करते हैं । मुख्य संरक्षक नंदन यादव ने कहा है कि राजद नेता कैलाश यादव समाज के बीच सदैव मुखर रहते हैं जनसमस्याओं एवं लोगों के सुख दुख में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते रहे हैं ।इनका भक्ति भाव स्वभाव रहा है जिस कारण समाज इन्हें प्रशंसनीय व्यवहार के तौर सम्मानित करता है।

## आजसू छात्र संघ ने किया जेटेट 2026 में उर्दू को हटाए जाने का विरोध

- उर्दू भाषी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय और भेदभाव : जमाल गद्दी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आजसू छात्र संघ, रांची ने राज्य सरकार की नई अधिसूचना (2026) में झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) 2026 में उर्दू भाषा को हटाए जाने का कड़ा विरोध किया है। आजसू छात्र संघ के जमाल गद्दी ने कहा कि इसमें जिला स्तर पर क्षेत्रीय भाषाओं की सूची से उर्दू भाषा को हटा दिया गया है। यह निर्णय न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि उर्दू भाषी अभ्यर्थियों के साथ सीधा अन्याय और भेदभाव भी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 की अधिसूचना में उर्दू को लगभग सभी जिलों में स्थान दिया गया था, जिससे हजारों अभ्यर्थियों को समान अवसर मिला। लेकिन, वर्ष 2026 की अधिसूचना में उर्दू को हटाना यह स्पष्ट करता है कि सरकार एक वर्ग विशेष को नजरअंदाज कर रही है। जमाल गद्दी ने कहा कि उर्दू झारखंड की महत्वपूर्ण और मान्यता प्राप्त भाषा है। इसे परीक्षा से बाहर करना संविधान की भावना और समान अवसर के अधिकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आजसू छात्र संघ की मांग है कि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 में उर्दू भाषा को तुरंत पुनः शामिल किया जाए।

## हटिया कामगार यूनि. का सम्मेलन 12 को

**रांची।** हटिया कामगार यूनियन कार्यालय, धुर्वा में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केपी साहु ने की, जबकि नेतृत्व उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने किया। बैठक में यूनियन के सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से 12 अप्रैल 2026 को यूनियन का सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए लालदेव सिंह ने बताया कि सम्मेलन में केवल यूनियन के सदस्य ही शामिल होंगे। इसके लिए सदस्यता अभियान तुरंत शुरू कर आठ अप्रैल तक एचईसी क्षेत्र में चलाया जाएगा। मजदूर 50 रुपये देकर सदस्य बन सकता है और सम्मेलन में नए पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव करेगा।

## प्रधानमंत्री सिर्फ अपने मन की बात करते हैं, जनता के काम की बात नहीं : मुंजनी

- कहा, संसद में विपक्ष ने राष्ट्रीय मुद्दों पर कई सवाल उठाए, लेकिन किसी का जवाब नहीं मिला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने रविवार को प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रसारित 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को लेकर रविवार को झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर वरिष्ठ नेताओं तक ने कोना में बैठकर डेढ़ घंटे तक कार्यक्रम सुना। लेकिन, यह विडंबना है कि प्रधानमंत्री अपने पूरे कार्यकाल में सिर्फ अपने मन की बात करते हैं, जनता के काम की बात कभी नहीं करते। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि संसद में विपक्ष द्वारा महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर कई सवाल उठाए गए, परंतु प्रधानमंत्री ने किसी भी सवाल का जवाब देने की जरूरत नहीं समझी। देश जिन गंभीर परिस्थितियों से गुजर रहा है, ईरान, इजरायल और अमेरिका के तनावपूर्ण हालात पर भी प्रधानमंत्री की ओर से अब तक कोई स्पष्ट और सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। इधर, देश में एलपीजी गैस के दामों में भारी बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। शहरों से लेकर गांव तक लोग घंटों लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री और उनके मंत्री 'सोर्सेस' का हवाला देते हुए कहते हैं कि हमारे पास गैस का पर्याप्त भंडार है, तो फिर इतनी लंबी लाइनें क्यों लग रही हैं, जनता परेशान क्यों है? प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री को 'मन की बात' करने से पहले जनता के मन की बात सुनने की जरूरत है, और देश के ज्वलंत मुद्दों पर जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। जनता महंगाई, बेरोजगारी, और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर राहत चाहती है, लेकिन केंद्र सरकार सिर्फ प्रचार, कार्यक्रम और एकतरफा संवाद में व्यस्त है।



## बीजेपी का काम केवल राज्य के विकास कार्यों में अड़ंगा लगाना : लाल किशोर नाथ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी पहले तो मुख्यमंत्री आवास निर्माण की योजना की लागत 100 करोड़ बता रही थी अब जब 67 करोड़ की निविदा प्रकाशित हो गया है तो इतने बड़ा अंतर पर चुप क्यों है ।बीजेपी का काम केवल राज्य के विकास कार्यों में अड़ंगा लगाना और नकारात्मक राजनीति करना रह गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी अर्जुन मुंडा और रघुवर दास सरकार में भी सीएम हाउस में हेलीपैड और नये निर्माण की कोशिश हुई थी। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि राज्य की एक गरिमापूर्ण संस्था है। सुरक्षा मानकों और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अगर किसी सरकारी भवन का निर्माण हो रहा है, तो उसे शीश महल कहना भाजपा की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। क्या भाजपा चाहती है कि झारखंड का नेतृत्व जर्जर भवनों में रहे? कांग्रेस प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि आदित्य साहू गरीबों और अबुआ आवास की बात कर रहे हैं, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि केंद्र की भाजपा सरकार ने ही झारखंड के हक का आवास फंड रोक रखा है।

## स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को आईएमए का समर्थन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आईएमए झारखंड राज्य इकाई ने सीनियर रेसिडेंट और इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड संशोधन की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आयोजित बैठक में आईएमए ने आईएमए जेडीएन झारखंड के आंदोलन को उचित और लंबे समय से लंबित बताते हुए इसे न्यायसंगत ठहराया। आईएमए ने कहा कि बढ़ती महंगाई और चिकित्सा सेवाओं की बढ़ती जिम्मेदारियों को देखते हुए स्टाइपेंड का समय-समय पर पुनरीक्षण जरूरी है। संगठन ने प्रत्येक तीन वर्ष में स्टाइपेंड संशोधन की व्यवस्था को व्यावहारिक और आवश्यक बताया। वर्तमान में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में जूनियर डॉक्टर हर सोमवार को ब्लैक बैज पहनकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आईएमए ने इस लोकतांत्रिक आंदोलन का भी समर्थन किया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार द्वारा समयबद्ध और संतोषजनक समाधान नहीं दिया गया, तो 6 अप्रैल 2026 से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल का समर्थन किया जाएगा। इस आंदोलन को जेएसएचएसए ने भी समर्थन देने की बात कही है। आईएमए झारखंड ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि वे इस गंभीर मुद्दे पर जल्द संवेदनशील और ठोस निर्णय लें।

## एचईसी की समस्याओं को लेकर मजदूर संघ मिला रक्षा राज्य मंत्री से

**रांची।** हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की समस्याओं को लेकर एचईसी मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने रविवार को संघ के महामंत्री रमाशंकर प्रसाद के नेतृत्व में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एचईसी की समस्याओं से मंत्री को जानकारी दी। रमाशंकर प्रसाद ने बताया कि एचईसी लंबे समय से आर्थिक, प्रशासनिक और उत्पादन संबंधी कठिनाइयों से जूझ रहा है। उन्होंने कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान संहिता ने समस्याओं की ओर सेठ का ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल ने सेठ से एचईसी के पुनर्जीवन के लिए ठोस और त्वरित कदम उठाने की मांग की। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने मजदूरों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सरकार इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगी और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## टिटोस रेस्टोरेंट फायरिंग कांड का खुलासा, मुख्य शूटर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** रांची के लोधमा स्थित टिटोस रेस्टोरेंट में हुई फायरिंग और रंगदारी कांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य शूटर सचिन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर 2025 को रेस्टोरेंट मालिक राजकुमार गोप से अपराधी प्रिंस खान गिरोह द्वारा इंटरनेट कॉल के माध्यम से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। राशि नहीं देने पर 7 मार्च 2026 को टिटोस रेस्टोरेंट में फायरिंग करवाई गई, जिसमें एक स्टाफ की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस मामले में एयरपोर्ट थाना में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पूर्व में इस कांड में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ के दौरान मुख्य शूटर के रूप में सचिन यादव की पहचान हुई थी। लगातार छापेमारी के बाद 28 मार्च 2026 को एसआईटी टीम ने सचिन यादव को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना के समय पहने गए कपड़े, एक देशी कट्टा और तीन जिंदा गोलियां बरामद की गई हैं। बरामद हथियारों के संबंध में एयरपोर्ट थाना में अलग से मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी सचिन यादव, धनबाद जिले का निवासी है और उसके खिलाफ हत्या, लूट, रंगदारी समेत कई गंभीर आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। इस कार्रवाई में डीएसपी हटिया प्रमोद कुमार मिश्रा सहित कई थाना प्रभारियों और तकनीकी टीम ने अहम भूमिका निभाई।

## हटिया देवी मंडप में हिन्दू संगम का भव्य आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हटिया देवी मंडप के प्रांगण में हिन्दू संगम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि अद्वैत आश्रम के स्वामी अमृतानंद जी ने हिन्दू समाज के सद्भाव एवं एकता पर आशीर्वचन देकर भेदभाव-रहित समाज निर्माण की प्रेरणा दी। कार्यक्रम संरक्षक सम्मानित पद्मश्री श्री महाबीर नायक जी ने अपने उद्बोधन में हिन्दू धर्म में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी श्रीमंत महाराज जी ने धर्म के माध्यम से समाज निर्माण पर बल दिया। मुख्य वक्ता श्री आशुतोष द्विवेदी जी ने पंच परिवर्तन के पांच आयामों—सामाजिक समरसता, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से राष्ट्र को सुदृढ़, समरस और विकसित बनाने पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में हटिया क्षेत्र की मातृशक्ति, बंधुओं एवं भगिनियों की बड़ी संख्या ने समाज की एकता का जीवंत प्रदर्शन किया। नन्हे बच्चों ने पौराणिक चरित्रों के स्वरूप धारण कर सबका मन मोह लिया, साथ ही स्तोत्र, श्लोक एवं मंत्रों के उद्घोष से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# गरीबों को आवास नहीं, हेमंत सोरेन बनवा रहे शीश महल : आदित्य साहू

- मुगल बादशाहों की तरह शासन कर रहे हैं मुख्यमंत्री सोरेन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने रविवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर हेमंत सरकार द्वारा 100 करोड़ से ज्यादा की लागत का मुख्यमंत्री आवास बनाए जाने का कड़ा विरोध किया। आदित्य साहू ने कहा कि खुद को गरीबों की सरकार का अगुआ कहने वाले मुख्यमंत्री 100 करोड़ रुपए का जो शीश महल बना रहे हैं, वह झारखंड के आदिवासी मूलवासी जनता की गाढ़ी कमाई की फिजूलखर्ची है

साहू ने कहा कि इस संबंध में भवन विभाग ने टेंडर जारी किया है। उसकी कुल लागत 67 करोड़ की है। इसमें इंटीरियर और फर्नीचर का खर्च नहीं जोड़ा गया है। बनते-बनते इसकी लागत 100 करोड़ रुपयों से भी ज्यादा होगी।

शीश महल का टेंडर 2 अप्रैल 2026 को वेबसाइट पर अपलोड होगा। 29 अप्रैल 2026 टेंडर जमा करने की आखिरी तिथि होगी। 30 अप्रैल 2026 को शीश महल का टेंडर खुलेगा। 8 अप्रैल 2026 को प्री बीड बैठक होगी। आदित्य साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुगल काल के बादशाहों की तरह शासन कर रहे हैं। शीश महल में फिजूलखर्ची ऐसी है कि दो करोड़ का फव्वारा, ढाई करोड़ का गार्डन बनेगा।

### सीएम आवास का निर्माण प्रशासनिक जरूरतों से जुड़ा मामला : राकेश

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने रविवार को नए मुख्यमंत्री आवास के निर्माण को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर तंज कसते हुए कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह रवैया पूरी तरह से दोहरा चरित्र को दर्शाता है। जब उनकी सरकारें सत्ता में होती हैं, तब बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स को विकास का प्रतीक बताया जाता है, लेकिन विपक्ष में आते ही वही काम उन्हें फिजूलखर्ची नजर आने लगता है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री आवास का निर्माण कोई व्यक्तिगत विलासिता का विषय नहीं, बल्कि प्रशासनिक जरूरतों और सुरक्षा मानकों से जुड़ा हुआ मामला है। राज्य के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति के लिए एक व्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से लैस आवास आवश्यक होता है, ताकि शासन-प्रशासन सुचारू रूप से चल सके। राकेश सिन्हा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता के असली मुद्दों, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य, गैस की किल्लत से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के अनावश्यक विवाद खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि यदि भाजपा वास्तव में जनहित के प्रति गंभीर है, तो उसे रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए, न कि हर विकास कार्य में बाधा डालने का प्रयास करना चाहिए।

# ट्रेड फेयर में उमड़ी भीड़, इंटरनेशनल स्टॉल बना मुख्य आकर्षण

- **अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट की पूरी रेंज उपलब्ध, थाईलैंड का फुटवेयर भी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में आयोजित ट्रेड फेयर में रविवार को लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। छुट्टी के दिन का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में शहरवासियों ने मेले का रुख किया। ट्रेड फेयर में पहुंचे लोगों ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया और घरेलू उपयोग की वस्तुओं से लेकर सजावटी सामान, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित कई उत्पादों की खरीदारी की। परिवार और बच्चों के साथ पहुंचे लोगों ने खरीदारी के साथ-साथ मनोरंजन का भी आनंद लिया। मेले में लगाए गए स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। खासतौर पर इंटरनेशनल स्टॉल पर लोगों को अधिक भीड़ दिखी।



### 3 हजार से अधिक की खरीदारी पर मिल रहा आकर्षक उपहार

ट्रेड फेयर में तीन हजार रुपये की खरीदारी करने पर एक आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। गिफ्ट काउंटर पर बिल दिखाने के बाद उपहार ले सकते है। वही, कई स्टॉल में उत्पादों पर छूट मिल रहा है। फर्नीचर आइटम पर भी भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। वहीं, किचन में प्रयोग होने वाले 150 से अधिक उत्पाद बिक रहे है।

अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट की पूरी रेंज उपलब्ध है। अफगानिस्तान के स्टॉल पर भी लोग ड्राई फ्रूट्स की खरीदारी करते नजर आए। थाईलैंड का फुटवेयर भी लोगों को भा रहा है। यहां फुटवेयर 700 रुपए में मिल रहा है।

फुटवेयर खरीदने की अधिक भीड़ लड़कियों की हो रही है। बंग्लादेश कि साड़ी भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। यहां साड़ी दो से 10 हजार तक में बिक रहा है।

झारखंड चैंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा इस बार ट्रेड फेयर को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को उम्मीद से कहीं अधिक भीड़ उमड़ी, जिससे यह साफ है कि लोग ऐसे आयोजनों का इंतजार करते हैं। इस मेले में स्थानीय व्यापारियों के साथ-साथ देश-विदेश के विक्रेताओं को भी एक बेहतर मंच मिला है। इससे न सिर्फ व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि शहर के लोगों को एक ही स्थान पर विविध उत्पादों की खरीदारी का अवसर मिल रहा है। आने वाले दिनों में भी हम और अधिक भीड़ और बेहतर कारोबार की उम्मीद कर रहे हैं।

महासचिव रोहित अग्रवाल ने कहा कि ट्रेड फेयर को लेकर लोगों में लगातार उत्साह बढ़ रहा है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंच रहे हैं और स्टॉलों पर अच्छी खरीदारी कर रहे हैं। खासकर रविवार को उम्मीद से अधिक भीड़ रही, जिससे व्यापारियों में भी काफी उत्साह है।

## श्री हनुमान मंडल का 48वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री हनुमान मंडल द्वारा आयोजित एक दिवसीय 48वां वार्षिक महोत्सव श्री राणी सती मंदिर परिसर के हनुमान बक्स पोद्दार सत्संग भवन के सभागार में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव की शुरुआत प्रातः 7 बजे श्री गणेश पूजन से हुई। इसके उपरांत सुबह 8:30 बजे श्री बालाजी महाराज की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके साथ ही सुरेश बजाज के सानिध्य में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों बालाजी भक्तों ने एक स्वर में सहभागिता निभाई।

## नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वाले कई लोग जेल भेजे गए

**रांची।** वाहन नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ रांची ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक इस मामले में कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कुछ आरोपियों को जेल भी भेजा गया है। हाल के दिनों में शहर के पुनदाग, खेलगांव और टाटीसिलवे थाना क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों पर लूट की कई घटनाएं हुई थीं। जानकारी के अनुसार, जांच में यह बात सामने आई कि अपराधियों ने जिन वाहनों का इस्तेमाल किया, उनकी नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की गई थी या कई मामलों में नंबर प्लेट गायब थी। इससे सीसीटीवी कैमरों में उनकी पहचान नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार, इस मामले में बीते दो-तीन महीनों में 10 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। चार लोगों को जेल भेजा गया है। वहीं, करीब 50 वाहनों को जब्त कर कोर्ट में कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

## वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए सशक्त कानूनी ढांचा जरूरी : डॉ. अशोक

- **एनयूएसआरएल में आयोजित सेमिनार में वृद्धावस्था के अधिकार और समस्या पर हुई चर्चा**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची में रविवार को दो दिवसीय सेमिनार का समापन हुआ। 'जेरियाट्रिक ज्यूरिसप्रूडेंस : गरिमामय वृद्धावस्था के लिए अधिकार-आधारित दृष्टिकोण' विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का 28 एवं 29 मार्च 2026 को सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार में विधि विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, नीति-निमार्ताओं तथा प्रैक्टिशनरों ने भाग लेकर वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

सेमिनार का उद्घाटन सत्र संयोजक डॉ अरविंद साहू के स्वागत भाषण के साथ हुआ। वहीं, सह-संयोजक डॉ सौम्यजीत मुखोपाध्याय ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत शनिवार को पंजीकरण के साथ हुई थी। इसके बाद प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक सौरभ सरकार की फिल्म 'निभृतोचारी' का प्रदर्शन किया गया, जिसमें सकारात्मक वृद्धावस्था की अवधारणा को प्रस्तुत किया गया। एनयूएसआरएल के कुलपति प्रो (डॉ) अशोक आर पाटिल ने अपने संबोधन में वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सशक्त कानूनी ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शिवशंकर अमरन्नवर ने जेरियाट्रिक देखभाल के बदलते कानूनी आयामों तथा न्यायिक संवेदनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता तान्या सेनगुप्ता ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए भारत सरकार की पहलों, जैसे राष्ट्रीय वृद्धजन नीति एवं माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण व कल्याण अधिनियम, 2007 पर प्रकाश डाला। सेमिनार के विभिन्न सत्रों में स्वास्थ्य संबंधी अधिकार, होम केयर सेवाएं और पालीएटिव केयर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर डॉ अभिजीत दाम ने विचार प्रस्तुत किए। तकनीकी सत्रों में उत्तराधिकार, वसीयत संबंधी अधिकार तथा संपत्ति विवाद जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने गहन चर्चा की।

# स्कूलों को मान्यता के लिए आठ अप्रैल तक आवेदन करना जरूरी

- **गैर मान्यता प्राप्त निजी व गैर सरकारी विद्यालयों के लिए रांची जिला प्रशासन ने जारी किया निर्देश**
- **नियमों के उल्लंघन पर विद्यालय बंद करने की होगी कार्रवाई, विभागीय पोर्टल पर करें आवेदन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने गैर मान्यता प्राप्त निजी और गैर सरकारी स्कूलों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। विभाग के सचिव के निर्देश के अनुसार, राज्य के सभी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय, जहां कक्षा 1 से कक्षा 8 तक शिक्षण कार्य संचालित है, उन्हें झारखंड निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली, 2011 (संशोधित 2019 एवं 2025) के प्रावधानों के अनुरूप अनिवार्य रूप से मान्यता प्राप्त करना है।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के निर्देश के आलोक में रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिला के सभी संबंधित विद्यालय प्राचार्य/प्रबंधन समिति/संचालकों को निर्देशित किया है कि वे विभागीय पोर्टल एचटीटीपीएसः//आरटीई.झारखंड.जीओवी.इन पर जाकर अपने विद्यालय का पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन पत्र 08 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें। विद्यालयों की सुविधा के लिए यूजर मैनुअल एवं मान्यता प्रमाण-पत्र का प्रारूप भी उक्त पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है। यह आदेश सभी गैर मान्यता प्राप्त निजी/गैर सरकारी विद्यालयों पर लागू होगा, जहां कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाई हो रही है। सभी विद्यालय प्रबंधन को समय-सीमा के भीतर आवेदन पूर्ण रूप से भरकर जमा करना होगा। आवेदन में आधारभूत संरचना, योग्य शिक्षक, छात्र नामांकन, सुरक्षा व्यवस्था और शौचालय एवं पेयजल सुविधा को सही एवं अद्यतन रूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा।

यदि किसी विद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाता है, या विद्यालय निर्धारित मानकों/शर्तों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो अधिसूचना संख्या 1291, 11 मई 2011 की कंडिका-12(6) के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय को बंद भी किया जा सकता है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी विद्यालय संचालकों एवं प्राचार्यों से अपील की है कि वे इस निर्देश को गंभीरता से लें।

## बीआईटी मेसरा ने अपने वार्षिक फ्लैगशिप बिजनेस इवेंट 'बीट्रिक्स' का किया समापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा का प्रबंधन अध्ययन विभाग गर्व के साथ अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट, 'बीट्रिक्स' के सफल समापन की घोषणा किया। जो आज आधिकारिक तौर पर संपन्न हुआ। इस शानदार बिजनेस और मैनेजमेंट फेस्टिवल में चार कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले इवेंट शामिल थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागी छात्रों के रणनीतिक, विश्लेषणात्मक और रचनात्मक कौशल का परीक्षण किया। पूरे कार्यक्रम की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई थी और विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार झा के दूरदर्शी मार्गदर्शन में इसे त्रुटिहीन रूप से क्रियान्वित किया गया, जिनके नेतृत्व ने पूरी यात्रा के दौरान आयोजन समिति को प्रेरित किया।


## सतपुरुष का सबसे बड़ा धन उनका श्रेष्ठ कर्म : ब्रह्माकुमारी निर्मला

**रांची।** ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्थान चौधरी बगान, हरमू रोड में कहा कि सतपुरुष का सबसे बड़ा धन उनके श्रेष्ठ कर्म ही है। वे अपने सदव्यवहार, विनम्रता तथा परोपकारों से पुण्यलाम प्राप्त करते रहते हैं। इसके फलस्वरूप उन्हें परमात्मा से अद्धैत सुख मिलता है। उन्होंने कहा नई सृष्टि, सुखमय सृष्टि की रचना नये संकल्पों व विचारों से होती है। नये विचार सृष्टि के रचयिता परमपिता परमात्मा से प्राप्त होते हैं। आज मानव अनेक प्रकार के पुराने विचारों तथा समस्याओं से घिरा हुआ है तथा स्वयं को कलह क्लेशों से घिरा हुआ पा रहा है। उसका यह क्लेश तभी दूर होगा जब वह संसार के भले के लिये कुछ नया सोचेगा। नये संकल्प यदि सामाजिक हो तो समाज का उत्थान होता है राजनीतिक हो तो शासन व्यवस्था का उत्थान होता है तथा आध्यात्मिक हो तो मानव की आत्मा का उत्थान होता है। ब्रह्मा को नई सृष्टि का रचयिता कहा जाता है। परमात्मा ब्रह्मा, विष्णु तथा शंकर आदि देवताओं को सृष्टि की स्थापना, पालन व पतित सृष्टि के विनाश के लिए रचते हैं। ऐसी बात नहीं कि महाविनाश के बाद सभी बीजों के नष्ट हो जाने से नया बीज प्राप्त करना मुश्किल है।



## रांची के 'लॉड्र्स ऑफ ड्रिंक्स' बार में पुलिस ने की छापेमारी

**रांची।** राजधानी रांची में शनिवार की देर रात पुलिस ने 'लॉड्र्स ऑफ ड्रिंक्स' बार में छापेमारी की। बताया जाता है कि इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को कोई आपत्तिजनक सामग्री या अवैध गतिविधि के सबूत नहीं मिले। जानकारी के अनुसार, पुलिस को शिकायत मिली थी कि बार में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है। साथ ही, ग्राहकों को ड्रग्स उपलब्ध कराने और अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्तता की आशंका जताई गई थी। इन सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने बार के स्टॉक की जांच की और लाइसेंस से जुड़े दस्तावेजों का भी सत्यापन किया। इसके अलावा, वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की गई और सुरक्षा के मद्देनजर सभी को घर जाने के निर्देश दिए गए। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को कहा कि पुलिस को देर रात तक डीजे बजाने और अवैध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। इसी के आधार पर टीम मौके पर पहुंची और सभी पहलुओं की गहन जांच की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि छापेमारी के दौरान कोई भी संदिग्ध या अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।




### आज / कल




## कामदा एकादशी पर श्री श्याम मंदिर में भव्य आयोजन, भक्ति में झूमे श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में कामदा एकादशी के अवसर पर रविवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। मंदिर में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब और तुलसी दल की मालाओं से उनका मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही बजरंगबली और शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से पावन ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें "तुझको रिझाएंगे", "खूब सज्यो श्रृंगार खाटू वाले को", "छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को मेवा, फल, खीर-चूरमा और केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# कल से 3 दिन तक हल्की व मध्यम बारिश की चेतावनी, यलो अलर्ट जारी

- **पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आ रहा है। कहीं तेज धूप से गर्मी का असर है, तो कहीं बारिश के कारण लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। पिछले दो-तीन दिनों तक रांची में हुई बारिश के बाद अब तेज धूप निकल रही है, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में अभी भी बारिश की स्थिति बनी हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य के कई इलाकों में गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है। 31 मार्च को उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर लगभग पूरे राज्य में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं 2 अप्रैल को दक्षिणी जिलों और उससे सटे मध्यवर्ती क्षेत्रों में गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही इन इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सबसे अधिक रहा, जबकि गुमला में न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप खिली रही, जिससे दोपहर में लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। रांची में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य प्रमुख शहरों की बात करें, तो जमशेदपुर में अधिकतम 34.3 और न्यूनतम 24.4 डिग्री, डाल्टनगंज में 36.8 और 20.7 डिग्री, बोकारो में 33.5 और 20.6 डिग्री, चाईबासा में 36.4 और 22.6 डिग्री, खूंटी में 32.2 और 18.5 डिग्री, पाकुड़ में 26.6 और 19.7 डिग्री तथा गुमला में 33.4 और 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में श्री महावीर मंडल छोटा नागपुर क्लब को प्रथम व शिव शक्ति बजरंग दल संघ को द्वितीय पुरस्कार



नवीन मेल संवाददाता

**पिठोरिया।** श्री श्री महावीर मंडल पिठोरिया के तत्वाधान में आयोजित अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुई। इस भव्य आयोजन के दौरान विभिन्न अखाड़ों से आए प्रतिभागियों ने तलवार, भाला, गदा, धनुष-बाण और लाठी जैसे पारंपरिक हथियारों के संचालन का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शनिवार देर रात तक चले इस कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मंडल के अध्यक्ष कृष्णा नायक ने सभी अखाड़ाधारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राम भक्तों ने जिस अटूट उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है, वह सराहनीय है,और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि अगले वर्ष भी इसी ऊर्जा के साथ आयोजन सफल होगा। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी विजय कुमार गोप ने बताया कि चुटिया श्री महावीर मंडल छोटा नागपुर क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ा शील्ड, मेडल, तलवारें और नकद पुरस्कार अपने नाम किया। शिव शक्ति बजरंग दल संघ को द्वितीय पुरस्कार के रूप में बड़ा शील्ड, तलवार और नकद राशि प्रदान की गई। वहीं तीसरे स्थान पर श्री श्री बजरंग दल ज्योति क्लब चटकपु र रहा, जिसे शील्ड व तलवार देकर सम्मानित किया गया। चौथे स्थान पर न्यू रंगारंग झीमी समिति इरगु टोली मधुकम राँची तथा पांचवें स्थान पर पवन पुत्र क्लब चचगुरा रहे, जिन्हें शील्ड, ढाल और तलवार के साथ नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही अस्त्र शस्त्र चालू में प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद तलवार देकर सम्मानित किया गया।

## महुआ चुनने के दौरान वृद्धा को जंगली हाथी ने कुचला, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के जमनी महुआ टोली निवासी 63 वर्षीया वृद्ध महिला एतवारी देवी पति स्वर्गीय भैरो उरांव को महुआ चुनने के दौरान बोदा और जमनी गांव के सीमावर्ती जंगल में जंगली हाथी ने पैर से धक्का मारकर घायल कर दी दिया सौभाग्य से महिला की जान बच गई लेकिन उसके पैरों एवं कमर व पंजरा में गंभीर चोटें आईं हैं। उसके साथ महुआ चुनने के लिए जाने वाली दूसरी वृद्ध महिला झुकी मुंडाईन ने भागकर अपनी जान बचायी। ग्रामीणों की मदद से डालसा के पीएएलवी बोदा निवासी समाजसेवी दिनेश प्रमाणिक और सरियन बरला ने टेम्पो में लादकर घायल एतवारी देवी को बेडो. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सूचना मिलने पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, वनरक्षी सुभाष चन्द्र प्रमाणिक, संजय भगत,मुरारी सेन गुप्ता, प्रभात टोप्पो सहित कई लोग मौके पर पहुंचे।

## टोल प्लाजा के पास कार पलटी, घायल महिला चालक को रांची पहुंचाया गया



**मांडर।** एनएच 75 पर मांडर टोल प्लाजा के पास एक महिला कार चालक ने डिवाइडर में टक्कर मार दी जिससे अगला टायर फट गया और गाड़ी उलट गई जिससे लोगों के बीच अफरा तफरी मच गई ।

टोल प्लाजा के प्रबंधक अभिषेक साहू ने बताया कि घायल महिला का तत्काल इलाज कराया गया और भाड़े की गाड़ी से उन्हें रांची घर तक भिजवाया गया। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को हाइड्रा से तो टोचन कर मरम्मत के लिए भेजा गया। उसे नुकसान पहुंचा है।

## रामोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के धोबी सोसो गांव रविवार को रामोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लियाकार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण सिंह ने किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विकास कुमार निराला ने रामायण काल से लेकर महाभारत युग और वर्तमान समय की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## भगवान राम का जन्मोत्सव कार्यक्रम दो अप्रैल तक मनेगा




**सिल्ली।** रविवार के दिन बाउल डेरा राधा माधव आश्रम में विश्व हिन्दू परिषद सिल्ली प्रखंड प्रमुख कंचन सोनार की अध्यक्षता में राम जी के जन्म उत्सव पर संघ के द्वारा वार्षिक राम उत्सव 18 मार्च से 2 अप्रैल तक पूरे भारत में मनाया जा रहा है उसी के निमित प्रान्त प्रमुख के दिशानुसार सिल्ली प्रखंड में राम उत्सव मनाया गया, साथ में पथ संचालक राधा माधव आश्रम से काली मंदिर से आश्रम तक किया गया। साथ में भजन... और प्रान्त सत्संग प्रमुख श्री गणेश शंकर बिद्यार्थी द्वारा बौद्धिक किया गया। हिन्दू संगठन को मजबूत बनाने, नये लोगों को हिन्दू रक्षा के लिए विश्व हिन्दू परिषद में जोड़ने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने सिल्ली प्रखंड मंत्री शिवलाल महतो, उपाध्यक्ष ऋषिकेश सोनार, सुधीर साहू, पूर्णकलिक अरुणा पाण्डेय, मातृ शक्ति प्रमुख सविता पोद्दार, आचर्या कौशलिया देवी, रीना देवी, देविबाला देवी, संतोषी देवी, अनीता देवी, मीनाक्षी देवी, नैना देवी, पुनम देवी, प्रदीप विश्वकर्मा, चन्दन गोस्वामी, अमित महतो, ललित प्रसाद, पवन कुमार गोस्वामी, महादेव बड़ाईक, आश्रम के पुजारी, अभय साहू आदि कार्यकर्त्ता ने भाग लिया।

### खलारी में मसीही विश्वासियों ने श्रद्धा के साथ मनाया खजूर पर्व

# पाम संडे के साथ ही महान सप्ताह की शुरुआत होती है : फादर हिलारियुस

- सभी मसीही विश्वासियों ने चर्च परिसर में मां मरियम के समक्ष खजूर की डालियों के साथ सामूहिक प्रार्थना की

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** खलारी में मसीही विश्वासियों ने रविवार को खजूर पर्व (पाम संडे) श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर सुबह मसीही विश्वासी खजूर की डालियां लेकर आदर्श उच्च विद्यालय मैदान पहुंचे, जहां फादर हिलारियुस, फादर आस्कर टोप्पो एवं फादर आर्थर द्वारा खजूर डालियों को आशीष प्रदान किया गया। इसके बाद श्रद्धालु हाथों में खजूर की डालियां लहराते हुए जुलूस की शक्ल में चर्च पहुंचे और विधिवत प्रवेश किया। खलारी चर्च में फादर आर्थर द्वारा मिस्सा पूजा संपन्न कराई गई, जिसमें फादर हिलारियुस एवं फादर आस्कर टोप्पो भी उपस्थित थे। फादर आस्कर टोप्पो ने अपने संदेश में कहा कि पाम संडे के साथ ही विश्वासियों के लिए सबसे पवित्र और महान सप्ताह की शुरुआत होती है। यह पवित्र सप्ताह का पहला दिन तथा ईस्टर पर्व से पहले का रविवार है, जिसे प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम आगमन की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने सभी को प्रभु यीशु के प्रेम, त्याग और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

वहीं फादर हिलारियुस ने कहा कि पाम संडे मसीही विश्वासियों के लिए विशेष महत्व रखता है। यह दिन होली वीक की शुरुआत का प्रतीक है, जो आगे चलकर ईस्टर पर्व तक पहुंचता है। खजूर की पत्तियां शांति, विजय और सम्मान का प्रतीक मानी जाती हैं तथा श्रद्धालु इनके माध्यम से प्रभु यीशु के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। मिस्सा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के समापन पर सभी मसीही विश्वासियों ने चर्च परिसर में मां मरियम के समक्ष खजूर की डालियों के साथ सामूहिक प्रार्थना की। इस अवसर पर सिस्टर दिव्या, जेवियर तिग्गा, रोबिन एक्का, पारस अमित खलखो, बासिल लकड़ा, प्रकाश कुजूर, ज्ञान कुजूर, मरियानुस किंडो, गाजा रुण्डा, पाल तिग्गा, बिनोद टोप्पो, सी कुजूर, नीलम टोप्पो, नेली एक्का, रजनी, ज्योति कुजूर, तेरेसा कुजूर, सरोज डूंगडूंग, प्रफुलित बोदरा, स्टेला एक्का, नान्हो मिंज, सोसन बाड़ा, एंजेला तिग्गा, मोनिका किसपोट्टा, राधा मिंज, प्रभा तिर्की, मटिलड़ा, रंजन तिर्की, राय मैथ्यु, इशिता लकड़ा, अलबिना भेंगरा, प्रफुल कुजूर, इनोसेंट कुजूर, जेम्स कुजूर, अमरदीप टोप्पो, मुकेश तिर्की, जयस मिंज, अर्ष अर्पित किसपोट्टा, नरेश करमाली, उजाला लकड़ा सहित बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

## पहली अप्रैल से तीन दिवसीय विशु शिकार का शुभारंभ

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड का ऐतिहासिक तीन दिवसीय विशु शिकार (विशु सेंदरा) का शुभारंभ पहली अप्रैल से शुरू होगी वहीं इसके लिए सोमवार को सभी गांवों के लोगों को गुड़ वितरित कर सभी गांवों को आमंत्रित किया जाएगा। इसे लेकर रविवार को बेडो.के बारीडीह पड़हा बगीचा में बारह एवं इक्कीस पड़हा के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक एतवा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन संयुक्त रूप से 12 पड़हा राजा विशाल उरांव एवं 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर ने किया। इस मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 30 मार्च को गुड़ का वितरण कर गांवों को उनके झंडे, चूल्हे, पारंपरिक हथियारों एवं गाजा बाजा एवं जाल सहित आमंत्रित किया जाएगा। वहीं 31 मार्च को हरिहरपुर जामटोली पहाड़ के नीचे पारंपरिक रूप से पाहन पुजार द्वारा पूजा कर शिकार की सफलता के लिए प्रार्थना किया जाएगा।

सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार विशु सेंदरा एक अप्रैल को पाईंत लगाकर प्रत्येक गांव के सभी पुरूषों को शिकार के लिए सुबह रवाना होना है। भाग नहीं लेने वालों के ऊपर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

## खराब चापाकल की मरम्मत के लिए मजदूर नेता ने दी सहायता, ग्रामीणों ने जताया अभार



**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत राय रेलवे स्टेशन के निकट लंबे समय से खराब पड़े चापाकल की मरम्मत के लिए मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने अपनी ओर से 22 हजार रुपए नगद सहयोग प्रदान किया। बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा लगाया गया यह चापाकल काफी समय से खराब पड़ा था, जिससे स्थानीय लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को इसकी सूचना दी, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई पहल नहीं की गई। बढ़ती गर्मी और पानी की समस्या को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व जिप सदस्य सह मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी को स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि चापाकल की मरम्मत में लगभग 22 हजार रुपए खर्च आएगा। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए अब्दुल्ला अंसारी ने राय स्टेशन गए और तत्काल सहयोग करते हुए अपनी ओर से पूरी राशि उपलब्ध कराई, ताकि चापाकल की मरम्मत कर जल्द पेयजल व्यवस्था बहाल की जा सके। इस पहल के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने मजदूर नेता के प्रति आभार व्यक्त किया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिवार में शोक

**सिल्ली।** मुरी ओपी अंतर्गत फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय स्थित सरकारी क्वार्टर में शनिवार देर रात सिल्ली अंचला अधिकारी अरुणिमा एक्का के प्राइवेट चालक राजकुमार गोंझू (35) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रात लगभग 12 बजे से 1 के बीच की बताई जा रही है। रविवार सुबह मुरी ओपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स,रांची भेज दिया। बताते चले कि राजकुमार लंबे समय से पारिवारिक कलह और आर्थिक दबाव के बीच जूझ रहा था। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते थे, जिसके चलते दोनों एक ही क्वार्टर में अलग-अलग कमरों में रहने को विवश थे। आशंका जताई जा रही है कि लगातार तनाव ने उसे यह खौफनाक कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब उसके छह वर्षीय पुत्र ने रात में शोर मचाया। बच्चे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कमरे का दृश्य देखकर सन्न रह गए। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि संभवतः मृतक किसी मानसिक तनाव में था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।इस बीच यह भी जानकारी सामने आई है कि राजकुमार ने हाल ही में सिंगपुर मौजा में 5 डिसमिल जमीन खरीदने के लिए करीब 2 लाख रुपये नकद भुगतान किया था।रविवार को जमीन की मापी होनी थी, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित था। शनिवार शाम वह अपने दोस्तों को पुरी जाने के लिए मुरी स्टेशन छोड़ने गया था, लेकिन जमीन की मापी को प्राथमिकता देते हुए उनके साथ नहीं गया।सोसोबेड़ा गांव निवासी राजकुमार अपने परिवार का मुख्य सहारा था। चार बहनों के बीच वह इकलौता भाई था और मजदूरी व ड्राइवरी कर पूरे परिवार का भरण-पोषण करता था।

## सड़क हादसे में करांजी के युवक की मौत

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र में एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। करांजी से अपने घर लौट रहे सहिद अंसारी की रतनटोली के पास हुई भीषण दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा 28 मार्च 2025 को उस समय हुआ, जब वे अपने ससुराल से भोगला टोली स्थित घर वापस आ रहे थे।

बताया जाता है कि हादसा इतना भीषण था कि सहिद अंसारी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस आकस्मिक दुर्घटना ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां पलभर में छीन लीं। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में मातम पसर गया। आसपास के क्षेत्रों में भी शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को दोपहर करीब चार बजे सहिद अंसारी का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया गया।

अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, परिजन और शुभचिंतक शामिल हुए। हर आंख नम थी और हर दिल दुख से भरा हुआ था। लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

# एनके एरिया में सरहुल महोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया सरना समिति के तत्वावधान में डकरा में सरहुल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डकरा स्थित सरना स्थल पर पाहन शिवचरण गंझू द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना की गई। पूजा के उपरांत विभिन्न गांवों से पहुंचे खोड़हा टीमों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा महाप्रबंधक कार्यालय के समीप मुख्य सड़क से होते हुए केडीएच सरना क्लब पहुंची, जहां सरहुल गीत एवं पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालचंद विश्वकर्मा ने की। मुख्य अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया पुतुल देवी, मुखिया ललिता देवी, मुखिया दीपमाला कुमारी, मुखिया सुनीता देवी, कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी, मुखिया शांति देवी, रैविमो प्रवक्ता रामलखन गंझू, देवपाल मुंडा, अशोक लकड़ा, रामचंद्र उरांव, नरेश गंझू, बाजो देवी, मुन्ना देवी, उदय सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। संचालन रंथू उरांव एवं सूरज मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विभिन्न टीमों द्वारा आकर्षक पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर कन्हाई पासी, प्रभाकर गंझू, अमर भोगता, राजकुमार उरांव, राजकुमार मुंडा, महेंद्र भोगता, रूपलाल गंझू, नुन्दन गंझू, विनोद तुरी, राहुल तुरो, शंकर तुरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी की शोभायात्रा में पथराव के विरोध में आज से अनिश्चिकालीन खूंटी बंद का आह्वान

**खूंटी।** जिले के मुरहू में रामनवमी की शोभायात्रा में पथराव और उसके दूसरे दिन शनिवार को दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद पुलिस द्वारा हिंदू समुदाय के कुछ लोगों को हिरासत में लिए जाने के विरोध में केंद्रीय रामनवमी महासमिति खूंटी और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने रविवार 30 मार्च से अनिश्चितकालीन खूंटी जिला बंद का आह्वान किया है।

**कार्यक्रम** | सरहुल मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# सरहुल आदिवासियों का प्रकृति पर्व है: छोटेलाल बेदिया

- कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही

नवीन मेल संवाददाता



**मुरी।** रविवार के दिन संध्या में रेलवे आदिवासी परिवार,मुरी शाखा द पू रेलवे के तत्वावधान में सरहुल बागान (मुरी रेलवे हॉस्पिटल के सामने) में "सरहुल मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की समृद्ध परंपरा, संस्कृति एवं प्रकृति-पूजा के प्रतीक सरहुल पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर छोटेलाल बेदिया ने कहा कि सरहुल आदिवासियों का का प्रकृति पर्व है जो सभी मिलकर मनाते हैंञ यह आयोजन डॉ. झरिया कच्छप के मार्गदर्शन में कुसुम मुंडा, डी.के. बड़ाइक, विशुन हेमरोम, निरंजन बाघवार, एलिजाबेथ जोसेफ, अरुण कुमार भगत, रतन साउंड, बलबीर सिंह, शिबू पहान,अशिम तिर्की, एस.ए. एक्का, एम.पी. तिर्की, आनंद तिर्की, अशिम तिर्की, अमित कुजूर, एम एल मांझी, प्रकाश उरांव, सहित अन्य जुझारू कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हटिया, रांची से कार्यक्रम की सफलता में एस.सी./एस.टी. एसोसिएशन के मंडल सचिव विनोद उरांव एवं सदस्यों - हेमलाल लकड़ा, रवि तिर्की, रमेश महली, सकलू उरांव, चुलवा उरांव, प्रदीप तिर्की, लालदेव उरांव, आर.के. उरांव, डी.एस. मुंडा, अरुण खलखो, अमर तिर्की, ए.जे. किंडो,भूषण मिंज, छोटेलाल बेदिया आदि का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसमें उर्सलाइन स्कूल की प्रिंसिपल सरिता सिस्टर्स बोदरा, सिस्टर्स एवं छात्र-छात्राओं का दल, हिंदी मीडियम स्कूल छात्रा, अंग्रेजी मीडियम छात्रा, केंद्रीय सरना समिति (सिल्ली) अध्यक्ष गंदुरा उरांव, मांगरा पहान, भवानी मुंडा, नलिन मुंडा, बिरसा उरांव, एतवा उरांव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाचार मीडिया प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही।इस अवसर पर मुख्य सहायक मंडल अभियंता मुरी,रांची मंडल, विशिष्ट अतिथि, एम. मिंज आरपीएफ प्रभारी, प्रिंसिपल सिस्टर्स सरिता बोदरा एवं समस्त सिस्टर्स की टीम एवं अन्य गणमान्य अतिथियों मुरी स्टेशन प्रबंधक, स्टेशन मास्टर, यार्ड मास्टर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के संचालन निरंजन बाघवार ने किया। कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सामूहिक सरहुल मिलन के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की गई।

## ककरिया मंडा के दूसरे दिन देर रात भगतों ने दी अग्नि परीक्षा

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया शिव मंडा के दूसरे दिन रविवार की रात आठ बजे से धुंआ सुंआ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भगताओं की पवित्रता एवं शुद्धि करण के लिए आग के ऊपर एक एक कर सभी भगताओं को सिर के बल पर झुलाया गया। बतौर मुख्य पुजारी सुरेश देवघरिया के नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भगताओं ने भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति एवं निष्ठा दिखायी। इस मौके पर भगताओं ने अपने इंद्रियों पर नियंत्रण रखकर अग्नि परीक्षा में हिस्सा लिया। वहीं देर रात से सुबह तक फूलखूंदी के दौरान भगताओं ने नंगे पैर दहकते अंगारों पर चलकर दूसरी परीक्षा भी दी। फूलखूंदी के दौरान भगताओं ने शिव की उपासना का पर्व शिव मंडा के दौरान अपनी श्रद्धा एवं अटुट भक्ति को प्रमाणित कर दिखाया। इस मौके पर आयोजक वनबिहारी साहु, प्रदीप कुमार साहु, अनिल कुमार साहु, सुमित कुमार, प्रवीण कुमार, विपिन कुमार जयसवाल,चितरंजन कुमार, राहुल कुमार, शुभम कुमार, सुदर्शन कुमार, प्रभात कुमार, समीर गुप्ता, पुजारी सुरेश देवघरिया, पटभक्ता रंजीत लोहरा, कुदुल साहु, उदय साहु, नंदलाल साहु, अमित कुमार साहु, उमेश कुमार, अशोक नायक, सुभाषचन्द्र साहु, गंगाधर साहु, ब्रजबिहारी साहु, सुधीर चंद्र साहु, लक्ष्मी नारायण साहु, सनातन साहु, राहुल सेन, रोहित कुमार, शिवनारायण वर्मा, देवेंद्र वर्मा, पूर्व मुखिया बांदे हेरेंज, वर्तमान मुखिया बिरसमणी देवी, समाजसेवी शिव कुमार सिंह सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### महिला साइक्लिस्ट आशा मालवीय भारत भ्रमण के दौरान पहुंची रामगढ़

# महिला साइक्लिस्ट को एसपी ने किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राष्ट्रीय स्तर की एंड्योरेंस साइक्लिस्ट, पर्वतारोही एवं प्रेरक खिलाड़ी आशा मालवीय मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के एक छोटे से ग्राम की निवासी हैं। वे 100 एवं 200 मीटर दौड़ की राष्ट्रीय स्तर की एथलीट रह चुकी हैं तथा पर्वतारोहण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करते हुए बी.सी. रॉय (20,500 फीट) एवं तेनजिंग खान (19,500 फीट) शिखरों पर सफल आरोहण कर चुकी हैं। साथ ही वे नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। साइक्लिंग के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ 26,000 किलोमीटर की सम्पूर्ण भारत साइक्लिंग यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कन्याकुमारी से कारगिल–सियाचिन–उमलिंगला (19,024 फीट) होते हुए दिल्ली–भोपाल तक की कठिन साइक्लिंग यात्रा भी पूर्ण की है। साथ ही मध्य प्रदेश साइक्लिंग यात्रा (लगभग 4,000 किलोमीटर) भी सफलतापूर्वक पूरी कर चुकी हैं। एक साधारण परिवार से आने वाली आशा मालवीय के परिवार में उनकी माताजी हैं, जो मजदूरी कर परिवार का सहयोग करती हैं। भारतीय सेना के सम्मान में 78वें भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में वे 11 जनवरी को जयपुर से इस विशेष अभियान के लिए रवाना हुई थीं। यह अभियान भारत के पश्चिम से पूर्व दिशा में अरुणाचल प्रदेश के कीबिथू लगभग 7,800 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पूर्ण किया जाएगा। अब तक वे 5,200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर रामगढ़ तक पहुँच चुकी हैं। पूर्व में भी वे अपने विभिन्न अभियानों के माध्यम से 64,000 किलोमीटर से अधिक की साइक्लिंग यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने देश के लाखों युवाओं एवं महिलाओं को प्रेरित किया तथा महामहिम राष्ट्रपति, तीनों सेनाओं के सेनाध्यक्ष, 28 राज्यपालों, 26 मुख्यमंत्रियों एवं अनेक वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। वे निरंतर युवाओं, विशेषकर युवतियों को अपने सपनों का साहसपूर्वक अनुसरण करने एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित कर रही हैं। देश के विविध एवं चुनौतीपूर्ण भूभागों में हजारों किलोमीटर की उनकी साइक्लिंग यात्राएँ उनके धैर्य, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

## प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में लगा रक्तदान जागरुकता शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** सितागड़ा स्थित प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन और महाविद्यालय के प्राचार्य फादर पीजे जेम्स ने किया। सैकड़ों शिक्षकों और विद्यार्थियों ने आगामी रक्तदान शिविर में भाग लेने का आश्वासन दिया। हजारीबाग प्रतिनिधिशनिवार को सितागड़ा स्थित प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य फादर पीजे जेम्स के द्वारा किया गया। महाविद्यालय द्वारा निर्मल जैन को पुष्प गुच्छ व स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया।

शिविर में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने आगामी 30 मार्च को महाविद्यालय में लगने वाले शिविर में रक्तदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही जो इस जागरूकता शिविर को करने के लिए अथक मेहनत करने वाले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फादर पीजे जेम्स ने महाविद्यालय में साल में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन करने का आश्वासन दिया। शिविर में न केवल महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी थे। बल्कि अन्य शिक्षण संस्थान के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। जिनमे शिक्षक प्रशिक्षण अभ्यास मध्य विद्यालय, सीतागढ़ की प्रधानाध्यापिका सिस्टर अनिमा तिग्गा एवं अन्य शिक्षिकाएं, संत स्तनिसलास महाविद्यालय के फादर अनिल आइंदा, फादर विनोद सोरेन एवं अन्य ब्रदर्स उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### डीपीएस गंगपाचो में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित, प्रतिभा को मिला सम्मान



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया ।परीक्षा में बेहतर करने वाले बच्चों के चेहरे परिणाम प्रकार खिल उठे, तत्पश्चात उन्हें पुरस्कार से नवाजा गया। अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल डायरेक्टर डॉ इंद्रदेव प्रसाद भारती ने सभी अभिभावकों को मुबारकबाद दी। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नई शिक्षा विधि ,अधिक मेहनत और लगन के साथ काम करने की प्रेरणा दी ।वहीं विद्यालय प्राचार्य सायन मुखर्जी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पढ़-लिखकर अच्छी नौकरी पा लेना ही नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान, अंदर से अच्छा व्यक्तित्व और समाज व देश के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार होना है। बच्चे एक लक्ष्य तय कर उसे प्राप्त करने की दिशा में पूरी लगन, मेहनत,पूर्ण क्षमता व निरंतरता के साथ आगे बढ़ें व राष्ट्र-निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएं। कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत ,उनके माता-पिता और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। सम्मानित होने वाले छात्रों में आदित्य प्रसाद, संजना कुमारी, इशिका कुमारी, नताशा चौधरी, आरोही गुप्ता, अभी राजकुमार, शिवम पंडित, ऋषिका कुमारी, नीतिका गुप्ता, रुचि कुमारी, वर्षा रानी कुमारी, ओम कुमार, आसरीन खातून, पलक कुमारी, आदित्य कुमार,अकीदा खातून, सतीश कुमार, प्रवीण यादव, तुष्टि अजय मोदी, राजकुमार, शिवानंद कुमार, अंकित कुमार, रंजू कुमारी, रुक्मणी कुमारी आदि हैं।

### श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष ने सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया



**रामगढ़।** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर बताया कि रामगढ़ का इस बार रामगढ़ में रामनवमी ऐतिहासिक अद्भुत आकर्षक था और राम का गढ़ रामगढ़ रामनवमी में पूरी तरह से राममय हो गया। श्री ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ में सभी अखाड़ा एवम् अस्थाई एवं चलित झांकियां रामनवमी जुलूस, मंगला जुलूस शोभायात्रा में सभी रामभक्त शामिल हुए। इसके लिए सभी रामगढ़ वासियों का मैं बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही जिला के उपायुक्त, जिला पुलिस अधीक्षक एवम सभी पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त करता हूं।राजेश ठाकुर ने कहा कई रामनवमी पूजा में सभी ने अपने अपने दायित्व का निर्वाहन किया और शांति पूर्वक रामनवमी संपन्न हो गया। कहा कि मैं रामगढ़ के उन सभी समाज सेवियों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने रामभक्तों को सेवा प्रदान किया और सहयोग किया ।राजेश ठाकुर ने मीडिया बंधुओं को भी सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया।

### शिलाडीह में रामनवमी पर निकला जुलूस, एक से बढ़कर एक करतब दिखाए गए



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत में रामनवमी विजयदशमी के अवसर पर शनिवार संध्या भव्य जुलूस निकाला गया ।जुलूस महावीर स्थान से देवी मंडप होते हुए कालीमंडा पहूंची ।वहीं प्रशासन की मौजूदगी में काली मंडप से जुलूस पूरा गांव का भ्रमण करते हुए रविवार सुबह 10:00 बजे शिलाडीह स्थित तालाब में मूर्ति विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दुर्गा वाहिनी माताएं,बहने एवं युवकों के द्वारा एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया गया। साथ ही राम भक्तों के द्वारा जय श्री राम,जय दुर्गे आदि का नारा लगाते हुए जुलूस आगे बढ़ती रही। मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने राम भक्तों के बीच तलवार बाजी कर भक्तजनों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल,बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ,इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, गोरहर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, दंडाधिकारी राकेश बिहारी पांडेय एवं मिंटू रजक जुलूस का निगरानी करते रहे ।वहीं राम भक्तों के द्वारा चौक चौराहों पर पीयाऊ और नाश्ता की व्यवस्था किया गया था। जुलूस में शामिल होकर पंसस प्रतिनिधि शमीम अंसारी ने हिंदू मुस्लिम भाईचारा को कायम रखने हेतु लाठी खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया ।इस दौरान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी,पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, बेलकपी मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील पांडेय, सचिव श्याम सिंह, कोषाध्यक्ष शिवलाल यादव ,उपाध्यक्ष दीपू साहू, समर सत्ता प्रमुख मुकेश पांडेय ,मार्गदर्शक चंद्रशेखर सिंह, अर्जुन पांडेय शंभू पांडेय,नंदलाल पांडेय, नंदलाल मंडल, प्रमोद पंडित, राजन चौधरी ,प्रदीप पांडेय ,रामबचन पांडेय के अलावे हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आज



**रामगढ़।** मेन रोड स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान महावीर स्वामी जी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव 30 मार्च 2026 को आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए समाज के सचिव योगेश सेठी ने रविवार को बताया कि भगवान महावीर हमारे वर्तमान शासन नायक हैं। यूँ तो हम अपने सभी तीर्थंकरों का जन्मोत्सव आयोजित करते हैं, परंतु हमारे रामगढ़ जिनालय की मुख्य वेदी पर भगवान महावीर विराजमान हैं। इस कारण हम जैन धर्मावलम्बी इस अवसर को अत्यंत भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री सेठी ने बताया कि इस दिन पूरे दिन भर धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रियाएं आयोजित की जाएंगी। तथा साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा रामगढ़ जिनालय से आरंभ होकर थाना चौक, झंडा चौक, लोहार टोला होते हुए सुभाष चौक की तरफ से जिनालय पहुंचेगी। इसके अलावा महावीर विधान एवं भजन संध्या भी आयोजित होगी। प्रेस वार्ता में सेठी के अलावा अध्यक्ष राजेन्द्र चूड़ीवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाटनी, ललित चूड़ीवाल, सह सचिव विकास रापरिया आदि शामिल थे ।उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## उपायुक्त ने किया कोषागार कार्यालय का निरीक्षण



**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने शनिवार को समाहरणालय स्थित जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें स्टॉक पंजी, स्टांप पंजी,ओपनिंग व क्लोजिंग रजिस्टर,चेस्ट, वज्रगृह सुरक्षा गार्ड एवं बज्रगृह के सुरक्षा के सुदृढ़ीकरण से संबंधित प्रमाण पत्रों इत्यादि की गहनता से जांच की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त कोषागार पदाधिकारी के कक्ष में पहुंच कर महत्त्वपूर्ण फाइलों की जांच की। उन्होनें बिल आदि के भुगतान संबंधी संचिका, स्टॉक रजिस्टर, सर्विस बुक आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने समय समय पर सभी सुरक्षात्मक अवयवों यथा फायर सेफ्टी, सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड आदि को चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अप्रचलित स्टाम्प, पुराने रिकार्ड एवं अन्य खराब पड़े सामग्रियों का प्रबंधन करने के लिए विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने को कहा। मौके पर उप विकास आयुक्त, कोषागार पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा व कोषागार कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## टीएसपी के तहत 23 जनजातीय किसानों को मिला मुर्गी चूजा



**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरिया करमा में जनजातीय उप-योजना (टीएसपी) के तहत 23 अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षित मुर्गी पालक किसानों के बीच चूज़ों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य जनजातीय समुदायों में मुर्गी पालन को प्रोत्साहित कर उनकी आय और आजीविका में सुधार करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी डॉ. एस.के. महंता, टीएसपी की नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पी केरकेट्टा और सीनियर साइंटिस्ट डॉ. वंदना कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। डॉ. महंता ने मुर्गी पालन की आर्थिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. केरकेट्टा ने टीएसपी के तहत मिलने वाले सहयोग की जानकारी दी। डॉ. वंदना ने उन्नत तकनीक और रोग नियंत्रण के उपाय बताए। कार्यक्रम का संचालन सहायक स्टाफ बादल कुमार और कैलाश वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## जिप सदस्य ने पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**गिद्दी।** सुइयाडीह में रविवार को पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। बतौर मुख्य अतिथि डाड़ी भाग 2 की जिप सदस्य पिंकू देवी ने नारियल फोड़कर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया आंगनबाड़ी केंद्र से सरना स्थल तक 700 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर जिप सदस्य ने कहा इससे गांव के लोगों को सुविधा होगी। इस अवसर पर सोहराय किस्कू, सुनील किस्कू, धनु टुडू, संजय टुडू, थुड़का टुडू, उर्मिला देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने महिलाओं पर पुलिस लाठीचार्ज को बताया निंदनीय

# लाठी चार्ज के दौरान घायल हुईं महिलाओं से मिलने पहुंचीं अन्नपूर्णा

- मंगला जुलूस के दौरान बरकट्ठा लेबड़ा जमुआ में हुई थी घटना

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के लेबड़ा जमुआ में बीते दिनों मंगला जुलूस रोके जाने पर हुई पुलिस प्रशासन द्वारा लाठीचार्ज और पथराव की घटना का जायजा लेने रविवार को केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव तूईयो स्थित दुर्गा मंडप परिसर पहुंचे।

वहीं घायल महिलाओं से मुलाकात कर घटना संबंधित जानकारी प्राप्त किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और पथराव की घटना को निंदनीय कृत्य बताते हुए कहा कि झारखंड में तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है। झारखंड में जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। राज्य सरकार के इसारे पर राज्य की पुलिस प्रशासन भी एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है।

वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यह लाठीचार्ज और पथराव सिर्फ तुईयो के हिन्दूओं पर ही नहीं बल्कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के हिन्दूओं की मान मर्यादा पर किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस सिर्फ एक पक्ष को टारगेट कर दो लोगों को जेल भेज दिया जबकि लाठी डंडे और पत्थर चलाने वाले पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसका जल्द न्याय नहीं मिला तो जनता के सहयोग से बरकट्ठा बंद का आह्वान किया जाएगा।

मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू प्रसाद, अनिल कुमार आजाद, रामचंद्र चौधरी, सरयू यादव, सत्यम भारती, रीतलाल प्रसाद, भोला प्रसाद, राजकुमार मंडल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा का महा प्रशिक्षण अभियान होगा ऐतिहासिक : सुशांत पांडेय

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल में होने वाले महा प्रशिक्षण अभियान को लेकर एक विशेष बैठक भाजपा कैंट कार्यालय गोरियारी बागी में रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सुशांत कुमार पाण्डेय ने की। कहा कि आगामी 30 और 31 तारीख को साहू धर्मशाला में प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत कार्यक्रम होना है। इसमें रामगढ़ कैंट मंडल के सभी भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता शामिल कार्यक्रम को सफल बनाए। आने वाले दिनों में नए मंडल कमेटी बनेंगे। भारतीय जनता पार्टी के पंच निष्ठा के आधार पर कार्य होता है। इसकी संपूर्ण जानकारी प्रशिक्षण महा अभियान में दी जाएगी। प्रशिक्षण में प्रदेश जिला के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। मौके पर उमेश प्रसाद, राजीव रंजन प्रसाद, दीनदयाल कुमार, दीपक सोनकर, महेश चौधरी, गोविंद कुमार, विजय पासवान, शारदा देवी, अमित ठाकुर, रूपेश कुमार, अमर भारती आदि मौजूद थे।

### 25 शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

# समर्पित प्रयास से ही शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक बदलाव आ सकता है : नलिनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय रामगढ़ परिसर में निहार शांति पाठशाला फ़नवाला के अंतर्गत शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुलोचना कुमारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान लीपफॉरवर्ड के राज्य प्रबंधक मुकेश वर्णवाल, सहायक प्रबंधक सना देशमुख, वरीय कार्यकारी मानसी तलावडेकर ने अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत गोला प्रखंड को टॉप ब्लॉक और के रूप में और रकुवा संकुल को बेस्ट क्लस्टर के रूप में पुरस्कृत किया गया। वहीं 25 शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने कहा कि यह समारोह न केवल उत्कृष्टता का सम्मान था बल्कि पूरे जिले के शिक्षकों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरा है। स्पष्ट किया कि समर्पित प्रयास निरंतर सहयोग और सही दिशा में कार्य करके शिक्षा के स्तर में सार्थक बदलाव लाया जा सकता है। मौके एपीओ कुमार राज एसपीएमयू के जिला कॉर्डिनेटर आदित्य कुमार सहित सभी प्रखंड के बीपीओ, बीआरपी,सीआरपी व शिक्षकगण शामिल रहें।

**ऐतिहासिक जुलूस** हजारीबाग में ऐतिहासिक रामनवमी का उत्साह, 36 घंटे तक सड़कों पर दिखा जुलूस का नजारा

# 107 अखाड़ों के साथ निकला जुलूस, जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा शहर

- जुलूस में 4 से 5 लाख लोग हुए शामिल, पांच हजार फोर्स थी तैनात

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** जिले की ऐतिहासिक रामनवमी का आगाज हो चुका है। 2026 रामनवमी कई मायने में खास है। इस बार सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। टेक्नोलॉजी का भी भरपूर मदद लिया गया है। 36 घंटे तक जुलूस सड़कों पर था और राम भक्तों ने नाचते गाते प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव मनाया। 8 किलोमीटर के लंबे जुलूस मार्ग का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा जामा मस्जिद रोड है। जहां से हर एक जुलूस को गुजरना होता है। ऐसे में यहां सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी।

हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी पर पूरे राज्य भर की निगाहें रहती है। जहां सुरक्षा का चाक चौबंद इंतजाम किए जाते हैं। 8 किलोमीटर मार्ग में सबसे चुनौती जामा मस्जिद रोड में होती है। जहां से सभी जुलूस को गुजरना होता है। इस बार 107 अखाड़ों का जुलूस सड़क पर था। उम्मीद की जा रही थी कि 4 से 5 लाख लोग हजारीबाग में नजर आएंगे और ऐसा ही हुआ। ऐसे में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए। खासकर जामा मस्जिद रोड में प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए। 5000 फोर्स की तैनाती पूरे शहर में की गई थी। वहीं, जामा मस्जिद रोड में विशेष रूप से बल तैनाती होती है।

जहां सड़क के दोनों और बैरिकेडिंग कर प्रशासन जुलूस को आगे बढ़ती है। सुबह के 5:00 बजे से जुलूस जामा मस्जिद रोड में प्रवेश करेगी। उसके पहले सभी अखाड़ा का नंबर लगता है। जुलूस समाप्त होने में यह उम्मीद लगाया जा रहा है कि रविवार रात 2:00 बजे तक समाप्त होगा। जुलूस में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और हिंदू धर्म प्रचारक भैरव सिंह हजारीबाग रामनवमी जुलूस में हिस्सा लेने पहुंचे। दोनों ने रामनवमी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। सभी राम भक्त मर्यादित होकर जुलूस में हिस्सा ले और ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस को सफल बनाएं। इधर, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का सांसद सेवा केंद्र लोगों को 36 घंटे तक सेवा उपलब्ध कराएगा। जिसमें उन्हें शुद्ध पेयजल से लेकर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

यही नहीं कोई राम भक्त चोटिल होंगे तो उन्हें अस्पताल ले जाने की भी व्यवस्था की गई थी। उनके सेवा केन्द्र में महिलाओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया। कार्यालय में महिलाएं आराम कर सकती थीं।

जहां उन्हें कई तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अगर किसी का बच्चा गुम होता तो उसे बच्चों को भी उसके परिवार वालों से मिलाया जाएगा सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी इसलिए ही खास है कि समाज का हर एक तबका का सहभागिता होता है। बता दें कि हजारीबाग में इस बार 100 से अधिक शिविर लगाया गया। हर शिविर का एकमात्र उद्देश्य राम भक्तों को सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि उत्साह में किसी भी तरह की कमी ना हो। पानी से लेकर चना तक के पूरे इंतजाम किए गए थे जो लोगों को दिए जा रहे थे ताकि भक्तों को परेशानी न हो सके।

# कंस्ट्रक्शन साइट पर आगजनी मामले में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने जलडेगा थाना क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन साइट पर हुई आगजनी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्रेस वार्ता में सर्किल इंस्पेक्टर भिखारी राम ने बताया कि 25 जनवरी की रात एसएमआरवी नामक कंस्ट्रक्शन कंपनी के कारीमाटी स्थित अस्थायी कैंप में खड़े वाहनों में अज्ञात उग्रवादियों द्वारा आग लगा दी गई थी। घटना के दौरान उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर पर्चा चिपकाकर लेवी की मांग भी की गई थी। मामले की जांच के क्रम में पुलिस ने पहले ही 9 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं, घटना में शामिल कुछ आरोपी फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने फरार चल रहे तीन उग्रवादियों-सुनील उरांव, सुबोध बड़ाइक और शिवा सिंह-को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सर्किल इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

वहीं, इस कार्रवाई के बाद एक नया विवाद भी सामने आया है। गिरफ्तार अभियुक्त सुबोध बड़ाइक के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने उसे 15-16 दिन पहले ही हिरासत में ले लिया था, लेकिन न तो उसे जेल भेजा गया और न ही परिवार से मिलने दिया गया। परिजनों ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लिखित शिकायत भी की है। बेटे को लेकर उसकी मां बिरशो देवी बेहद चिंतित और भावुक नजर आईं।हालांकि, इस संबंध में पूछे जाने पर सर्किल इंस्पेक्टर भिखारी राम ने परिजनों के सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।



## चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, टीवी व बाइक बरामद

**सिमडेगा।** जिले की पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में सर्किल इंस्पेक्टर भिखारी राम ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी।उन्होंने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के काटूकोना में हाल ही में चोरी की घटना सामने आई थी, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। अनुसंधान के दौरान वरीय पुलिस अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली कि थाना कांड संख्या 51/2026 के तहत चोरी हुआ एक टीवी ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के मतरामेटा गांव में एक संदिग्ध व्यक्ति के घर पर रखा गया है।सूचना के आधार पर टाउन थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान संदिग्ध व्यक्ति ने अपना नाम शहीद उर्फ बैहेरा बताया। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर उसने स्वीकार किया कि चोरी का टीवी उसके साथी शालीप के घर में रखा गया है। इसके बाद पुलिस ने शालीप के घर पर छापेमारी कर चोरी किया गया टीवी बरामद कर लिया। साथ ही आरोपी शहीद की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली गई।पुलिस ने आरोपी शहीद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।मौके पर थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक उपस्थित थे।

# नगर विकास मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर नप उपाध्यक्ष ने जनहित के मामले उठाए

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक रिंकू ने राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू तथा स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात कर शहर के विकास और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा उपाध्यक्ष ने शहर के विभिन्न मोहल्लों में स्थापित क्लिनिकों के संचालन को सुदृढ़ करने की मांग की, ताकि आम लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने पर्यटन स्थलों के विकास के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने,कचरा प्रबंधन एवं सीवर सिस्टम को विकसित करने,सभी मोहल्लों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण तथा हर घर तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग रखी। वहीं स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के दौरान उपाध्यक्ष ने सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू कराने हेतु चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की मांग की। साथ ही ब्लड बैंक में सभी आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। वर्तमान में ब्लड जांच के लिए मरीजों को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान भेजना पड़ता है,जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दोनों मंत्रियों ने उपाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी,ताकि शहरवासियों को बेहतर बुनियादी और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस दौरान उपाध्यक्ष ने दोनों मंत्रियों को सिमडेगा आने का आमंत्रण भी दिया।मुलाकात के दौरान उपाध्यक्ष दीपक रिंकू ने नगर विकास मंत्री के समक्ष जर्जर हो चुके सामटोली पथ की मरम्मती की मांग रखी। इस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि इस सड़क के निर्माण को लेकर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने भी ज्ञापन देकर सड़क निर्माण कराने की मांग की थी। उनके पत्र के आलोक में सड़क मरम्मत के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित कर दी गई है और निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा।

# महागिरजाघर में विशेष मिस्सा, खजूर पर्व धूमधाम से मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आदिवासी बहुल सिमडेगा जिले में रविवार को पाम संडे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न चर्चों में सुबह से ही कैथोलिक धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु खजूर की डालियां लेकर चर्च पहुंचे और प्रभु यीशु के यरुशलम में विजयी प्रवेश की स्मृति में विशेष प्रार्थना की। सुबह से ही चर्च जाने वाले मार्गों पर खजूर की डालियां बिकती नजर आईं, जहां बड़ी संख्या में ख्रीस्त विश्वासी इन डालियों को खरीदते दिखे। जिले के सभी चर्चों में पाम संडे के मौके पर विशेष मिस्सा पूजन अनुष्ठान आयोजित किया गया, जिसमें काफी संख्या में मसीही समुदाय के लोग शामिल हुए और प्रभु के गुणगान किए। सामटोली स्थित संत अन्ना महागिरजाघर में विशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में विशेष मिस्सा अनुष्ठान संपन्न हुआ। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आज के दिन प्रभु यीशु मसीह के यरुशलम में प्रवेश की घटना को स्मरण किया जाता है, जब लोगों ने खजूर की डालियों और अपने वस्त्रों से उनका स्वागत किया था।



यह दिन प्रभु के त्याग, दीनता और मानवता के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है।विशप ने कहा कि पाम संडे के साथ ही प्रभु यीशु के दुखभोग का काल प्रारंभ होता है, जिसमें उन्होंने मानव जाति के पापों के उद्धार के लिए स्वयं को समर्पित किया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से प्रभु के आदर्शों पर चलने और प्रेम, त्याग एवं सेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।मिस्सा अनुष्ठान से पूर्व ख्रीस्त विश्वासी अपने-अपने हाथों में खजूर की डालियां लेकर शोभायात्रा के रूप में संत अन्ना महागिरजाघर पहुंचे।

## आदिवासी लोहरा समाज की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनीं पार्वती

**सिमडेगा।** आदिवासी लोहरा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष बासुदेव तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सरहुल पूजा की समीक्षा के साथ-साथ महिला मोर्चा जिला कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस दौरान समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही विभिन्न प्रखंडों से महिला प्रतिनिधियों के नाम प्रस्तावित कर उन्हें उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।उपाध्यक्ष पद के लिए बानो प्रखंड से कांती देवी, कोलेबिरा से सुकरमनी कैथा, बोलबा से फुलमनी देवी, ठेठईटांगर से शरिता इन्दवार एवं विमला देवी, कुरडेग से मोनिका तिर्की एवं गुलाबी इन्दवार, केरसई से मिनी देवी एवं दीपा कच्छुवा, सिमडेगा से शितला कुशमा एवं गीता देवी तथा पाकरटांड से राजमुनी देवी एवं द्रौपदी कच्छप का चयन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि यह पहल समाज के विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रामनवमी पर बानो में झंडा मिलान, भक्तों ने किए बजरंगबली के दर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रामनवमी पूजा समिति बानो के तत्वावधान में शिव मंदिर परिसर में भव्य आयोजन किया गया, जहां कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में सर्किल इंस्पेक्टर एडुएल गेस्टन बागे, प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी, जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, थाना प्रभारी श्याम नंदन, महाबुवाग थाना प्रभारी पंकज, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रखंड के बानो, तेतरटोली, जराकेल, पबुड़ा, समड़ेगा, सोय, उन्नीकेल, सोडा, सिकोरदा और डूमरटोली समेत विभिन्न गांवों से बजरंगबली के झंडे लाए गए। रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष तिलकु चौरसिया के नेतृत्व में सभी राम भक्तों का बैंड-बाजे के साथ स्वागत किया गया। शिव मंदिर की परिक्रमा के बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान पहाड़ी मंदिर के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली। इस दौरान पूरा क्षेत्र "जय श्री राम" के जयघोष से गूंज उठा।शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए गुड़-चना एवं शर्बत की व्यवस्था की गई थी। हनुमान पहाड़ी मंदिर पहुंचकर झंडा मिलान के बाद श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के दर्शन किए।कार्यक्रम को सफल बनाने में तिलकु चौरसिया, विश्वनाथ बड़ाईक, उदय साहू, धीरज गुप्ता, अमित सोनी, जितेंद्र ठाकुर, भूषण साहू, बिलु अग्रवाल, रूपेश सिंह, कृष्णा सोनी, लीलू चौरसिया, सनातन पंडा, आनंद चौरसिया, बिनोद कश्यप, मंटू सिंह सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।वहीं बानो स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर में भी रामनवमी के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया, जहां पुजारी प्रेमानंद उपाध्याय एवं अशोक तिवारी द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास साहू, राजा साहू, अछ्य कुमार, गोबिंद साहू, वेदप्रकाश खत्री, टीपी मनोहरन सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।



# जमनलाल शर्मा अवॉर्ड प्राप्त करने वाले मनोज कोनबेगी का भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** हॉकी की नर्सरी के रूप में पहचान रखने वाले सिमडेगा जिले में रविवार को एक गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब प्रतिष्ठित जमनलाल शर्मा अवॉर्ड से सम्मानित हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष सह हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया।



स्वागत समारोह में वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान न केवल मनोज कोनबेगी का है, बल्कि पूरे सिमडेगा और झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने वर्षों से जमीनी स्तर पर हॉकी के विकास के लिए निरंतर कार्य किया है, जिसके परिणामस्वरूप आज सिमडेगा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है।हॉकी सिमडेगा के उपाध्यक्ष कमलेश मांझी ने कहा कि मनोज कोनबेगी के नेतृत्व और मार्गदर्शन से संगठन लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। उनकी प्रेरणा से जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और सिमडेगा का नाम रोशन कर रहे हैं।वहीं प्रशिक्षण ले रहे युवा खिलाड़ियों ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उन्हें आगे बढ़ने और बेहतर करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने इसे जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

इस मौके पर मनोज कोनबेगी ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे टीम और जिले के लोगों का है। उन्होंने घोषणा की कि पुरस्कार में मिली पांच लाख रुपये की राशि का उपयोग हॉकी के विकास और खिलाड़ियों के हित में किया जाएगा।

## सिमडेगा सूड़ी समाज द्वारा किया गया भव्य नागरिक सम्मान समारोह

# सूड़ी समाज ने राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर मनोज को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सूड़ी समाज की ओर से एक भव्य नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हॉकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मनोज कोनबेगी (मनोज प्रसाद) को सम्मानित किया गया। हाल ही में हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित 8वीं वार्षिक पुरस्कार 2025 समारोह में उन्हें खेल में आजीवन योगदान के लिए "जमन लाल शर्मा अमूल्य योगदान पुरस्कार 2025" से नवाजा गया। यह सम्मान केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, हॉकी इंडिया के शेखर जे मनोहरन एवं सरोज शर्मा की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर पूरे सिमडेगा और सूड़ी समाज में हर्ष का माहौल है।समारोह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि मनोज प्रसाद ने अपने जीवन में हॉकी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुदूरवर्ती क्षेत्रों की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया है, जो अत्यंत सराहनीय है। वहीं महिला जिला अध्यक्ष रेखा रानी ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आज उनके इस उपलब्धि से समाज का सिर ऊँचा हुआ है और पूरे देश में भारतीय हॉकी का परचम लहरा रहा है।मनोज प्रसाद ने सम्मान प्राप्त करने के बाद भावुक शब्दों में कहा कि आज जो सम्मान मुझे मिला है, वह केवल मेरा नहीं बल्कि पूरे सिमडेगा जिले और सूड़ी समाज का सम्मान है। मैंने हमेशा यह प्रयास किया है कि ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को सही मंच मिले। हॉकी सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि मेरे जीवन का उद्देश्य रहा है।मैंने अपने जीवन के हर कठिन दौर में हॉकी को ही अपना सहारा बनाया और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर कई वक्ताओं ने अपनी बातें रखी उन्होंने कहा सूड़ी समाज सिमडेगा के लिए जो किया आज किसी से छिपा हुआ नही है।



**धर्म-कर्म**

## फादर केरकेट्टा की अगुवाई में विशेष मिस्सा में दिया गया प्रेम और शांति का संदेश

# खजूर पर्व पर विशेष मिस्सा, भव्य शोभायात्रा निकली

- **लचरागढ़ स्थित आरसी मिशन आम बगीचा परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित आरसी मिशन आम बगीचा परिसर में रविवार को पाम संडे (खजूर पर्व) श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फादर डीन राजेश केरकेट्टा की अगुवाई में विशेष मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही श्रद्धालु शामिल हुए।मिस्सा अनुष्ठान को संपन्न कराने में फादर क्लेमेंट लकड़ा, फादर अलबिनुस लुगुन एवं फादर राफयल ने सहयोग किया। कार्यक्रम के तहत संत वियन्नी मैदान से चर्च परिसर तक खजूर की डालियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु के यरूशलेम प्रवेश की स्मृति को जीवंत किया। शोभायात्रा के दौरान शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया गया।अहले सुबह से ही चर्च परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। इस दौरान पुरोहितों द्वारा खजूर की डालियों को आशीष प्रदान किया गया। फादर डीन राजेश केरकेट्टा ने अपने संदेश में कहा कि खजूर पर्व यीशु की विनम्रता, विश्वास और उनके दुखभोग की शुरुआत का प्रतीक है। यह पर्व हमें त्याग, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।



## कुरडेग में खजूर डालियों संग मनाया पर्व

**कुरडेग।** प्रखंड के कैथोलिक पल्ली खालीजोर में रविवार को खजूर पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीही श्रद्धालु उपस्थित हुए और प्रभु यीशु के जीवन एवं उनके यरुशलम प्रवेश की घटना का स्मरण किया।कार्यक्रम के दौरान फा. सुनील तिर्की, फा. अनसेलम लूगून, फा. बिपिन किशोर सोरेंग एवं फा. बोनीफस द्वारा बाइबिल आधारित यरुशलम प्रवेश की घटना का विस्तार से वर्णन किया गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि खजूर पर्व उस दिन की स्मृति में मनाया जाता है जब प्रभु यीशु गधे पर सवार होकर यरुशलम में प्रवेश किए थे और लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया था।फा. सुनील तिर्की ने अपने संदेश में कहा कि यह समय प्रभु यीशु के दु:खभोग का है, जो हमें प्रेम, दया, शांति और क्षमा का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु ने दीन-हीन एवं सरल जीवन जीते हुए मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया, जो सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। खजूर पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने हाथों में खजूर की डालियां लेकर प्रभु यीशु के जीवन और उनके दु:खभोग का स्मरण किया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और लोगों ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना में भाग लिया।

# न्यूज बॉक्स

## विधायक की पहल पर क्षतिग्रस्त पोल की करवाई गई मरम्मत



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत अघरमा पंचायत क्षेत्र के पहाड़ टोली के समीप 11,000 वोल्ट का विद्युत पोल 26 मार्च को एक अज्ञात वाहन की टक्कर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने कोलेबिरा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी एवं युवा विधानसभा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग को दी। सूचना मिलते ही दोनों नेताओं ने तत्परता दिखाते हुए कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी को अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने तुरंत कोलेबिरा एसडीओ को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित किया, जिसके बाद क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को शीघ्र दुरुस्त कर दिया गया।

## बानो : मॉडल समिति 10+2 जमताई में वार्षिक परीक्षाफल वितरण आज

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के जमताई स्थित मॉडल समिति 10+2 विद्यालय में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा, जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 7वीं तक के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अभिभावकों को इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत पेरेंट्स मीटिंग के साथ होगी, जिसमें अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद वार्षिक परीक्षा परिणाम का वितरण किया जाएगा।विद्यालय के प्राचार्य बलेश्वर नाग ने बताया कि सभी कक्षाओं का वार्षिक परिणाम पूरी तरह तैयार कर लिया गया है और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रिजल्ट वितरण के तुरंत बाद शैक्षणिक सत्र 2026–2027 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 'मन की बात' का 132वां एपिसोड उत्साह के साथ सुना गया

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र एवं बानो मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को उत्साह और सामूहिक सहभागिता के साथ सुना गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन कोलेबिरा, बांसजोर, ठेठईटांगर, कोनपाला, बोलबा एवं जलडेगा सहित कई पंचायतों और गांवों में किया गया, जहां लोगों ने रेडियो, मोबाइल एवं अन्य माध्यमों से प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना।संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास, मत्स्य पालन, आत्मनिर्भर भारत, जल प्रबंधन, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। उनके संदेशों से उपस्थित लोग प्रेरित नजर आए।कार्यक्रम के बाद कई स्थानों पर चर्चा सत्र आयोजित किए गए, जिसमें लोगों ने अपने विचार साझा किए और विभिन्न योजनाओं पर जानकारी प्राप्त की।वहीं तोरपा विधानसभा अंतर्गत बानो मंडल के तेतरटोली में सुषमा मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना।

## ठेठईटांगर में रामनवमी पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू

**ठेठईटांगर।** रामनवमी के पावन अवसर पर एकादशी तिथि के उपलक्ष्य में थाना मुख्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ हुआ। "हरे राम, हरे कृष्ण" के भजनों के साथ शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा है।अखंड हरि कीर्तन में मुख्यालय के ग्रामवासियों के साथ जलडेगा, उड़ीसा एवं आसपास के विभिन्न पंचायतों की कीर्तन मंडलियां भाग ले रही हैं। आयोजन के दौरान सभी श्रद्धालुओं एवं कीर्तन मंडलियों के लिए भंडारा महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। इस धार्मिक अनुष्ठान में पुरोहित की भूमिका सूर्यकांत झा निभा रहे हैं, जबकि यजमान के रूप में परमानंद दास उपस्थित हैं। कार्यक्रम का समापन सोमवार को सुबह 11 बजे होगा, जिसके बाद भंडारा महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद, सचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता सहित सदस्य मिथिलेश कुमार, रामायण पांडे, अमन कुमार, सुभाष कुमार, राहुल दास एवं अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

## केरसई के बजरंगबली मंदिर में नए साउंड सिस्टम का अधिष्ठापन

**केरसई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंगबली मंदिर में आधुनिक साउंड सिस्टम का विधिवत अधिष्ठापन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर नए साउंड सिस्टम का शुभारंभ किया गया। समाजसेवी बालेश्वर प्रसाद ने फीता काटकर इसे औपचारिक रूप से श्रद्धालुओं को समर्पित किया।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने विधि-विधान से पूजा कर भगवान बजरंगबली से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और पूरा वातावरण भक्ति से ओत-प्रोत रहा।नए साउंड सिस्टम की स्थापना से मंदिर परिसर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन एवं अन्य आयोजनों में ध्वनि व्यवस्था अब और अधिक सुचारू एवं प्रभावी हो सकेगी। इससे श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ बेहतर तरीके से मिल पाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मंदिर विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## चीक बड़ाइक समाज का सरहुल मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बानो।** प्रखंड के हुरदा गांव में चीक बड़ाइक समाज द्वारा सामाजिक बैठक सह सरहुल मिलन समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के महिला, पुरुष एवं युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही।कार्यक्रम की शुरुआत में ब्लॉक एवं जिला स्तर से पहुंचे समाज के अगुवाओं का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। अतिथियों को अंगवस्त्र एवं सरहुल फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जमतई, रायकेरा एवं गेनमेर पंचायत में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष राजेश बड़ाइक, उपाध्यक्ष अनिता देवी, बबलू बड़ाइक एवं संतोष चीक बड़ाइक, सचिव करमा बड़ाइक, सह सचिव प्रिया तथा कोषाध्यक्ष रमेश बड़ाइक बनाए गए।समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज में एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। साथ ही नशामुक्ति, परंपरा एवं संस्कृति के संरक्षण तथा शिक्षा के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम में लक्ष्मण बड़ाइक, चतुर बड़ाइक, विद्या बड़ाइक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कुसुमबेड़ा में श्रद्धा के साथ मनाया गया खजूर रविवार, भव्य जुलूस निकला

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कुसुमबेड़ा कैथोलिक चर्च में पवित्र सप्ताह के अंतर्गत खजूर रविवार श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। यह दिन चालीसा काल के अंतिम और सबसे पवित्र सप्ताह की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर रात्रि जागरण भी किया गया। पवित्र सप्ताह के दौरान प्रभु यीशु के धरती पर बिताए अंतिम दिनों को स्मरण किया जाता है, जिसमें येरुसलेम में उनका प्रवेश, अंतिम भोज, सूली पर चढ़ना, मृत्यु एवं पुनरुत्थान की घटनाएं शामिल हैं। पास्का रविवार को यीशु के पुनरुत्थान का उत्सव मनाया जाता है।खजूर रविवार के दिन ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के गदहे पर सवार होकर येरुसलेम में प्रवेश की घटना को याद करते हुए भव्य जुलूस निकाला। श्रद्धालु हाथों में खजूर की डालियां लिए "यीशु की जय" के जयकारों के साथ गिरजाघर पहुंचे और पवित्र यूखारिस्ता में भाग लिया।संत अर्नाल्ड चर्च कुसुमबेड़ा के विश्वासी तीन अलग-अलग स्थानों से जुलूस के रूप में एकत्रित होकर गिरजाघर पहुंचे।

# जन्मदिन की खुशियां मातम में बदलीं, सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बारीडीह इलाके से एक हृदयविदारक सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जिसने एक परिवार की खुशियों को पलभर में मातम में बदल दिया। रविवार, 29 मार्च को अमन कुमार (23) का जन्मदिन था और घर में जश्न की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच अमन अपने दोस्त विकास रजक (22) और एक अन्य साथी के साथ जन्मदिन मनाने के लिए देउड़ी मंदिर जाने निकला था। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जमशेदपुर-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर बढ़ रहे थे। जैसे ही वे चांडिल थाना क्षेत्र में पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमन और विकास बाइक से उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में बाइक चला रहे उनके दोस्त को हल्की चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अज्ञात वाहन की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक को संभलने का मौका तक नहीं मिला और हादसा बेहद दर्दनाक रूप ले बैठा।

अमन कुमार पेशे से ट्रांसपोर्ट व्यवसायी थे, जबकि विकास रजक एक निजी वित्तीय कंपनी में कार्यरत थे। दोनों गहरे दोस्त थे और बारीडीह के ही रहने वाले थे। हादसे की खबर जैसे ही उनके घर पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। जिस घर में सुबह तक जन्मदिन की खुशियों की तैयारियां चल रही थीं, वहां अचानक चीख-पुकार और मातम का माहौल बन गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है गौरतलब है कि चांडिल क्षेत्र में सड़क हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। यह इलाका हादसों के लिहाज से खतरनाक बनता जा रहा है। इससे पहले भी यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की जान जा चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण ऐसे हादसे लगातार हो रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## सड़क दुर्घटना में अस्पताल कर्मी की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ प्रखंड में रविवार सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई।



मृतक की पहचान सुमल्य धल के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के कांथी का रहने वाला था और जमशेदपुर स्थित ब्रह्मानंद अस्पताल में कार्यरत था। वह इन दिनों धालभूमगढ़ के नूतनगढ़ गांव में अपने मामा के घर आया हुआ था। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह सुमल्य अपने मामा के घर से बाइक लेकर बाजार जाने के लिए निकला था। इसी दौरान जमशेदपुर से चाकुलिया की ओर जा रही एक तेज रफ्तार डीसीएम मालवाहक वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने वाहन का नंबर स्पष्ट रूप से नहीं देख पाया, लेकिन कुछ अंकों के आधार पर उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पंचायत समिति सदस्य दीपक महतो मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर धालभूमगढ़ थाना के पुलिस अधिकारी फिलिप कुजूर और चंदन मांझी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने क जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं, फरार डीसीएम वाहन और उसके चालक की तलाश के लिए पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## झील से महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमना झील से रविवार को 43 वर्षीय महिला का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान सोनारी कुम्हार पाड़ा निवासी संजू साहू (पति–देवानंद साहू) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर कुछ स्थानीय लोगों ने झील में एक महिला का शव तैरता देखा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना तुरंत बोड़ाम थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को झील के गहरे पानी से बाहर निकाला। पुलिस जांच के दौरान शव के पास से एक पर्स बरामद हुआ, जिसमें आधार कार्ड, तीन सिम कार्ड, नकदी सहित अन्य सामान मिले। इन दस्तावेजों के आधार पर महिला की पहचान संजू साहू के रूप में की गई। बोड़ाम थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## विधायक ने स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का किया शिलान्यास




नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुरझुरी स्थित यादव टोला में विधायक अमित कुमार यादव ने रविवार को स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विदित हो कि स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण जिला परिषद मद से होना है। निर्माण लगभग 55 लाख की लागत से होगी। इस अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा स्वास्थ्य उपकेंद्र बन जाने से पंचायत वासियों को स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा और मेरा प्रयास रहेगा यह केंद्र बेहतर रूप से कार्य करें। इस दौरान विधायक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा विष्णुगढ़ कुसुम्भा की घटना काफी निंदनीय है ।कल अर्थात सोमवार को बरकट्ठा में संध्या 5:00 बजे कैंडल मार्च निकाला जाएगा जिसमें अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने की उन्होंने अपील की है। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया पांडेय,प्रमुख रेणु देवी, पंसस मंजु देवी, उप मुखिया प्रियंका कुमारी ,मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार शर्मा, जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय, रामेश्वर महतो,कुंवर प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, सिकंदर प्रसाद, भीम प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## टाटानगर और आसपास के रेलखंड के कई मेमू ट्रेन रद्द



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर और आसपास के रेलखंड में परिचालन व्यवस्था के तहत कई कोचिंग ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इसके तहत कुछ मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी, कुछ ट्रेनों का आंशिक संचालन किया जाएगा, जबकि कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। साथ ही पहले रद्द की गई कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों को पुनः बहाल करने का निर्णय लिया गया है। रविवार को रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार आद्रा-मिदनापुर-आद्रा मेमू ट्रेन संख्या 68090/68089 31 मार्च, तीनअप्रैल और पांच अप्रैल 2026 को रद्द रहेगी। वहीं बोकारो-चंद्रपुरा-बराकर (बीजेई-सीआरपी-बीजेई) मार्ग पर चलने वाली मेमू ट्रेन संख्या 68079/68080 31 मार्च, तीन, चार और पांच अप्रैल को नहीं चलेगी। इसके अलावा आद्रा-बराभूम-आद्रा मेमू ट्रेन संख्या 68077/68078 पांच अप्रैल को रद्द कर दी गई है। टाटानगर से जुड़े यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि टाटा-आसनसोल-बराभूम मेमू पैसेंजर ट्रेन संख्या 68056/68060 का दो अप्रैल 2026 को आंशिक संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन आद्रा तक ही चलेगी और आद्रा से आसनसोल के बीच का हिस्सा उस दिन रद्द रहेगा। वहीं टाटानगर से हटिया जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18601 (टाटा-हटिया एक्सप्रेस) 31 मार्च, एक अप्रैल और चार अप्रैल को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। यह ट्रेन चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी के रास्ते चलाई जाएगी, जबकि सामान्यतः यह पुरुलिया मार्ग से संचालित होती है। इस बीच यात्रियों के लिए राहत की खबर यह है कि पहले जिन ट्रेनों के रद्द रहने की सूचना जारी की गई थी, उनमें से कुछ को बहाल कर दिया गया है। शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (18030) चार अप्रैल से 24 अप्रैल तक और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालीमार एक्सप्रेस (18029) छह अप्रैल से 26 अप्रैल तक अपने निर्धारित समय पर चलेगी।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत, शव बरामद

**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के धातकीडीह तालाब में रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया है। सुबह लोगों ने तालाब में शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच के दौरान मृतक की पहचान धातकीडीह ए-ब्लॉक निवासी 38 वर्षीय जिशान रियाज के रूप में की गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखते ही उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि जिशान शनिवार रात करीब 9 बजे घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

स्थानीय लोगों और परिवार के अनुसार जिशान को नशे की लत थी। प्रारंभिक आशंका है कि नशे की हालत में वह तालाब के किनारे पहुंचा और किसी तरह पानी में गिर गया।

## शादी में डांस करने पर पति के साथ विवाद, गुस्से में महिला ने जहर खा दी जान




नवीन मेल संवाददाता

**दुमका।** कभी-कभी छोटी-सी बात भी इतनी बड़ी हो जाती है की बात का बतंगड़ बन जाता है और मामला काफी बिगड़ जाता है। कुछ ऐसा ही वाकया दुमका में देखने को मिला है। जब अपनी चचेरी बहन की शादी में डांस कर रहे एक युवक को उसकी पत्नी ने मना किया कि ज्यादा उत्साह दिखाने की आवश्यकता नहीं है, शांत रहिए। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ। पति ने अपनी पत्नी को खूब खरीखोटी सुनाई। इससे नाराज होकर पत्नी ने अपनी जान दे दी। दुमका जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर पाकुड़ जिला के सीमा पर स्थित गोपीकांदर थाना क्षेत्र के सहरो गांव में शनिवार देर रात की है। एक घर में लड़की की शादी का माहौल था। मनोज राय नामक युवक अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने मुंबई से घर आया था। घर में डीजे की धुन पर जश्न चल रहा था, सबों के साथ मनोज राय डांस करने लगा। इसी बीच उसी पत्नी सूर्या देवी वहां पहुंच गई और पति को डांस करने से मना किया। उसने कहा कि ज्यादा उत्साह दिखाने की जरूरत नहीं है, शांत होकर अपने अन्य काम में लगे रहिये। जब मनोज ने पत्नी की बात नहीं मानी तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

इस मामूली बात पर शुरू हुआ यह विवाद काफी बढ़ गया तो पत्नी चुपचाप वहां से निकल गई। शादी की भीड़ में किसी ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया। इधर रात के अंधेरे में सूर्या देवी घर से कुछ दूर पहुंची और एक पेड़ की नीचे बैठ गयी। इधर थोड़ी देर के बाद घर वालों ने जब सूर्या देवी की खोज की तो वह नहीं मिली।

सभी मिलकर उसे ढूंढने लगे तो वह पेड़ के नीचे अचेतावस्था में मिली। महिला के पास ही कीटनाशक का डिब्बा फेंका हुआ था, लोगों माजरा समझते देर नहीं लगी। परिजन आननफानन में उसे तुरंत इलाज के लिए दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र में चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार



पश्चिमी सिंहभूम। पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किwया है। गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि हाटगम्हरिया गांव की रहने वाली शनिवारी सिंकु ने अपने घर से मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत शनिवार को थाना में दर्ज कराई थी। इस शिकायत के आधार पर हाटगम्हरिया थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। आरोपित ने बताया कि उसने पहले दिन में घर की रेकी की थी और रात में चारदीवारी के भीतर घुसकर बिना लॉक लगी मोटरसाइकिल को धक्का देकर चोरी कर लिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच09एफ6132) बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपित की पहचान वजरंग खण्डाईत (24 ) के रूप में हुई है। वह हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

### धनबाद में एलपीजी संकट जल्द होगा दूर

# 6 महीने में 50,000 घरों में होगी पाइपलाइन से गैस सप्लाई

- **एसीसी कॉलोनी में 200 और बीआइटी के 800 घरों में कनेक्शन हो चुका है**

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले में गेल गैस द्वारा तेजी से पाइपलाइन गैस (पीएनजी) नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और सिलेंडर की कमी के बीच ये खबर शहरवासियों के लिए राहत की बात है। पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार से आने वाले समय में अधिकतर इलाकों में स्वच्छ, सुरक्षित और लगातार गैस की सप्लाई सुनिश्चित होगी। इस योजना के तहत करीब 650 इंच किलोमीटर स्टील पाइपलाइन बिछायी जाएगी। उम्मीद ये है कि अगले छह महीनों में बड़े पैमाने पर गैस सप्लाई शुरू हो जाएगी कंपनी के अनुसार, अब तक करीब 13 हजार घरेलू पीएनजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं, जबकि लक्ष्य 50 हजार तक पहुंचने का है। कुसुम विहार, सरायढेला, सहयोगी नगर, धैया, जयप्रकाश नगर, हाउसिंग कॉलोनी, बाबूडीह, हीरापुर और गोसाईंडीह जैसे क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन देने का काम तेजी से जारी है। कई इलाकों में नेटवर्क लगभग तैयार हो चुका है और अंतिम चरण का कार्य चल रहा है।

### इन जगहों पर शुरू हो चुकी है सप्लाई

सिंदरी क्षेत्र में एसीसी कॉलोनी और बीआइटी सिंदरी परिसर में पाइपलाइन गैस की सप्लाई शुरू हो चुकी है। यहां करीब 1000 कनेक्शन दिए गए हैं। इसमें एसीसी कॉलोनी में 200 और बीआइटी के 800 घरों में कनेक्शन हो चुका है। इसके अलावा एसीसी प्लांट में भी गैस की नियमित सप्लाई हो रही है। यह व्यवस्था अन्य क्षेत्रों के लिए मॉडल के रूप में देखी जा रही है।

### जल्द शुरू होगी नई सप्लाई

पीएनजी गैस एलपीजी के मुकाबले 30 से 40 प्रतिशत तक सस्ती है और यह लगातार उपलब्ध रहने के कारण अधिक सुरक्षित मानी जाती है। इस्तेमाल के अनुसार बिलिंग होने से उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सुविधा मिलती है। कुसुम विहार और सरायढेला जैसे क्षेत्रों में काम पूरा हो चुका है और अब मशीन के जरिए हाई प्रेशर गैस को लो प्रेशर में बदलने का काम शुरू किया जाएग।

## सरायकेला में समाजसेवी पवन कवि समर्थक समेत हुए भाजपा में शामिल

**सरायकेला।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में समाजसेवी पवन कवि ने कई समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया है। इस कार्यक्रम को भाजपा जिला कार्यालय में एक सादे समारोह के रूप में आयोजित किया गया।

कई युवाओं ने झामुमो सहित विभिन्न राजनीतिक दल को छोड़कर समाजसेवी पवन कवि के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुए। समारोह में जिला अध्यक्ष हरेकृष्ण प्रधान, नगर अध्यक्ष बीजू दत्ता, जिला उपाध्यक्ष राजा सिंहदेव, नगर महासचिव सुमित चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सभी का माला पहनाकर माला पहनाकर और भगवा झंडा ओढ़ाकर पार्टी में शामिल किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष इस मौके पर ये कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जिसमे एक साधारण कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है।

## आज हजारीबाग बंद : विष्णुगढ़ की मासूम बेटी को न्याय दिलाने के लिए देर शाम निकला मशाल जुलूस

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय अबोध बालिका के साथ हुई दरिंदगी और फिर उसकी निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना ने पूरे झारखंड को झकझोर कर रख दिया है। इस वीभत्स और अमानवीय कृत्य के विरोध में तथा दोषियों पर अविलंब कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की घोषणा के अनुरूप सोमवार यानी 30 मार्च को हजारीबाग जिला पूर्णतः बंद रहेगा। इस गंभीर विषय पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गहरी संवेदना और आक्रोश व्यक्त करते हुए हजारीबाग जिला वासियों से इस बंदी को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया है। सांसद जायसवाल ने कहा कि हमारी मासूम बेटी के साथ जो हुआ वह मानवता पर कलंक है और प्रशासन को नींद से जगाने के लिए हम सबको एकजुट होना होगा।

उन्होंने जिले के तमाम व्यवसायियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपने-अपने प्रतिष्ठान स्वतः बंद रखकर इस विरोध प्रदर्शन में सहभागी बनने का विनम्र आग्रह किया है। हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भी इस बंदी के समर्थन में जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महज बंदी का आह्वान नहीं, बल्कि उस अबोध बालिका को न्याय दिलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हजारीबाग की सामूहिक आवाज है।

भाजपा ने विश्वास जताया है कि हजारीबाग की जनता अपनी संवेदना प्रकट करते हुए इस बंदी को पूर्णतः सफल बनाएगी ताकि सोई हुई सरकार और प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके।

वहीं बंदी को लेकर देर संध्या सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की अगुवाई में मशाल जुलूस निकाला गया । दोनो जनप्रतिनिधियों ने आम लोगों से न्याय के लिए किए जाने वाले आंदोलन में आगे आने की अपील किया है ।

**समारोह** | नगर निकाय चुनाव में जीत को लेकर झामुमो ने किया सम्मान समारोह

# नगर के विकास में कोई बाधा नहीं आएगी : नितिन

- **आने वाले पंचायत चुनाव में भी झामुमो मजबूती से चुनाव लड़ेगी**

नवीन मेल संवाददाता




**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला समिति की ओर से चाईबासा और चक्रधरपुर नगर निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले झामुमो समर्थित उम्मीदवारों के लिए रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चाईबासा नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश और चक्रधरपुर नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव को सम्मानित किया गया। सन्नी उरांव ने कहा कि पहले नगर निकाय चुनाव में झामुमो समर्थित उम्मीदवारों को कम वोट मिलते थे, लेकिन इस बार जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विश्वास जताते हुए पार्टी को जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में भी झामुमो मजबूती से चुनाव लड़ेगी। नितिन प्रकाश ने कहा कि चाईबासा नगर के विकास में कोई बाधा नहीं आएगी। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हुई बातचीत में शहर के विकास को लेकर स्पष्ट आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता होगी। पश्चिमी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन ने कहा कि नितिन प्रकाश और सन्नी उरांव की जीत से दोनों नगरों का विकास तेज होगा। झामुमो जिला अध्यक्ष सोनाराम देवगम ने इस जीत के लिए विधायक सह मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा माझी, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव और जगत माझी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पार्टी शहरी मतदाताओं के बीच मजबूत हुई है। समारोह में राहुल आदित्य, बुधराम लागुरी, भुवनेश्वर महतो, मोनिका बोयपाई, दिनेश चंद्र महतो, मिथुन गागराई, दीपक प्रधान, अशोक दास, अकबर खान, प्रेम मुंडरी, मन्नाराम कुदादा, अभिषेक कुमार सिंकू, सनातन पिंगुवा, मंजीत हासदा, दुर्गा चरण देवगम, सतीश सुंडी, सोंगा बुढ़िउली, राहुल तिवारी, वासिम अकरम, मो. तैसिन सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में हालिया नगर निकाय चुनाव और बीएल-2 से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। अंत में दिवंगत झामुमो कार्यकर्ताओं की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा गया।

## कल्पना पटवारी के गीतों ने बांधा समा, झूमे श्रद्धालु

**गिरीडीह।** एसएसकेबी हाइस्कूल मैदान में चैती दुर्गा पूजा समिति जामतारा ने जागरण का आयोजन किया। इस धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी गायिका कल्पना पटवारी ने अपने गीतों से संमा बांध दिया। श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। जागरण की शुरुआत आयोजक रमेश प्रभाकर, भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल, निर्मल जायसवाल व आशीष जायसवाल ने किया। इसके बाद उन्होंने केला के पात, शेर पे सवार होके, लोकगीत प्रस्तुत किये। पूरी रात पंडाल जय माता दी के जयकारे से गूंजता रहा। कल्पना ने ना केवल अपनी गायिकी बल्कि मंच पर अपनी ऊर्जा और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से भी लोगों का दिल जीत लिया।

## बिजली बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से लगी आग, हताहत नहीं




**बानो।** प्रखंड से सेट जराकेल निवासी मोहन सिंह के घर में बिजली बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। इस घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य बगल में ही भाई के घर समधी गोत्यारी कार्यक्रम में व्यस्त थे। घर के एक कमरा में रखे पलंग, अलमारी, स्टैंड पंखा, सभी कपड़े, एवं स्कूटी के कागजात, लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड और भी अन्य कागजात पूरी तरह जल कर राख हो गया,इस घटना से किसी को कोई हताहत नहीं हुई है। भुक्तभोगी प्रशासन से क्षतिपूर्ति की अपेक्षित मांग करने की बात कही। इस घटना के वक्त आग पर काबू पाने के लिए उपस्थित ग्रामीण, कृष्ण सिंह, किशोर सिंह, फगुआ सिंह, रेशमा कुमारी, सुमित सिंह आदि सहयोग किए।

राष्ट्रीय नवीन मेल

# क्या पश्चिम की तरह लिव इन को भारत स्वीकार कर पाएगा?

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

रांची के एक पॉश कॉलोनी में रहने वाले विधायी मामलों के विशेषज्ञ एक अवकाश प्राप्त वरिष्ठ अधिकारी ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से शिकायत की कि उनकी सोसायटी में कुछ अविवाहित लोग वेश्यावृति करा रहे हैं और समझाने पर बड़े-बड़े लोगों से अपने संबंध होने की धौंस दे रहे हैं, जिससे माहौल खराब हो रहा है। बातचीत से पता चला कि किसी महानगर से ट्रांसफर होकर आए युवा लिव इन यानी स्वैच्छिक सहवास की स्वतंत्रता का हवाला दे रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने भी कहा कि इस मामले में गैर कानूनी कुछ भी नहीं है यदि जोड़े की आपसी सहमति है ! इससे समझा जा सकता है कि झारखंड के समाज को इस नई स्वतंत्रता को स्वीकार करना ही पडेगा जबकि शिकायतकर्ता अधिकारी इस बात को लेकर चिंतित थे कि जब सोसायटी के अन्य युवा ऐसा करेंगे तब वे कैसे रोकेंगे ? हाल ही में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि "जब कोई विवाहित व्यक्ति एक एक बालिग औरत के साथ उसकी सहमति से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा हो, तो कोई जुर्म नहीं है। नैतिकता और कानून को अलग रखना होगा। कोर्ट ने कहा, 'अगर कानून के तहत कोई जुर्म नहीं हुआ है, तो समाज की राय और नैतिकता कोर्ट को गाइड नहीं करेगी।" लिव इन में रह रही युवती ने बताया कि घरवाले जान से मारने की धमकी दे रहे और पुलिस कार्रवाई नही कर रही। इस पर कोर्ट ने कहा, "साथ रहने वाले दो बालिगों की रक्षा करना पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है। ऐसे मामलों में सुरक्षा सुनिश्चित करने की अहम जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक की होती है।" उल्लेखनीय है सुप्रीम कोर्ट कई फैसलों में कह चुका है कि दो वयस्कों का साथ रहना उनके मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 21) का हिस्सा है। 2018 में जोसेफ शाइन बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने व्याभिचार (एडल्टरी) की 158 साल पुरानी आईपीसी की धारा 497 को खत्म कर दिया। अब यह केवल तलाक या न्यायिक अलगाव के लिए एक दीवानी आधार है, न कि जेल की सजा का कारण। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की बेंच ने एक जोड़े द्वारा सुरक्षा मांगे जाने पर कहा था, जब कोई बालिग व्यक्ति अपना पार्टनर चुन लेता है तो किसी अन्य व्यक्ति, चाहे वह परिवार का सदस्य ही क्यों न हो, उसको आपत्ति करने और उनके शांतिपूर्ण जीवन में बाधा डालने का अधिकार नहीं है। हर नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है। महिला अधिकारों से जुड़े जानकारों का मानना है कि यह फैसला पुरुषों को विवाहेतर संबंधों के लिए खुली छूट जैसा संदेश दे सकता है। भले ही अदालत ने इसे केवल अपराध की परिभाषा तक सीमित रखा हो, लेकिन सामाजिक स्तर पर इसका अर्थ यह निकाला जा रहा है कि शादीशुदा पुरुष अब दूसरी महिला के साथ रहने के लिए कानून की आड़ ले सकता है। इसका सीधा असर पत्नी के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक सम्मान और पारिवारिक स्थिरता पर पड़ सकता है। भारतीय परिवार व्यवस्था में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि सामाजिक और कानूनी जिम्मेदारियों का ढांचा भी है। ऐसे में यदि पति बिना तलाक लिए किसी अन्य महिला के साथ लिव इन में रहने लगे और इसे अपराध न माना जाए, तो सबसे ज्यादा असुरक्षा पत्नी को महसूस होगी। उसे भावनात्मक आघात के साथ-साथ बच्चों, संपत्ति, भरण-पोषण और सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़े सवालों का भी सामना करना पड़ सकता है। जबकि कानूनी विशेषज्ञ यह भी याद दिला रहे हैं कि अदालत ने नैतिकता और अपराध को अलग रखने की बात कही है, इसका अर्थ यह नहीं कि विवाह संस्था के भीतर पत्नी के अन्य कानूनी अधिकार समाप्त हो गए हैं। पत्नी अब भी तलाक, भरण-पोषण, घरेलू हिंसा, मानसिक क्रूरता और संपत्ति से जुड़े अधिकारों के तहत न्याय मांग सकती है। फिर भी इस टिप्पणी ने यह बहस तेज कर दी है कि क्या भारतीय कानून में विवाहेतर सहजीवन के सामाजिक परिणामों को लेकर महिलाओं के हितों की पर्याप्त सुरक्षा मौजूद है। यह फैसला एक बार फिर उस पुराने सवाल को सामने लाता है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और वैवाहिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए? भारतीय समाज में विवाह की अवधारणा इतनी गहराई से विद्यमान है कि अगर कोई दो विपरीत लिंग के व्यक्ति शादी किए बिना यौन संबंध बनाना वर्जित माना जाता है परिणामस्वरूप उन जोड़ों को सामाजिक अपमान का सामना करना पड़ता है। विवाह न केवल पुरुष व महिला का बंधन है, बल्कि यह दो परिवारों का भी बंधन है। लेकिन जब विपरीत लिंग के दो व्यक्ति एक साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहते हैं तो समाज न केवल उनके चरित्र पर संदेह करता हैं बल्कि उनके परिवार की परवरिश पर भी सवाल उठाने लगते हैं और इसलिए कभी-कभी माता-पिता भी लिव इन रिलेशनशिप के लिए समर्थन नहीं करते हैं। हालांकि, बैंगलोर, दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरीय शहरों में अब चीजें बदल रही हैं, और लोग लिव-इन रिलेशनशिप को रिश्ते के वैध रूप के रूप में स्वीकार करने लगे हैं, लेकिन पारंपरिक भारत में स्थिति अभी बदली नहीं है। ग्रामीण झारखंड में लोग ढूकु (लिव इन) के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण नहीं रखते हैं। इसके विपरीत पश्चिमी समाजों में विवाह को पारिवारिक निर्णय के बजाय एक व्यक्तिगत पसंद के रूप में देखा जाता है। इसलिए पश्चिमी समाज में भारतीय समाज की तुलना में व्यक्तिगत स्वतंत्रता अधिक है। भारत में बहुत से लोग मानते हैं कि लिव इन रिलेशनशिप यौन इच्छाओं को पूरा करने का एक तरीका है और इसलिए यह वेश्यावृत्ति के समान है। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता अवनीश रंजन मिश्र का कहना है 'एक पुरुष शादी शुदा होते हुए यदि पहली पत्नी से विधि सम्मत तरीके से विवाह विच्छेद किए बगैर दूसरे संबंध में रहता है तो ये बहुविवाह /पर स्त्री गमन कहलाता है ये भारतीय दंड संहिता की धारा 494 और वर्तमान में भारतीय न्याय संहिता की धारा 82 में अपराध है,जो संज्ञेय प्रकृति का है, वहीं दूसरी ओर पत्नी यदि पर पुरुष गमन/व्यभिचार करती है तो पूर्व में 497 भा द वि में यह अपराध था जिसे विलोपित किया गया है, अभिप्राय यह कि ऐसे विषय में पत्नी पर अपराधिक वाद नहीं चलाया जा सकता पर व्यभिचार विवाह विच्छेद का आधार हो सकता है। जहां तक दो बालिग को सहमति से साथ रहने का अधिकार है वो भारतीय न्याय संहिता की धारा 82 की परिधि से परे होना चाहिए।' अदालत कानून की सटीक व्याख्या करती है पर क्या पारंपरिक भारतीय समाज इसे स्वीकार करेगा?

विचार प्रवाह

ईश्वर के साथ समरस होना और उनमें पूर्ण विश्वास 'रखना, जहां भी वे आपको रखें और आपके साथ जो भी करें उसी में संतुष्ट रहना, सब कुछ नम्रता एवं भक्ति से स्वीकार करना, अत्यंत अद्भुत होता है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

# अहिंसा के अग्रदूत तीर्थंकर महावीर

आज की बात



पंकज वत्सल

> महावीर के उपदेशों का मूल आधार पांच सिद्धांत हैं-अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। इनमें अहिंसा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने सिखाया कि हर जीव, चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, सम्मान के योग्य है और उसे हानि नहीं पहुंचानी चाहिए



तीर्थंकर महावीर भारतीय आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपराओं में एक अत्यंत पूजनीय स्थान रखते हैं। वे उस समय इस धरती पर आए जब समाज अंधविश्वास, असमानता, असहिष्णुता, अशांति और दुःख से ग्रस्त था। भटके हुए समाज को सही मार्ग पर लाने के लिए उन्होंने धर्म की ऐसी व्याख्या प्रस्तुत की जो आम जन की समझ के अनुरूप थी। उन्होंने जैन धर्म को सुदृढ़, संगठित और व्यवस्थित किया तथा अहिंसा, सत्य और करुणा का संदेश फैलाया। अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी जाने वाली महावीर जयंती केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि उन शाश्वत मूल्यों की याद दिलाता है जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व में बिहार में चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को एक राजघराने में हुआ था। उनके पिता राजा सिद्धार्थ और माता रानी त्रिशला थीं, जो अपने सद्गुणों और ज्ञान के लिए प्रसिद्ध थीं। दिगंबर संप्रदाय कुंडलपुर (नालंदा) को उनका जन्मस्थान मानता है, जबकि श्वेतांबर जैन जमुई जिले के लछुआड क्षेत्र को मानते हैं। हालांकि अधिकांश इतिहासकार वैशाली जिला स्थित कुंडग्राम को उनका वास्तविक जन्मस्थान मानते हैं। जैन मान्यताओं के अनुसार उनके जन्म के समय उनकी माता ने कई शुभ स्वप्न देखे, जो एक महान आत्मा के आगमन का संकेत थे। उनका नाम वर्धमान रखा गया, जिसका अर्थ है "विकास करने वाला", क्योंकि उनके जन्म के बाद राज्य में समृद्धि बढ़ी।

बचपन से ही महावीर में साहस, अनुशासन और करुणा के गुण दिखाई देते थे। वे अपनी दृढ़ता, तीव्र बुद्धि, निर्भीकता और सुख-दुःख के प्रति उदासीनता के लिए जाने जाते थे। राजसी जीवन में पले-बढ़े होने के बावजूद उन्हें भौतिक सुखों से कोई लगाव नहीं था। लघभग 30 वर्ष की आयु में उन्होंने राजपाट, परिवार और सभी संपत्तियों का त्याग कर आध्यात्मिक ज्ञान की खोज शुरू की। दिगंबर परंपरा के अनुसार वे अविवाहित रहे, जबकि श्वेतांबर परंपरा के अनुसार उनका विवाह यशोदा से हुआ और उनकी एक पुत्री प्रियदर्शना थी।

अगले 12 वर्षों तक उन्होंने कठोर तप और साधना की। इस दौरान उन्होंने अत्यधिक आत्मसंयम का पालन किया, कठिनाइयों को धैर्यपूर्वक सहा और लंबे समय तक मौन साधना की। अंततः झारखंड के गिरिडीह जिले में बाराकर नदी (तत्कालीन नाम रिजुबालिका) के तट पर साल वृक्ष के नीचे उन्हें केवलज्ञान (सर्वज्ञता) की प्राप्ति हुई। ज्ञान प्राप्ति के बाद उन्होंने अपना जीवन लोगों को धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा देने में समर्पित कर दिया। उनका यह त्याग जैन धर्म में वैराग्य का प्रतीक है।

महावीर के उपदेशों का मूल आधार पांच सिद्धांत हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। इनमें अहिंसा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने सिखाया कि हर जीव, चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, सम्मान के योग्य है और उसे हानि नहीं पहुँचानी चाहिए। उनकी अहिंसा केवल कर्म तक सीमित नहीं थी, बल्कि विचार और वाणी तक भी विस्तृत थी। यह सिद्धांत लोगों को सरल, ईमानदार और नैतिक जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

महावीर ने महिलाओं के सम्मान, सामाजिक समानता और अनावश्यक आडंबरों से दूर रहने पर भी जोर दिया। उनका मानना था कि मोक्ष प्राप्ति के लिए सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक आचरण—इन तीनों का एक साथ होना आवश्यक है। जो व्यक्ति इन गुणों को अपनाता है, उसका जीवन और दूसरों के प्रति दृष्टिकोण पूरी तरह बदल जाता है। आज के तेज़-रफ्तार और संघर्षपूर्ण समय में महावीर के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। उनकी अहिंसा की शिक्षा सामाजिक संघर्षों, पर्यावरणीय समस्याओं, पशु क्रूरता और वैश्विक तनाव जैसे मुद्दों के समाधान में मार्गदर्शन दे सकती है। सभी जीवों के प्रति सम्मान की भावना एक संतुलित और सामंजस्यपूर्ण जीवन की ओर प्रेरित करती है। इसी प्रकार अपरिग्रह का सिद्धांत उपभोक्तावाद के इस युग में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें अपनी इच्छाओं को सीमित करने और भौतिक वस्तुओं के बजाय आध्यात्मिक उन्नति पर ध्यान केंद्रित करने की शिक्षा देता है। सत्य का सिद्धांत हमें जीवन में पारदर्शिता, ईमानदारी और उत्तरदायित्व अपनाने के लिए प्रेरित करता है।


यह पर्व हमें करुणा, सत्य और आत्मसंयम से युक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। भगवान महावीर की शिक्षाएँ आंतरिक शांति और सामाजिक सद्भाव का मार्ग दिखाती हैं, जिससे उनका संदेश सदैव प्रासंगिक बना रहता है। उनके जीवन को स्मरण करते हुए हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। भगवान महावीर ने बिहार के पावापुरी (अपापपुरी यानी पापमुक्त शहर) में लगभग 72 वर्ष की आयु में देह त्यागकर मोक्ष प्राप्त किया। कहा जाता है कि उन्होंने 48 घंटे तक निरंतर प्रवचन (अंतिम देशना) दिया, जिसके बाद वे अचेत हो गए। जैन आस्था के अनुसार उनके अंतिम संस्कार में बहुत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे जो उनकी पवित्र निर्वाण भूमि की, चिता के आसपास की एक-एक चुटकी मिट्टी निकलकर ले गए, जिससे वहाँ एक विशाल जलाशय बन गया। आज उसी स्थान पर कमल सरोवर के मध्य स्थित भव्य संगमरमर का जलमंदिर श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। ऐसा विश्वास है कि यहाँ दर्शन करने से व्यक्ति के पाप नष्ट हो जाते हैं।

**(लेखक बिरसा कृषि विवि में कार्यरत हैं। जैन दर्शन, अहिंसा, शाकाहार, नशामुक्ति एवं जीव दया इनकी रुचि के विषयों में शामिल हैं )**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# हम अपने अंदर छिपी है अनंत शक्ति



स्वामी चिन्मयानंद

मनुष्य को महानता प्राप्त करने का अवसर मिला है। वह स्वभावत: सफलता की ओर बढ़ता है। फिर भी हम देखते हैं कि संसार में करोड़ों मनुष्य असफलता, पीड़ा और दु:ख से भरा निराशामय जीवन जी रहे हैं। आधुनिक समाज में सफल मनुष्यों में भी सैकड़ों लोग निराश, उदास और शिथिल दिखाई देते हैं। वर्तमान भौतिक जगत में स्पर्धा की चक्की में अगणित लोग पिस रहे हैं। संसार के सभी धर्मग्रन्थ एक स्वर से यही शिक्षा दे रहे हैं कि यदि मनुष्य अपनी योग्यता और क्षमता को समझे और अपने अंदर उसे जाग्रत करने की कला सीखे तो निश्चय ही मनुष्य जाति की यह दुर्दशा न हो। वेदांत का यह डिमडिम घोष है कि मनुष्य तत्वत: पूर्ण है, इसलिए उसके अंदर अनंत शक्तियां प्रकट होने के लिए उचकती रहती हैं। ऋषियों के मतानुसार हम सबको अपने अंदर छिपी शक्ति, योग्यता, क्षमता और कुशलता को पहचान कर अपने जीवन को पूर्णत: सफल बनाने का प्रयास करना चाहिए। इसी से अपने जगत् के अन्य लोगों का भी कल्याण होगा। हम सबको यह एक बहुत बड़ा उपहार मिला है कि हम अपने अंदर छिपी अनंत शक्ति को खोजकर उसे उपयोगी कार्यों में लगा सकते हैं। जीवन का सबसे बड़ा सदुपयोग यही है कि हम अपने अंदर छिपी क्षमताओं की खोज में लगें और अपने कार्य-व्यापारं को इस प्रकार नियोजित करें कि वह शक्ति परिपक्व होकर प्रस्फुटित हो। इस प्रकार हमारे व्यक्तित्व और चरित्र में जितना विकास होगा, उसी के अनुपात में हमें सब प्रकार की सफलतायें भी मिलेंगी।

*-पुस्तक अवश्य करें से साभार*

# कामदेव कर पूजा कर दिन हके अनंग त्रयोदशी

अलग बात



अशोक 'प्रवृद्ध'


चैत महीना कर सुकल पख कर तेरस (त्रयोदशी) के अनंग तेरस कहल जायला। अनंग, कामदेव कर ही एगो नाम हके, एहेले ई दिन कामदेव कर पूजा करल जायला। कामदेव कर पूजा करले मनुख कर रूप-रंग आउर सुभाव मनमोहक होय जायला। ऊकर में अइसन खिंचाव आवेला कि जे केउ ऊकर से मिलेला, उ ऊकर परभाव में आय जायला। अनंग तेरस के कामदेव कर पूजा करले विपरीत-संबंध (प्रेम संबंध) में सफलता मिलेला। ई बछर 2026में, चैत सुकल तेरस 31 मार्च दिन मंगर (मंगलवार) के पड़त हे, एहेले ओहे दिन अनंग तेरस कर परब मनायल जाई। मानल जायला कि ई दिन महादेव, माता पारबती, कामदेव आउर रति कर पूजा करले पिरीत गहिरा होवेला। ई दिन खास करके माया आउर जोड़ा-जेंवरी (दांपत्य) जीवन ले भारी महतव रखेला। माया-बिहा (प्रेम विवाह) में आवे वाला अड़चन मन दूर होय जायना आउर घर-संसार में मरद-मेहरारू के बीच नीक तालमेल बनल रहेला। ई दिन कुछ खास उपाय करले जोड़ा मनक जिनगी सुख-सांति से भईर जायला। ईकर से एक दिन पईहले चैत सुकल द्वादशी के मदन द्वादशी मनाल जायला। कामदेव के मदन नाव से भी जानल जायला, से ले ई दिन भी कामदेव के हे समर्पित मानल जायला। पुराण मन में कामदेव के माया (प्रेम) आउर काम कर देवता मानल जाला। उनकर रूप-रंग एकदम जवान आउर मनमोहक है। ऊ बिहाएल हंय आउर रति उनकर मेहरारू (पत्नी) हकैं। ऊ एतना बलवान हंय कि उनकर ले कोनो ढाल चाहे कवच कर बात नी करल जाय। उनकर दोसर नाम मन में रागवृंत, अनंग, कंदर्प, मनमथ, मनसिजा, मदन, रतिकांत, पुष्पवान अउर पुष्पधंव भारी परसिद्ध हे। कामदेव, माई लछमी आउर भगवान बिष्नु कर बेटा हंय। कृष्ण कर बेटा प्रद्युम्न के कामदेव कर अवतार मानल जाला। हिंदू धरम कर वैष्णव मन, कामदेव कर आध्यात्मिक रूप के कृष्ण भगवान कर ही रूप मानेना ।कामदेव कर धनुष परकिति कर सबले बेसी मजबूत चीज मन में से एगो हके। ई धनुष मनुख कर काम (इच्छा) में थिरता आउर चंचलता नियर उल्टा गुन मन से भरल है। एहेले ईकर एगो कोना थिरता कर आउर दोसर कोना चंचलता कर निसानी हके। बसंत, कामदेव कर संगी (मीत) हंय, एहेले कामदेव कर धनुष फूल मन से बनल रहेला। ई धनुष कर डोरी (कमान) ले कोनो आवाज नी निकलेला। ईकर मतलब ई है कि काम (प्रेम) में सालीनता आउर धीरज जरूरी है ।तीर, कामदेव कर सबले बड़ हथियार हके। ई जेके भी बींधेला, ऊकर से पहिले न तो आवाज करेला आउर न ही सिकार के संभलेक मौका देवेला। ई तीर कर तीन कोना होवेला, जेके तीनो लोक कर निसानी मानल जायला। एकर में एगो कोना ब्रह्मा जी कर अधीन है, जे जनम (निर्माण) कर निसानी हके। ई दुनिया के बढ़ाएक में मदद करेला। दोसर कोना बिष्नु भगवान कर अधीन हे, जे ओंकारमाने कि पेट भरेक ले होवेला। ई मनुख के करम करेक प्रेरणा देवेला। कामदेव कर तीर कर तीसरा कोना महादेव कर अधीन हे, जे मकारमाने कि मोछ (मुक्ति) कर निसानी हके। ई मनुख के मुकति कर डहर बतायला। काम (सृष्टि) खाली दुनिया बढ़ाएक ले जरूरी नखे, बल्कि मनुख के करम कर डहर बताएक आउर अंत में मोछ देवेक रस्ता भी देखाएला ।कामदेव कर धनुष कर निसाना विपरीत लिंगी (मरद-मेहरारू कर खिंचाव) होवेला। एहे खिंचाव से बंध के पूरा दुनिया चलत हे। कामदेव कर एगो लक्ष्य उ खुद हंय, जेके पुरुष मानल जायला, आउर दोसर रति हंय, जेके जनाना रूप में जानल जायला। कवच सुरक्षा कर निसानी हके। कामदेव कर रूप एतना बलवान है कि जे ऊकर सुरक्षा नी करल जाई तो उ तबाही (विप्लव) लाय सकेला। एहेले ई कवच कामदेव कर सुरक्षा ले बंधल है। मतलब ई कि सुरक्षित काम, परकिति कर बेबहार ले जरूरी मानल गेल हे, ताकि समाजीक बुराई आउर भयंकर बेमारी मन के दूर राखल जाय सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

'रक्तबीज' दो शब्द क्या, हैं प्रतीक संदर्भ।
तप के, वर के, पाप के, मिले जहां पर गर्भ।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# देश के लिए संपत्ति दान करने वाले थे जमनालाल बजाज

देश की बात



हृदयानंद मिश्र



महात्मा गांधी के 'पांचवें पुत्र' के रूप में जाने जाने वाले और बजाज समूह के संस्थापक-जमनालाल बजाज वे एक ऐसे अद्वितीय व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपनी विशाल संपत्ति और व्यापारिक बुद्धि को पूरी तरह से देश की आजादी और सामाजिक सुधारों के लिए समर्पित कर दिया। जमनालाल जी का जन्म 4 नवंबर 1889 को राजस्थान के सीकर जिले के काशी का बास गाँव में एक साधारण परिवार में हुआ था। बाद में उन्हें वर्धा के एक धनी व्यापारी सेठ बच्छराज ने गोद ले लिया, जहां से उनके औद्योगिक और सामाजिक जीवन की शुरुआत हुई।

### प्रमुख उपलब्धिया और राष्ट्र निर्माण

**गांधी जी के 'पांचवें पुत्र':** जमनालाल जी महात्मा गांधी के विचारों से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने गांधी जी को अपना पिता मान लिया। गांधी जी भी उन्हें अपना 'पांचवां बेटा' कहते थे। उन्होंने गांधी जी के आग्रह पर ही वर्धा में अपना घर और संसाधन साबरमती आश्रम की तर्ज पर समर्पित कर दिए।

**बजाज समूह की स्थापना (1926) :** उन्होंने बजाज समूह की नींव रखी, जो आज भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स में से एक है। उनके लिए व्यापार का अर्थ केवल मुनाफा नहीं, बल्कि राष्ट्र की सेवा था।

**स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका :** उन्होंने असहयोग आंदोलन और झंडा सत्याग्रह में सक्रिय भाग लिया। ब्रिटिश सरकार द्वारा दी गई 'राय बहादुर' की उपाधि को उन्होंने विरोध स्वरूप वापस लौटा दिया, जो उनकी देशभक्ति का प्रमाण था।

**छुआछूत के विरुद्ध संघर्ष :** 1928 में उन्होंने वर्धा स्थित अपने पारिवारिक मंदिर (लक्ष्मण नारायण मंदिर) के दरवाजे दलितों के लिए खोल दिए। यह उस दौर में सामाजिक समानता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम था।

**खादी और ग्रामोद्योग :** वे खादी के कट्टर समर्थक थे। उन्होंने अखिल भारतीय चरखा संघ के कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य किया और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन लगा दिया।

**जमनालाल जी का दर्शन :** जमनालाल बजाज "ट्रस्टीशिप" के सिद्धांत के जीवित उदाहरण थे। उनका मानना था कि एक व्यापारी समाज का ट्रस्टी होता है और उसे अपनी संपत्ति का उपयोग जनहित में करना चाहिए। "व्यवसाय में ईमानदारी केवल एक नीति नहीं, बल्कि एक धर्म होना चाहिए।"

**विरासत :** जमनालाल जी के बाद उनके बेटों-कमलनयन और रामकृष्ण बजाज-और बाद में उनके पोते राहुल बजाज ने बजाज समूह को वैश्विक ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी स्मृति में हर साल 'जमनालाल बजाज पुरस्कार' दिया जाता है, जो रचनात्मक कार्यों और गांधीवादी मूल्यों को बढ़ावा देने वालों को सम्मानित करता है। जमनालाल बजाज का जीवन सादगी, त्याग और उच्च नैतिक मूल्यों की एक अमर गाथा है। भारतीय उद्योग और स्वतंत्रता संग्राम के इस 'अनमोल रत्न' को हमारा सादर नमन!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने मध्य पूर्व में 3,500 मरीन सैनिक किए तैनात



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

● अमेरिकी केंद्रीय कमान के करीब 3,500 मरीन और नाविक मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं

● यह जहाज 31वीं मरीन अभियान इकाई और ट्रिपोली एम्फीबियस रेडी ग्रुप का हिस्सा है

ईरान के साथ जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच अमेरिका ने मध्य पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, करीब 3,500 मरीन और नाविकों का एक दल मध्य पूर्व पहुंच चुका है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संक्षिप्त पोस्ट में कहा, यूएसएस ट्रिपोली पर सवार नाविक और मरीन 27 मार्च को यूएस सेंट्रल कमांड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में पहुंच गए। सेंटकॉम ने बताया कि यह जहाज अमेरिका की 'अमेरिका-क्लास' का एक बड़ा हमला करने वाला युद्धपोत है, जो ट्रिपोली एम्फीबियस रेडी ग्रुप और 31वीं मरीन एक्सपीडिशनरी यूनिट का मुख्य जहाज है। इस पूरे दल में करीब 3,500 सैनिक शामिल हैं। इनके पास लड़ाकू विमान, हमले करने वाले हेलीकॉप्टर और समुद्र व जमीन दोनों जगह ऑपरेशन करने की क्षमता है। यह तैनाती अमेरिका की उस बड़ी सैन्य तैयारी का हिस्सा है, जो ईरान के साथ बढ़ते तनाव को देखते हुए की जा रही है। इस तरह की फोर्स को जल्दी कार्रवाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जैसे अहम जगहों पर कब्जा करना, लोगों को सुरक्षित निकालना या समुद्र किनारे हमले करना। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने गुरुवार को पहले रिपोर्ट दी थी कि पेंटागन मध्य पूर्व में 10,000 तक अतिरिक्त जमीन सैनिकों को तैनात करने पर विचार कर रहा है, ताकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास कूटनीति के अलावा सैन्य विकल्प भी रहें।

## अमेरिकी यूनिवर्सिटी पर हमले की दी खुली धमकी, कैंपस खाली करने की अपील की



**नई दिल्ली।** ईरान ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर हमला करने की कड़ी चेतावनी दी है। दरअसल, ईरानी सरकार ने आरोप लगाया है कि अमेरिका और इजरायल जानबूझकर ईरान के विश्वविद्यालयों और स्कूलों को टारगेट कर रहे हैं। ऐसे में अब इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने मिडिल ईस्ट में अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी दी। आईआरजीसी ने कहा है कि अमेरिका और इजरायली हमलों में ईरान की दो यूनिवर्सिटी तबाह हो गई हैं। ईरानी मीडिया की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, "अगर अमेरिकी सरकार चाहती है कि इस इलाके में उसके विश्वविद्यालय बदले की कार्रवाई से बचे रहें, तो उसे सोमवार, 30 मार्च को तेहरान टाइम के हिसाब से दोपहर 12 बजे तक एक आधिकारिक बयान में ईरानी यूनिवर्सिटी पर बमबारी की निंदा करनी चाहिए। आईआरजीसी ने लोगों को यूनिवर्सिटी से एक किलोमीटर दूर रहने के लिए कहा है। बयान में आगे कहा गया, "हम इस इलाके में मौजूद अमेरिकी विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों, प्रोफेसरों और छात्रों और उनके आस-पास के इलाकों में रहने वाले लोगों को सलाह देते हैं कि वे कैंपस से एक किलोमीटर दूर रहें।"बता दें, खाड़ी देशों में अमेरिका के कई विश्वविद्यालय संचालित होते है। खाड़ी के इलाके में कतर में टेक्सास एएंडएम यूनिवर्सिटी और यूनाइटेड अरब अमीरात में न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी मौजूद है।

## ईरानी स्पीकर का आरोप, कूटनीतिक कोशिशों के बावजूद हम पर जमीनी ऑपरेशन की साजिश



**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गलीबाफ ने आरोप लगाया है कि कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद अमेरिका 'चुपके से' जमीनी अभियान की साजिश रच रहा है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने गलीबाफ का बयान जारी किया। गलीबाफ ने कहा, "वो सार्वजनिक तौर पर बातचीत और संवाद के संदेश भेजते हैं, जबकि गुप-चुप तरीके से जमीनी हमले की योजना भी बना रहे हैं।"संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गलीबाफ ने कहा कि उनकी सेना अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर आने का इंतजार कर रही है और उन्हें कड़ा जवाब देगी। ईरानी फोर्स पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट में 2500 अमेरिकी मरीन की तैनाती से तनाव बढ़ा है। वह आगे कहते हैं, "हमारे लोग जमीन पर अमेरिकी सैनिकों के आने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनके क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ उन्हें सजा दे सकें।"ईरान में अमेरिकी जमीनी सैनिकों की संभावित तैनाती को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को कहा कि एंफीबियस हमलावर जहाज यूएसएस त्रिपोली मध्य पूर्व में पहुंच गया है। सेंट्रल कमांड ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह जहाज शुक्रवार को इस क्षेत्र में पहुंचा; यह जहाज "लगभग 3,500" मरीन और नाविकों को ले जाने वाला प्रमुख जहाज है। इसने कहा कि इस समूह में "परिवहन और लड़ाकू विमान, साथ ही एंफिबियस (जमीन और पानी दोनों में समान रूप से प्रभावी) हमलावर और सामरिक संपत्तियां" भी शामिल हैं।2020 से बतौर संसद स्पीकर पर काम कर रहे हैं। तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, उन्होंने अपने संदेश में कहा, "अमेरिका 15 बिंदुओं की एक सूची के जरिए अपनी इच्छाएं जाहिर करता है, और उन चीजों को हासिल करने की कोशिश कर रहा है, जिन्हें वह युद्ध में हासिल नहीं कर पाया।

## ईरान में 30 दिन से इंटरनेट बंद, आम लोगों का दुनिया से संपर्क खत्म

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट 30 दिनों से बंद है। पूरी दुनिया से संपर्क लगभग खत्म हो चुका है और देश में इंटरनेट एक्सेस सामान्य स्तर के सिर्फ करीब 1 प्रतिशत तक रह गया है।इंटरनेट मॉनिटरिंग संस्था नेटब्लॉक्स ने ये तथ्य एक्स पर साझा किया है। बताया कि ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट अब 30वें दिन में प्रवेश कर गया है। 696 घंटे बीत चुके हैं। देश में इंटरनेट एक्सेस सामान्य स्तर के सिर्फ करीब 1 प्रतिशत तक रह गया है। इसका मतलब है कि अधिकांश लोग इंटरनेट का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं और देश डिजिटल रूप से दुनिया से लगभग कट चुका है। 28 फरवरी, 2026 को संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त सैन्य हमलों की एक श्रृंखला के बाद से ही इंटरनेट ब्लैकआउट जैसी स्थिति है। मौजूदा हालात के कारण देश के इतिहास में सबसे लंबे डिजिटल शटडाउन हुआ है, इससे लगभग 9 करोड़ नागरिक एक गंभीर राष्ट्रीय संकट के दौरान वैश्विक समुदाय से लगभग पूरी तरह कट गए हैं।यह ब्लैकआउट ठीक उसी समय हुआ जब पश्चिमी देशों ने ईरान के परमाणु और मिसाइल इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाते हुए समन्वित सैन्य अभियान शुरू किए थे। इन हमलों के बीच, ईरानी अधिकारियों ने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत की पुष्टि की।

## पाकिस्तान में दवाओं की कीमतें बढ़ीं, 500 प्रतिशत तक का हुआ इजाफा

**इस्लामाबाद।** मिडिल ईस्ट संघर्ष के बीच पाकिस्तान में दवाओं के दाम में भारी बढ़ोतरी की खबर है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रावलपिंडी में फार्मास्युटिकल हब (दवाओं के प्रमुख केंद्र) बोहोर बाजार में दवाओं की कीमतों में 50 प्रतिशत से लेकर 500 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। डायबिटीज और हाइपरटेंशन, एंटीबायोटिक्स, पेट की बीमारियों और खांसी जैसी तकलीफों में दी जाने वाली जरूरी दवाओं की कीमतें बढ़ गई हैं। पाकिस्तान के जाने-माने अखबार 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक, खुले बाजार में इंसुलिन इंजेक्शन डिवाइस की कीमत 2,200 पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) से बढ़कर 4,720 पीकेआर हो गई है।रविवार को प्रकाशित ये रिपोर्ट बताती है कि विटामिन बी सप्लीमेंट्स की कीमत 500 पीकेआर से बढ़कर 600 पीकेआर हो गई है। इसी तरह, बदहजमी और एसिडिटी की दवा के एक पैकेट की कीमत 530 पीकेआर से बढ़कर 620 पीकेआर हो गई है। न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट्स और विटामिन टैबलेट के एक पैक की कीमत 480 पीकेआर से बढ़कर 510 पीकेआर हो गई है।

## इजरायल का दावा : कुछ ही दिनों में पूरी तरह तबाह हो जाएंगे ईरान के सभी महत्वपूर्ण सैन्य ठिकाने

**यरुशलम।** इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के प्रवक्ता एफी डेफ्रिन ने एक लाइव प्रसारण में कहा कि आने वाले कुछ दिनों में इजरायली सेना ईरान की सैन्य इंडस्ट्री के सभी अहम ठिकानों पर हमले पूरे कर लेगी। आईडीएफ के प्रवक्ता डेफ्रिन ने कहा, "इसका मतलब है कि हम ईरान की ज्यादातर सैन्य उत्पादन क्षमता को खत्म कर देंगे और ईरानी सरकार को उन्हें ठीक करने में बहुत समय लगेगा। उन्होंने आगे कहा, "हम एक व्यवस्थित प्लान के हिसाब से काम कर रहे हैं, जो बड़े हमले के साथ पहले से तैयार है और लगातार स्थिति के हिसाब से बदला जा रहा है। हमारे पास स्थिति को पूरी तरह से बदलने का मौका है। न्यूज़ एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, शनिवार सुबह यमन से इजरायल पर लॉन्च की गई मिसाइल के बारे में डेफ्रिन ने कहा कि इजरायल हूतियों सहित कई मोर्चों पर लड़ाई के लिए तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि "जो कोई भी इजरायली नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## अफगानिस्तान के साथ संघर्ष में अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन कर रहा पाकिस्तान : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद/काबुल।** अफगानिस्तान के साथ अपने संघर्ष में आत्मरक्षा का दावा करने वाले पाकिस्तान की पोल खुली है। एक रिपोर्ट में सामने आया है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के साथ संघर्ष में अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अफगानिस्तान पर हमलों को लेकर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय कानून से नहीं बच सकता है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ अपने संघर्ष में आत्मरक्षा का दावा करने के बावजूद, बल प्रयोग को नियंत्रित करने वाले अंतरराष्ट्रीय कानून की सख्त ज़रूरतों से बच नहीं सकता, खासकर किसी दूसरे देश के इलाके में। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इन नियमों के तहत आनुपातिक जवाब देना और सैन्य तथा नागरिक लक्ष्यों के बीच स्पष्ट अंतर रखना ज़रूरी है। अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'द डिप्लोमैट' की एक रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कानून में ऐसा कोई सिद्धांत नहीं है जो किसी देश को किसी कथित सुरक्षा खतरे का पीछा करने के लिए दूसरे देश के इलाके पर हमला करने, नागरिक क्षेत्रों को तबाह होने के जोखिम में डालने और बाद में इसे सुरक्षा का तर्क देकर सही ठहराने की अनुमति देता हो। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अगर ऐसी दलील मान ली जाती है, तो दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर जाएगी जहां हर देश यह कहकर पड़ोसी देशों पर बमबारी कर सकता है कि 'हमारे पास सबूत हैं।

**मन की बात में पीएम मोदी बोले-**

## मछुआरे केवल समुद्र के योद्धा नहीं वे आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 132वीं कड़ी में देश के मछुआरों के योगदान को सराहा। उन्होंने बताया कि कैसे बंदरगाहों के विकास और आधुनिक तकनीक के समावेश से मछुआरों का जीवन सुगम हो रहा है और मत्स्य पालन क्षेत्र में नवाचार के नए द्वार खुल रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "हमारे मछुआरे भाई-बहन सिर्फ समुद्र के योद्धा नहीं हैं, बल्कि वे आत्मनिर्भर भारत की एक मजबूत नींव भी हैं। वे सुबह होने से पहले समुद्र की लहरों से जूझते हुए, अपने परिवार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में जुट जाते हैं। ऐसे मेहनतकश मछुआरों का जीवन आज कई तरह से आसान बनाया जा रहा है। चाहे बंदरगाहों का विकास हो या



मछुआरों के लिए बीमा, ऐसी कई पहल उनके बहुत काम आ रही है।"प्रधानमंत्री ने आगे कहा, "हम जानते हैं कि समंदर में उनकी गतिविधियों को मौसम का रुख बहुत प्रभावित करता है। इसे देखते हुए तकनीक के जरिए भी उनकी पूरी मदद की जा रही है। मुझे बेहद खुशी है कि ऐसे प्रयासों से हमारा मत्स्य पालन क्षेत्र न केवल समृद्ध हो रहा है, बल्कि कुछ नया करने का जज्बा भी भर रहा है। आज मत्स्य पालन और समुद्री शैवाल के क्षेत्र में नए-नए नवाचार हो रहे हैं और हमारे मछुआरे भाई-बहन आत्मनिर्भर बन रहे हैं।"पीएम मोदी ने कहा, "ओडिशा के सम्बलपुर की सुजाता भूयान जी एक गृहणी थीं, लेकिन वह कुछ नया करके अपने परिवार की और मदद करना चाहती थीं। इसलिए कुछ वर्ष पहले उन्होंने हीराकुंड जलाशय में मछली पालन शुरू की। शुरुआती दिन उनके लिए आसान नहीं थे।

## टीएमसी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को दे रही संरक्षण : संजय सरावगी

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव और ममता बनर्जी को लेकर मीडिया से बातचीत करते हुए प्रतिक्रिया दी। संजय सरावगी ने दावा किया कि टीएमसी अवैध घुसपैठियों, बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को संरक्षण दे रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने एक दिन पहले कहा था कि घुसपैठिए भारत में बंगाल के रास्ते आते हैं। इस पर संजय सरावगी ने कहा, "गृह मंत्री ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार की स्थिति के बारे में बिल्कुल सही कहा है। टीएमसी सरकार घुसपैठियों, शरणार्थियों और बांग्लादेशी नागरिकों को संरक्षण दे रही है। पश्चिम बंगाल के संसाधनों का घुसपैठिए और रोहिंग्या कर रहे हैं। इसकी वजह से बंगाल के लोगों को संसाधनों की कमी हो रही है। पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की आबादी लगातार बढ़ रही है।

## चुनाव आयोग ने सीआरपीएफ के तीन जवानों को किया निलंबित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय बलों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करने वाली एक बड़ी घटना सामने आई है। चुनाव आयोग ने ड्यूटी में लापरवाही और निष्पक्षता के उल्लंघन के आरोप में सीआरपीएफ के तीन जवानों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई शनिवार देर रात की गई। मामला बीरभूम जिले का है, जहां केंद्रीय बलों को एक तय इलाके में गश्त करने की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि ड्यूटी के दौरान तीन जवान अचानक टीएमसी के एक स्थानीय दफ्तर में घुस गए। बताया जा रहा है कि वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जवानों ने न सिर्फ बातचीत की बल्कि कैरम खेलने में भी लग गए। यह खेल करीब एक घंटे तक चलता रहा। इस दौरान वे अपनी ड्यूटी से पूरी तरह अलग रहे, जिससे उनकी भूमिका पर सवाल उठने लगे।

## बंगाल में खत्म होने वाला है भय, भ्रष्टाचार और भेदभाव का राज : शाहनवाज हुसैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने बिहार की कानून व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि यहां सीएम नीतीश कुमार के शासन में कानून का राज है और जो कानून को अपने हाथ में लेगा, बख्शा नहीं जाएगा।नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि 'जंगल राज' के युवराज तेजस्वी यादव हैं। जब भी वे जंगल राज की बात करते हैं, तो वे यह मान लेते हैं कि इसका मतलब लालू यादव का शासन है। यहां तक कि वे खुद भी 'जंगल राज' शब्द से डरते हैं। आज, कानून का राज कायम है। गृह मंत्री के तौर पर सम्राट चौधरी ने कानून-व्यवस्था को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया है और किसी को भी कोई परेशानी नहीं होगी। नीतीश कुमार के आशीर्वाद से बिहार सुशासन के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है और जो लोग बिहार में कानून अपने हाथ में लेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि ममता बनर्जी सीआरपीएफ को टारगेट कर रही हैं। सेंट्रल फोर्स का डेप्युटेशन हर जगह हर चुनाव में होता है, लेकिन ममता बनर्जी इस तरह का व्यवहार कर रही हैं।

## ममता का भाजपा को जवाब, अपने खिलाफ आरोपपत्र जारी करो



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा की तरफ से उनकी सरकार के खिलाफ जारी 'चार्जशीट' की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले केंद्र सरकार के खिलाफ 'चार्जशीट' जारी करे। पुरुलिया जिले के मानबाजार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री बनर्जी ने गृह मंत्री शाह का नाम लिए बिना कहा कि कल भाजपा के एक बहुत ही प्रमुख नेता ने तृणमूल पार्टी के खिलाफ आरोपपत्र जारी किया। मैं कहती हूं: पहले अपने खिलाफ आरोपपत्र जारी करो, बताओ कि तुमने दंगों में कितने लोगों को मारा है। जब गुजरातियों को हथकड़ी लगाकर अमेरिका से दिल्ली लाया गया और हवाई जहाज से भेजा गया, तब तुम कहां थे? लगता है तुम्हारे पास बेकार की शरारतों में लिप्त रहने के अलावा और कोई काम नहीं है।

## भारत ने श्रीलंका को 38,000 मीट्रिक टन फ्यूल भेजा, श्रीलंकाई नेताओं ने जताया आभार

**एजेंसी नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में भारी तनाव का असर दुनिया के अलग-अलग देशों में देखने को मिल रहा है। इस बीच भारत ने अपने पड़ोसी देश श्रीलंका की मदद के लिए उसे 38 हजार मीट्रिक टन फ्यूल की मदद भेजी है। भारत की ओर से इस मदद के लिए श्रीलंकाई नेताओं ने धन्यवाद किया। वहीं सांसद और श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) पार्टी के राष्ट्रीय आयोजक और पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बेटे नमल राजपक्षे ने श्रीलंकाई सरकार को फ्यूल टैक्स एडजस्टमेंट जैसे मॉडल पर काम करने की सलाह दी। उन्होंने भारत की नीतियों की जमकर सराहना की। नमल राजपक्षे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "पीएम और भारत के लोगों ने एक बार फिर श्रीलंका को



38,000 टन पेट्रोलियम की समय पर शिपमेंट करके नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी को बनाए रखा है। भारत हमेशा संकट के समय में श्रीलंका के लिए सबसे पहले खड़ा रहा है। जरूरी सप्लाई से लेकर आर्थिक मदद तक, जो उसकी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी की सच्ची झलक है। एक क्षेत्र के तौर पर यह जरूरी है कि देश क्षेत्र की बेहतरी के लिए रणनीतिक साझेदार के तौर पर मिलकर काम करें। उन्होंने श्रीलंकाई सरकार से भारत का मॉडल अपनाने की सलाह दी। श्रीलंका सरकार से अपील करते हैं कि वह भारत के हालिया फ्यूल टैक्स एडजस्टमेंट जैसे मॉडल पर विचार करे।

### ईंधन आपूर्ति की दिक्कत से जूझ रहे श्रीलंका को भारत की मदद से मिली राहत

**कोलंबो।** ईंधन आपूर्ति की दिक्कत से जूझ रहे श्रीलंका की पुकार पर भारत ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। भारत सरकार के इस सकारात्मक रुख पर श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आभार जताया है।श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी बात हुई थी। इस बातचीत में उन्होंने (दिसानायके) मिडिल ईस्ट संघर्ष के कारण श्रीलंका को हो रही फ्यूल सप्लाई में आ रही रुकावटों को बयां किया था।इसके बाद वो लिखते हैं, भारत ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया और इसके लिए मैं उनका शुक्रगुजार हूं। शनिवार को कोलंबो में 38,000 एमटी फ्यूल पहुंचा। दिसानायके ने मौजूदा संकट काल में विदेश मंत्री एस जयशंकर के पूर्ण सहयोग का भी जिक्र करते हुए उनका धन्यवाद किया है। पूर्व मंत्री और श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) के सांसद नमल राजपक्षे ने भी एक्स पोस्ट के जरिए भारत को शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा की तरह अपना पड़ोसी धर्म पूरी शिद्दत से निभाया।



## एक नजर

### खाड़ी क्षेत्र से सुरक्षित रवाना हुए एलपीजी वाले दो और भारतीय जहाज

**नई दिल्ली।** दो भारतीय एलपीजी कैरियर—बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम ने खाड़ी क्षेत्र को सुरक्षित रूप से पार कर लिया है और अब वे भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें लगभग 94,000 मीट्रिक टन एलपीजी कार्गो लदा है। बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान के अनुसार, बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मैंगलोर के रास्ते में है और इसके 1 अप्रैल को पहुंचने की उम्मीद है। खाड़ी क्षेत्र में काम कर रहे भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले किसी भी जहाज से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में कुल 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद हैं, जिन पर 485 भारतीय नाविक सवार हैं। जहाज मालिकों, आरपीएसएल एजेंसियों और भारतीय मिशनों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नौवहन महानिदेशालय (डीजी शिपिंग) स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रख रहा है। डीजी शिपिंग का कंट्रोल रूम सातों दिन 24 घंटे चालू रहता है और शुरू होने के बाद से अब तक इसने 4523 कॉल और 8,985 ईमेल हैंडल किए हैं। विभाग को पिछले 24 घंटों में, 92 कॉल और 120 ईमेल प्राप्त हुए हैं।

### विश्व में पुन: स्थापित हो रही है भारत की सनातन परंपरा : संजय

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तराखंड प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने कहा कि भारत पुन: अपने गौरव की ओर लौट रहा है। भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व की जीवन दृष्टि और भारत की सनातन परंपरा आज विश्व में पुन: स्थापित हो रही है, भारत के मन से गुलामी के अवशेष समाप्त हो रहे हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर देहरादून परेड ग्राउंड में स्वयंसेवकों के बौद्धिक कार्यक्रम में प्रांत प्रचार प्रमुख ने यह बाते कही। उन्होंने कहा कि विश्व आज भारत की ओर आशा और मार्गदर्शन की दृष्टि से देख रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत पुन: विश्वगुरु के आसन पर विराजमान होगा और राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त करेगा। प्रांत प्रचार प्रमुख ने कहा कि वर्तमान में विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विरासत और जीवन दृष्टि मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक दृष्टिकोण और सामाजिक संरचना वैश्विक शांति व संतुलन के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करती हैं। उन्होंने समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास और सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि समाज अपने मूल्यों और परंपराओं से जुड़ा रहे।

### टेली-लॉ पहल न्याय सुलभ बनाने का सशक्त माध्यम : उपराष्ट्रपति




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम में कहा कि न्याय तक पहुंच लोकतंत्र की आधारशिला है और यह सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए उपलब्ध अधिकार बने। उपराष्ट्रपति ने रविवार को यहां विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा दिशा योजना के अंतर्गत आयोजित टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श को संबोधित किया। इस अवसर पर विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर टेली-लॉ पहल को कानूनी सेवाओं का लोकतंत्रीकरण करने वाला सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए, खासकर महिलाओं, ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित वर्गों के लिए।

### मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में छात्राओं ने मारी बाजी, 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा फरवरी महीने में आयोजित मैट्रिक के परीक्षा परिणाम रविवार को जारी कर दिए गए। इस साल एक बार फिर छात्राओं ने बाजी मारी है। इस साल प्रदेश में सर्वोत्तम अंक पाने वाली दो छात्राएं हैं। बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने परीक्षा परिणाम जारी करते हुए सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। परीक्षा परिणाम का ब्योरा देते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस साल 15.10 लाख परीक्षार्थी मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 12,35,743 परीक्षार्थियों ने सफलता पाई है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। इस बार 6,01,390 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं जबकि 6,34,353 छात्राएं पास हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने बताया कि बिहार में सर्वोत्तम अंक पाने वालों में संयुक्त रूप से छात्राएं हैं। सिमतुल्ला आवासीय विद्यालय की पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली की समरीन परवीन ने 492 यानी करीब 98 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

### हाईकोर्ट ने न्यायिक मजिस्ट्रेट को वीसी पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में शिकायत दर्ज करने में हो रही देरी और अदालती आदेशों की अनदेखी पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने संबंधित अदालत के पीठासीन अधिकारी को अगली तिथि 2 अप्रैल 2026 को दोपहर दो बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति तेज प्रताप तिवारी की पीठ ने हीरा मणि यादव की अर्जी पर दिया है। प्रयागराज के झूंसी थाना क्षेत्र निवासी याची ने 2023 से लंबित चेक बाउंस से जुड़े मामले के शीघ्र निस्तारण की मांग करते हुए हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी। 10 दिसंबर 2025 को हाईकोर्ट ने संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट से परिवाद के निस्तारण में हो रही देरी का स्पष्टीकरण मांगा गया था। इस पर अब तक कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। हाईकोर्ट के कार्यालय की ओर से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रयागराज को इस संबंध में औपचारिक पत्र भी भेजा गया था, लेकिन ट्रायल कोर्ट की ओर से अनुपालन की कोई रिपोर्ट नहीं मिली।

### ईंधन संकट से निपटने के लिए नोडल एजेंसी बना खाद्य आपूर्ति विभाग : गिरिराज सिंह



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा कि अगर इस क्षेत्र में ऊर्जा उत्पादन प्रभावित होता है, तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और सभी देशों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान गिरिराज सिंह ने कहा, "यह इलाका तेल और गैस का प्रमुख स्रोत है, जो दुनिया की अहम ऊर्जा जरूरतों को पूरा करता है। ऐसे में अगर उत्पादन पर असर पड़ता है, तो पूरी दुनिया को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।"इसी बीच बिहार सरकार ने संभावित ईंधन संकट से निपटने के लिए कदम उठाए हैं। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आईएएनएस से बताया कि संकट की गंभीरता को देखते हुए 12 विभागों को शामिल करते हुए एक संकट प्रबंधन समूह बनाया गया है। इसमें खाद्य आपूर्ति विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

# केकेआर को हराकर मुंबई ने खत्म किया 13 सीजन का इंतजार

**एजेंसी। मुंबई**



आईपीएल में मुंबई इंडियंस के 13 सीजन का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम ने 2026 सीजन का अपना पहला मुकाबला जीत लिया। आखिरी बार मुंबई ने 2012 में सीजन का अपना पहला मुकाबला जीता था। लगातार 13 सीजन हार झेलने के बाद मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को वानखेड़े स्टेडियम में 6 विकेट से हराया। पहले बैटिंग करते हुए केकेआर ने 4 विकेट पर 220 रन बनाए थे। मुंबई ने 20वें ओवर में 5 गेंद रहते मैच जीत लिया। यह मुंबई इंडियंस का लीग में सबसे सफल रन चेज है। इससे पहले टीम ने 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 219 रनों का टारगेट चेज किया था।

### रोहित और रेयान रिकेल्टन ने तय कर दी जीत

मुंबई इंडियंस को रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। तीसरे ओवर में वैभव अरोड़ा के खिलाफ दोनों ने तीन छक्के मारे। रोहित शर्मा ने पावरप्ले में ही अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने 23 गेंद पर अपने आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी ठोकी। 6 ओवर के बाद मुंबई ने 80 रन ठोक दिए थे। रिकेल्टन ने 9वें ओवर में सुनील नरेन को दो छक्के मारकर 24 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में मुंबई का स्कोर 100 के पार पहुंचा।

रोहित शर्मा शतक की तरफ बढ़ रहे थे लेकिन 78 रन बनाकर आउट हो गए। 38 गेंद पर रोहित ने 6 चौके और 6 छक्के मारे। रिकेल्टन के साथ उन्होंने पहले विकेट के लिए 71 गेंद पर 148 रनों की साझेदारी बनाई। 8 गेंद पर 16 रन बनाकर सूर्यकुमार यादव आउट हुए। रिकेल्टन का पास भी शतक लगाने का मौका था लेकिन 81 रन बनाकर वह रन आउट हो गए। उनके बल्ले से 4 चौके और 8 छक्के निकले।

रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने केकेआर के लिए फिफ्टी ठोकी

टॉस हारने के बाद पहले खेलने उतरी केकेआर को कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन एलन ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। रहाणे ने पहले ओवर में बोल्ट की गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर पारी की शुरुआत की। कप्तान हार्दिक पंड्या की चौथे ओवर में लाइन और लेंथ की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर केकेआर ने 26 रन बना लिए। 17 गेंद पर 37 रनों की पारी खेलने के बाद एलन पावरप्ले के आखिरी ओवर में शार्दुल ठाकुर का शिकार बने। केकेआर ने पावरप्ले में 78 रन बनाए।

केकेआर ने आठवें ओवर में ही 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया था और एक समय ऐसा लग रहा था कि रहाणे तिहरे अंकों (शतक) तक पहुंच जाएंगे। वह 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे। नौवें ओवर में ठाकुर ने कैमरन ग्रीन को आउट किया। फिर अपने तीसरे और पारी के 14वें ओवर में ठाकुर ने धीमी क्रॉस-सीम गेंद डालकर रहाणे को चकमा दे दिया, और वह कवर पर खड़े रोहित शर्मा को कैच देकर पवेलियन लौट गए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 40 गेंद पर 3 चौके और 5 छक्कों की मदद से 67 रन बनाए।

अंत के ओवर्स में अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंद पर 51 और रिंकू सिंह ने 21 गेंद पर 33 रन बनाकर केकेआर को 220 रनों तक पहुंचा दिया। मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर ने तीन विकेट लिए। यह मुंबई इंडियंस के लिए उनका डेब्यू मुकाबला था। एक विकेट हार्दिक पंड्या को मिला।

## पहली बार रणजी ट्रॉफी में खिताबी जीत जम्मू कश्मीर को प्रेरित करेगा : पीएम

### टी 20 वर्ल्ड कप की जीत ऐतिहासिक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में भारतीय टीम के टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीतने को लेकर बात की। इसके साथ ही पीएम ने पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली जम्मू-कश्मीर टीम की भी जमकर सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पारस डोगरा की कप्तानी में किया गया टीम का प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर के लोगों को प्रेरित करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मार्च का महीना देश के सभी क्रिकेट फैंस के लिए जोश और उत्साह से भर देने वाला रहा। पीएम मोदी ने कहा कि जब भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, तो पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कहा कि अपनी टीम की इस सफलता पर हम सभी को गर्व है।

पीएम मोदी ने कर्नाटक को फाइनल में हराकर पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली जम्मू-कश्मीर टीम के प्रदर्शन की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा खुशी की बात यह है कि टीम ने लगभग सात दशकों का लंबा इंतजार खत्म करते हुए खिताब को अपने नाम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीम की यह सफलता खिलाड़ियों के कई वर्षों के निरंतर प्रयासों का नतीजा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा की कप्तानी को भी सराहा।

## कोहली को टेस्ट फॉर्मेट में बतौर कप्तान लौटना चाहिए: अंबाती रायडू

**नई दिल्ली।** विराट कोहली प्रचंड फॉर्म में चल रहे हैं। आईपीएल 2026 के उद्घाटन मुकाबले में भी विराट ने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी का शानदार नजारा दिखाया और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) पर बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। विराट ने 38 गेंदों पर नाबाद 69 रन की पारी खेली। विराट की इस पारी को देखने के बाद भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने उन्हें टेस्ट फॉर्मेट में लौटने की सलाह दी है। रायडू ने कोहली को टेस्ट फॉर्मेट का कप्तान बनाए जाने की वकालत भी की है। ईएसपीएनक्रिकइंफो पर रायडू ने कहा, "मुझे लगता है कि आईपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी आना बाकी है। मुझे नहीं लगता कि उन्हें अपनी शारीरिक फिटनेस को लेकर कभी कोई परेशानी होगी—जैसे कि गेंद को खेलने में देर होना या मैदान पर उनकी रफ्तार का कम होना। एकमात्र चीज जो उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर सकती है।

### ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप की तैयारी शुरू

## समिति का किया गया गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आगामी एक मई से रांची खेल गांव के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीसरी शिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप की तैयारी शुरू कर दी गई है तैयारी के मद्देनज़र आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन रेंशी सुनील किस्पोट्टा अध्यक्ष बने उपाध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा सचिव राकेश तिर्की प्राकृत कुमार सिंह सह सचिव उमाशंकर महतो कुंदन उरांव सदस्य आयुष संगा सुदेश कुमार महतो प्रदीप डिक्रूज आरती टोप्पो प्रतिभा टोप्पो दीपशिखा टोप्पो रितिका टोप्पो दीपा विनीता लिंडा अंजली कुमारी एनी कोनगाड़ी कुमार अभिषेक पीटर कच्छप आदि शामिल हैं। रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में देश भर से सैकड़ों खिलाड़ी एवं कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं प्रतियोगिता का संचालन वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के रैफरी और जजों की देख रेख में कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन के रैफरी और जजों द्वारा किया जाएगा।

खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था रांची के विभिन्न होटलों एवं खेल गांव की डॉरमेट्री में किया जाएगा खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## हटिया क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत



**रांची।** धुर्वा क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित डीसीए प्रीमियर लीग में आज हटिया क्रिकेट अकादमी और गोस्वामी क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाए। टीम की ओर से अध्यांश चौधरी ने शानदार 61 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी में आरोन राज मुर्मू ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हटिया क्रिकेट अकादमी ने 18.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 110 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से अंश आंजनेय ने 31 रनों का योगदान दिया। अंश आंजनेय को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## अयाबोंगा का 'छक्का', रोमांचक मैच में साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया

**क्राइस्टचर्च।** साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने हैगली ओवल में रविवार को खेले गए वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। इसी के साथ मेहमान टीम ने 3 मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अगले मुकाबले 1 और 4 अप्रैल को वेलिंगटन में खेले जाने हैं। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड की टीम 268 रन पर सिमट गई। इस टीम को सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिम्मर की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 9.1 ओवरों में 42 रन जोड़े। बेट्स 20 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि जॉर्जिया ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। कप्तान अमेलिया केर ने 36 रन की पारी खेली। टीम 112 के स्कोर तक अपने 4 विकेट खो चुकी थी। यहां से मैडी ग्रीन ने इजाबेला गेज के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 गेंदों में 70 रन की साझेदारी की। मैडी 83 गेंदों में 9 चौकों के साथ 85 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि गेज ने 37 रन बनाए।

आज के मैच

राजस्थान रॉयल्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स

शाम 7:30 बजे (गुवाहाटी)

## आरसीबी के खिलाफ मिली हार के लिए विटोरी ने गेंदबाजों को ठहराया जिम्मेदार

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के हेड कोच डेनियल विटोरी ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार के लिए गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया है। आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले में एसआरएच को आरसीबी के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद विटोरी ने कहा कि उनकी टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने माना कि गेंदबाज उतने अनुशासित नहीं थे और सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी नहीं कर सके, जिससे आरसीबी के बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने के मौके मिले। उन्होंने यह भी कहा कि टीम ने शुरुआत में फिल साल्ट का विकेट लेकर अच्छा मौका बनाया था, लेकिन टीम के गेंदबाज उस दबाव को कायम नहीं रख सके। विटोरी के अनुसार, विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए जीत को सनराइजर्स हैदराबाद से दूर कर दिया।

## आठ स्वर्ण और एक रजत के साथ केआईटीजी 2026 में चमके मणिकांता एल

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल का जीवन किसी ऐसे खिलाड़ी जैसा रहा है जिसे हर कुछ मिनटों में खुद को फिर से तैयार कर अगली चुनौती के लिए उतरना होता है। 21 वर्षीय मणिकांता ने रायपुर में जारी पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए। नौ स्वर्ण पदकों का लक्ष्य भले ही अधूरा रह गया, लेकिन उनका दबदबा पूरे प्रतियोगिता में साफ नजर आया। इस दौरान उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ रेस जीतना नहीं, बल्कि हर रेस के बीच बहुत कम समय होने के कारण खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना भी था। कई बार उन्हें पूल से निकलकर सीधे पदक समारोह में जाना पड़ता और फिर तुरंत अगली रेस के लिए लौटना होता था। ब्रेस्टस्ट्रोक एक्सपर्ट मणिकांता ने खुद को चुनौती देते हुए चारों स्ट्रोक—ब्रेस्टस्ट्रोक, फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई और बैकस्ट्रोक—में भाग लिया, ताकि अपनी टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा पदक जीत सकें। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले संस्करण के सबसे सफल खिलाड़ी मणिकांता ने साई मीडिया से कहा, "अलग-अलग स्ट्रोक्स के बीच तालमेल बैठाना आसान नहीं होता, क्योंकि हर रेस की रणनीति अलग होती है। ऊपर से रेस के बीच समय भी बहुत कम था, जो इसे और चुनौतीपूर्ण बना रहा था।"

## झारखंड राज्य एरोबिक्स जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप का भव्य समापन

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन के तत्वावधान में मोराबादी स्थित वॉलीबॉल/जिम्नास्टिक्स मैदान में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड राज्य एरोबिक्स जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य एरोबिक्स जिम्नास्टिक्स को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना रहा। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबले पेश कर दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। इस दौरान श्रीमती पुष्पा हेसा को एसोसिएट उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। समारोह में निशिकांत पाठक, तुलिका श्रीवास्तव, हनी सिन्हा, डॉ. दीपक कुमार साहु एवं रांची जिला जिम्नास्टिक संघ के सचिव गोविंद झा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल ने भी निष्पक्ष निर्णय देकर प्रतियोगिता को सफल बनाया।

समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। महासचिव तुलिका श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सबालेंका ने जीता मियामी ओपन का खिताब, फाइनल में कोको गॉफ को हराया



**एजेंसी। मियामी**

आर्यना सबालेंका ने मियामी ओपन के खिताब को अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में विश्व के चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ पर 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियाटेक के बाद सबालेंका 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

यह उनका लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले ऐश बार्टी (2019 और 2021) और सेरेना विलियम्स (2013 से 2015) ही लगातार यह टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है। सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक यह कारनामा कर चुकी हैं।

सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट (मार्टिना हिंगिस, 2001, सेरेना विलियम्स, 2003, और विक्टोरिया अजारेंका, 2012) के फाइनल में पहुंची हैं। ये सभी टूर्नामेंट हार्ड कोर्ट पर हुए हैं। उन्होंने इनमें से तीन जीते, जिसमें ब्रिस्बेन और सनशाइन डबल शामिल हैं। खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा, "यह खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है और मैंने बस वही किया। यह सुनने में बहुत अजीब लगता है। मुझे नहीं पता कि मैं यह कैसे कर पाई, लेकिन अभी मुझे बहुत गर्व है। बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं।" यह जीत उनके करियर का 24वां डब्ल्यूटीए सिंगल्स टाइटल और कुल मिलाकर 30वां खिताब है।



## देश में 24 घंटे के भीतर 55 लाख एलपीजी रिफिल वितरित किए गए : केंद्र सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को बताया कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। शनिवार को 55 लाख से अधिक रिफिल वितरित किए गए, जबकि 64,000 अतिरिक्त 5 किलो के सिलेंडर भी बेचे गए। एलपीजी वितरकों में कहीं भी सिलेंडर की कमी की सूचना नहीं मिली है।

बयान में कहा गया है कि उद्योग स्तर पर ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में 94 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वितरक स्तर पर हेराफेरी को रोकने के लिए, डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 84 प्रतिशत कर दी गई है। सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक है। घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। देश भर में सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से चल रहे हैं। सरकार ने उपभोक्ताओं से एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग करने और एलपीजी वितरकों के पास जाने से बचने का अनुरोध किया है। नागरिकों से पीएनजी और इंडक्शन/इलेक्ट्रिक कुकटॉप जैसे वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करने का भी अनुरोध किया गया है। सभी नागरिकों से दैनिक उपयोग में ऊर्जा संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयास करने का भी अनुरोध किया गया है।

होर्मुज जलडमरूमध्य के लगातार बंद रहने के मद्देनजर, देश भर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। कुछ राज्यों में कुछ खुदरा दुकानों पर अफरा-तफरी मचने से अफरा-तफरी मच गई, जिसके परिणामस्वरूप बिक्री में असामान्य रूप से वृद्धि हुई और भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि, यह सूचित किया जाता है कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

## सात कंपनियों का मार्केट कैप 1.75 लाख करोड़ रुपए घटा

**एजेंसी। मुंबई**

मध्य पूर्व में तनाव का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी दिख रहा है। बीते हफ्ते देश की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का मार्केट कैप 1.75 लाख करोड़ रुपए कम हो गया है। 23-27 मार्च के बीच भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इस दौरान निफ्टी 1.28 प्रतिशत या 294.90 अंक गिरकर 22,819.60 और सेंसेक्स 1.27 प्रतिशत या 949.74 अंक गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। शीर्ष 10 में जिन कंपनियों के मार्केटकैप में गिरावट देखी गई है। उनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल है। वहीं, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस के मार्केटकैप में बढ़ोतरी देखी गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 89,720.3 करोड़ रुपए कम होकर 18,24,515.62 करोड़ रुपए हो गया है। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 37,248.59 करोड़ रुपए घटकर 11,64,018.69 करोड़ रुपए हो गया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का बाजार पूंजीकरण 35,399.42 करोड़ रुपए घटकर 9,41,569.15 करोड़ रुपए हो गया है। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केटकैप 8,121.76 करोड़ रुपए घटकर 8,83,551.30 करोड़ रुपए हो गया है। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 2,480.42 करोड़ रुपए कम होकर 10,50,413.33 करोड़ रुपए हो गया है। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 2,091.13 करोड़ रुपए कम होकर 4,87,540.19 करोड़ रुपए हो गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार पूंजीकरण 271.35 करोड़ रुपए घटकर 8,64,668.65 करोड़ रुपए हो गया है।

## भारत-यूरोपीय संघ व्यापारिक साझेदारी को और गहरा करेंगे : पीयूष गोयल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैमरून में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक (एमसी14) के दौरान यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविच से मुलाकात की और भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर प्रगति की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने एमसी 14 एजेंडा के तहत प्रमुख प्राथमिकताओं पर चर्चा की और "भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा की, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेयर लेयेन ने जनवरी 2026 में नई दिल्ली में घोषित किया था। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल साइट एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "इसके साथ ही द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को और गहराने के अवसरों पर भी चर्चा हुई।" गोयल ने नाइजीरिया के उद्योग, वाणिज्य और निवेश मंत्री डॉ. जुमोके ओडुवोले से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, "एमसी 14 एजेंडा पर चर्चा की गई और दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने के अवसरों का पता लगाया गया।" ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा के साथ एक रचनात्मक बातचीत में एमसी 14 एजेंडा, द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने और भारत-मर्कोसुर पीटीए के विस्तार पर विचार साझा किए गए। डब्ल्यूटीओ बैठक में, महात्मा गांधी के सत्य के सिद्धांत से प्रेरणा लेते हुए, भारत ने निवेश सुविधा विकास (आईएफडी) समझौते के विवादास्पद मुद्दे पर अकेले खड़े होने का साहस दिखाया और इसे डब्ल्यूटीओ ढांचे में एनेक्स 4 समझौते के रूप में शामिल करने के लिए सहमति नहीं दी। गोयल ने कहा, "आईएफडी समझौते का समावेशन डब्ल्यूटीओ की कार्यात्मक सीमाओं को कमजोर करने और इसके मूलभूत सिद्धांतों को बाधित करने का जोखिम पैदा करता है।

### बालूमाथ में ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस, 30 हजार श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# भव्य झांकियों और जयघोष से गूंजा शहर, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** रामनवमी के अवसर पर बालूमाथ में भव्य और ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया, जिसमें करीब 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। "जय श्री राम" और "बजरंग बली" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। शनिवार रात थाना चौक पर आयोजित मंडल अखाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न अखाड़ों द्वारा प्रस्तुत लाइव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों में ताड़का वध, भगवान विष्णु का वराह अवतार, राधा-कृष्ण नृत्य, अघोरी नृत्य तथा लंका में माता सीता, रावण और हनुमान के दृश्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं डीजे की धुन पर युवाओं का उत्साह भी देखने को मिला।

आयोजन समिति द्वारा उत्कृष्ट झांकी प्रस्तुत करने वालों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें बड़का बालूमाथ को प्रथम, टमटम टोला को द्वितीय और हरिजन मोहल्ला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

अपने संबोधन में विधायक प्रकाश राम ने रामनवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व नैतिकता, त्याग और कर्तव्य





### कुंदा में रामनवमी पर निकली भव्य शोभा यात्रा



**कुंदा (चतरा)।** रामनवमी के अवसर पर कुंदा में पूजा समिति अध्यक्ष अजीत मिश्रा के नेतृत्व में भव्य जुलूस एवं शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत आरती के साथ हुई, जिसके बाद सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुखिया मनोज साहू द्वारा करीब डेढ़ सौ लोगों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। जुलूस हनुमान मंदिर परिसर से निकलकर पूरे नगर में भ्रमण किया। जुलूस में भगवान राम की आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण रही। श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### गिद्धौर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई रामनवमी पूजा



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी का पर्व इस वर्ष भी शांति, सौहार्द और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल देखने को मिला, वहीं विभिन्न स्थानों से निकाले गए मंगल जुलूस में बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए। रामनवमी महासमिति गिद्धौर के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, महासमिति पदाधिकारियों, समाजसेवियों, झांकी समितियों, क्लबों, पत्रकारों एवं आम श्रद्धालुओं के सहयोग से यह पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। उन्होंने गिद्धौर प्रखंडवासियों के साथ-साथ अन्य प्रखंडों एवं जिलों से आए श्रद्धालुओं का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और सौहार्द का संदेश मिलता है।

### बारिश के कारण अखाड़ा स्थगित, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**चंदवा।** रामनवमी के अवसर पर बस स्टैंड परिसर में आयोजित अखाड़ा कार्यक्रम को बारिश के कारण स्थगित करना पड़ा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता की नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी। हालांकि खराब मौसम के बावजूद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहा। उत्तराखंड से आए कलाकारों ने शिव, राधा-कृष्ण और अन्य रूपों की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विभिन्न अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया तथा आकर्षक झांकी के लिए महावीर मंडल कमेटी हरैया को पुरस्कृत किया गया।



### गिद्धौर में रामनवमी पर जीवंत झांकियों ने मोहा मन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। दशमी के अवसर पर विभिन्न मोहल्लों द्वारा प्रस्तुत की गई जीवंत झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विधायक उज्वल दास एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भास्कर स्वलंबन क्लब द्वारा मां, बेटे और बहू पर आधारित भावनात्मक झांकी ने लोगों को भावुक कर दिया। वहीं सार्वजनिक नवयुवक विकास संघ द्वारा भारत-पाकिस्तान युद्ध, 1947 का विभाजन और 1971 के युद्ध पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। इसके अलावा बिचली टोला द्वारा सामाजिक मुद्दों पर आधारित झांकी तथा नीचे मुहल्ला की ओर से मंगल पांडेय की फांसी पर आधारित प्रस्तुति ने भी दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम का संचालन रामनवमी मेला महासमिति अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान बीडीओ, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा एवं थाना प्रभारी शिवा यादव द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जाता रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



का संदेश देता है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चलने की अपील की। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## सीएचसी भवन बना शोपीस, पांच वर्षों बाद भी चिकित्सक की सेवा नहीं



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का भवन निर्माण हुए पांच वर्ष बीत जाने के बावजूद यहां अब तक चिकित्सकों की नियमित सेवा उपलब्ध नहीं हो सकी है। परिणामस्वरूप यह केंद्र फिलहाल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में सीमित सुविधाओं के साथ संचालित हो रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रारंभ में कुछ समय तक डॉ. विनोद कुमार ने यहां सेवा दी थी, लेकिन उनके तबादले के बाद अब केवल सीएचओ और दो एएनएम के भरोसे संस्थागत प्रसव और सामान्य बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। गंभीर मरीजों, घायलों एवं प्रसव पीड़ित महिलाओं को 12 से 20 किलोमीटर दूर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल या हैदरनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाना पड़ता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी परिसर में 30 बेड, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर सहित चिकित्सकों और कर्मियों के लिए आवासीय भवन जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं होने से यह पूरी व्यवस्था बेकार साबित हो रही है। बताया जाता है कि पद सृजन और स्वीकृति की प्रक्रियागत देरी के कारण इसे पूर्ण रूप से सीएचसी के रूप में संचालित नहीं किया जा सका है। हालांकि जिला परिषद सदस्य अंजू दे

वी द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक स्थिति में सुधार नहीं हो पाया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में तत्कालीन राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक द्वारा इस भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया था, जिसकी पुष्टि शिलापट्ट से होती है।

### शांतिपूर्ण रामनवमी आयोजन पर हुसैनाबाद थाना में सम्मान समारोह

**हुसैनाबाद (पलामू)।** रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन के उपलक्ष्य में हुसैनाबाद थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामनवमी अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों एवं दोनों समुदायों के गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल प्रस्तुत करने वाले सभी लोगों के योगदान की सराहना की गई। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि आपसी सहयोग, समझदारी और सामंजस्य से ही बड़े पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो पाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपील की।

## रामनवमी पर निकला भव्य बाइक जुलूस, शोक के बीच दिखी मर्यादित आस्था

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** रामनवमी के पावन अवसर पर चैत शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन रविवार को क्षेत्र में भव्य बाइक जुलूस निकाला गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत यह जुलूस शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ।

जुलूस की शुरुआत देवी शक्तिपीठ देवी धाम से हुई, जहां संतन चौधरी, अभिराज गुप्ता, राहुल सिंह एवं सोनल सिंह ने भगवा हनुमान ध्वज दिखाकर इसे रवाना किया। इस दौरान स्थानीय व्यवसायी विक्की कुमार के आकस्मिक निधन की खबर मिलने पर पूरे जुलूस को संयमित एवं मर्यादित रूप में निकाला गया। श्रद्धालुओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए धार्मिक अनुशासन और संवेदनशीलता का परिचय दिया। बाइक जुलूस देवी धाम से प्रारंभ होकर भाई बिगहा, हैदरनगर हाई स्कूल, बड़ा शिवालय, बभंडी, बरेवा, सोबा, बंशीपुर, पतरिया, संड़ेया, नौडीहा, बिलासपुर, चौकड़ी, बहेरा, बिंदु बिगहा सहित कई गांवों का भ्रमण करते हुए पुनः देवी धाम पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में "जय श्रीराम" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



## 'उड़ान भारत' के नए शिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्रों द्वारा संचालित सामाजिक संस्था "उड़ान भारत" के नए शिक्षण केंद्र का उद्घाटन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए जल्द ही स्थायी भवन निर्माण का आश्वासन दिया। साथ ही क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास की भी बात कही। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल ग्रामीण शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

मुखिया गुड्डी देवी ने भी इसे समाज के लिए उपयोगी बताते हुए निरंतर विस्तार की कामना की। उल्लेखनीय है कि "उड़ान भारत" के तहत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, कोचिंग, करियर काउंसलिंग एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाता है।

### रामगढ़ में वन धन विकास केंद्र व चारा निर्माण इकाई का उद्घाटन

## महिलाओं को मिलेगा रोजगार, 'पलाश ब्रांड के तहत होगा उत्पादों का विपणन

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** रविवार को रामगढ़ प्रखंड के बाजार परिसर में प्रधानमंत्री वन धन विकास केंद्र एवं चारा निर्माण इकाई का उद्घाटन उपायुक्त समीरा एस ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु लाल, डीपीएम जेएसएलपीएस अनीता केरकेट्टा तथा मुखिया उमा शंकर प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उपायुक्त समीरा एस ने अपने संबोधन में कहा कि आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र रामगढ़ में इन योजनाओं का शुभारंभ एक सकारात्मक पहल है, जिससे स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि वन धन विकास केंद्र के माध्यम से दोना-पत्तल का निर्माण, प्रसंस्करण और विपणन किया जाएगा, पशुपालकों को स्थानीय स्तर पर चारा उपलब्ध होगा। उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि इन योजनाओं से स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने भी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर जोर दिया। गुणवत्ता और मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान 'पलाश' ब्रांड के तहत उत्पादित चारा का औपचारिक लोकार्पण भी किया गया।

## हैदरनगर में शोक की लहर: युवा व्यवसायी विक्की का असामयिक निधन

**हैदरनगर।** स्थानीय व्यवसायी उमाशंकर गुप्ता (ओम स्वीट) के 37 वर्षीय छोटे भाई विक्की कुमार के आकस्मिक निधन से पूरे हैदरनगर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके असामयिक निधन से न केवल परिवार, बल्कि पूरे बाजार और समाज में गहरा दुख व्याप्त है। बताया जाता है कि शनिवार शाम अचानक सीने में दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए बिहार के रोहतास स्थित नारायणी मेडिकल एंड रिसर्च हॉस्पिटल, जमुहार ले जा रहे थे। विक्की कुमार अपने मिलनसार स्वभाव, सरल व्यक्तित्व और मददगार प्रवृत्ति के कारण समाज में काफी लोकप्रिय थे। उनकी मृत्यु का असर धार्मिक गतिविधियों पर भी पड़ा। पारंपरिक रूप से निकलने वाली रामनवमी विसर्जन जुलूस भी प्रभावित हुई और समिति के सदस्य शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े नजर आए।

## पेज एक के शेष

### पूनम व अंजीत...

पुरुष एवं महिला कुश्ती खिलाड़ियों एवं हॉकी महिला एवं महिला फुटबॉल टीम के विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, खेल सचिव मुकेश कुमार, खेल निदेशक आसिफ इकराम, भोलानाथ सिंह, उपनिदेशक राजेश कुमार, साझा के मणिकांत, देवेंद्र सिंह, नोडल पदाधिकारी उमेश लोहरा, रजनीश कुमार, बबलू कुमार समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### आदिवासी कमजोर नहीं...

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर बार आदिवासियों का केवल उपयोग करती है और काम निकल जाने के बाद उन्हें उनके हाल पर छोड़ देती है। आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जबकि उन्हें उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा जाता है। अब समय परिवर्तन का है और आदिवासी समाज अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगा। जिस प्रकार झारखंड में हमारे पूर्वजों ने संघर्ष के बल पर राज्य हासिल किया, उसी प्रकार अब असम में भी अपने हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया जाएगा।

आदिवासी समाज की शक्ति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी कमजोर नहीं हैं, बल्कि वे सत्ता बनाना भी जानते हैं और जरूरत पड़ने पर सत्ता को बदलना भी जानते हैं। आदिवासी समाज अपने अधिकार लेकर रहेगा और इसके लिए निरंतर संघर्ष करेगा। अपने संबोधन में उन्होंने झारखंड के वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि जिस प्रकार पूर्वजों ने तीर-धनुष के बल पर अपने अधिकारों की रक्षा की, उसी मार्ग पर चलते हुए इस चुनाव में भी आदिवासी समाज अपनी ताकत का परिचय देगा। उन्होंने चाय बागान एवं आदिवासी समुदाय से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया तथा आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की।

इस अवसर पर झारखंड सरकार के कई कैबिनेट मंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ विधायक भी उपस्थित रहे। जनसभा में हजारों की संख्या में चाय बागान श्रमिक, आदिवासी समुदाय के सदस्य एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग रामनवमी जुलूस...

वहीं, अब तक चार की मौत भी हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मरने वालों के नाम प्रिंस कुमार, योगेश जयसवाल, बबन राम और अभिषेक वर्मा हैं। इधर, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अबतक लगभग साढे तीन सौ लोग घायल हो गए है। जबकि, चार की मौत हो गई है। इस संबंध में पुलिस दोषियों को चिह्नित करने में लगी हुई है। बताया यह भी जा रहा है कि आपस में खेल का करतब दिखाने के दौरान उक्त घटनाएं हो रही हैं। वहीं, जुलूस में खोया-पाया का भी प्रशासन की ओर से स्टॉल लगाया गया है। कई बच्चे अपने परिजन से बिछड़ गए थे, जिन्हें प्रशासन की मदद से परिजनों से मिलवाया गया। जुलूस में करीब सवा लाख से ऊपर लोग आए हैं। वहीं, सरकार और जिला प्रशासन के दावे इसबार भी फेल हो गए। बिजली मेंटनेंस के नाम पर करीब एक महीने से बिजली काटी जा रही थी कि रामनवमी पर बिजली कटे नहीं, लेकिन 12 घंटे से शहर की बिजली व्यवस्था ठप है। इस कारण पानी की सप्लाई भी नही हो पाई है। समाचार लिखे जाने तक 107 जुलूस में 27 जुलूस ही जामा मस्जिद पार किया है।

### अनगड़ा में सड़क...

इस हादसे में ट्रक का पहिया निकल कर दूर जा गिरा। मौके पर पहुंचे अनगड़ा पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है।

डीएसपी सिल्ली अनुज कुमार ने कहा कि एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक पर सवार दो युवकों को कुचल दिया है। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान हो चुकी है। मामले में आगे की काईवाई की जा रही है।

### अफवाहों पर ध्यान...

इसके लिए एक ऐप भी विकसित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पास सुरक्षित पांडुलिपियों की जानकारी साझा करें।प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में देश में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम की जीत और रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक उपलब्धि की चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के एथलीट कुलवीर सिंह की उपलब्धि का जिक्र किया, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वह एक घंटे से कम समय में हाफ मैराथन पूरा करने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने अनाहत सिंह द्वारा स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीतने और 8 मार्च को 'अस्मिता' महिला लीग के आयोजन का भी उल्लेख किया और कहा कि देश में नारी शक्ति खेलों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।उन्होंने बेंगलुरु के 'प्रयोग इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन रिसर्च' के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान बच्चों को विज्ञान के व्यावहारिक अनुभव से जोड़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने नागा समुदाय की 'मोरुंग' प्रणाली का उल्लेख किया, जो परंपरा और आधुनिक शिक्षा का समन्वय प्रस्तुत करती है।प्रधानमंत्री ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने त्रिपुरा के वांगमुन गांव, छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले और तेलंगाना के मुधिगुंटा गांव के उदाहरण दिए, जहां वर्षा जल संचयन और भूजल संरक्षण के प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मछुआरों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में नवाचार हो रहे हैं और मछुआरे भाई-बहन आत्मनिर्भर बन रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि हाल ही में वाराणसी में एक घंटे के भीतर 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया गया। वहीं, नागालैंड के चिजामी गांव की महिलाएं 150 से अधिक पारंपरिक बीजों की किस्मों को संरक्षित कर रही हैं। सामूहिक प्रयासों के माध्यम से इन बीजों को कम्युनिटी सीड बैंक में सुरक्षित रखा जा रहा है। उन्होंने 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' से देशभर में लोगों के जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलाव के विषय को भी अपने कार्यक्रम में शामिल किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे 'माय भारत' युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ रहा है। इसके माध्यम से हाल ही में आयोजित बजट क्वेस्ट से युवाओं के विचार सामने आए, जो देश के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को दर्शाते हैं।

### मरकच्चो में महुआ...

वन विभाग की टीमें हाथियों की लोकेशन ट्रैक करने की कोशिश कर रही हैं, ताकि उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों से दूर खदेड़ा जा सके। ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से पूरे इलाके में हाथियों का आतंक बढ़ा हुआ है। दो दिन पहले भी कोडरमा में हाथियों ने कुचलकर दो लोगों को मार दिया था। वहीं अगले दिन झरीटांड़ में आधा दर्जन पशुओं को भी मार दिया था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


### पाम संडे पर पोप लियो बोले

# ईश्वर ऐसे लोगों की प्रार्थनाएं अस्वीकार करते हैं जिनके हाथ खून से सने हों

**वेटिकन सिटी (आईएएनएस)**



ईरान संघर्ष को 30 दिन बीत चुके हैं। हालात संवेदनशील बने हुए हैं। कूटनीतिक कोशिशों के साथ ग्राउंड एक्शन की भी खबरें आ रही हैं। हाल ही में कुछ अमेरिकी अधिकारियों ने हमलों को धर्म की आड़ ले सही करार दिया था। पाम संडे पर पोप लियो (14वें) ने किसी का भी नाम लिए बगैर सख्त लहजे में इसकी आलोचना की। उन्होंने बेहद कड़े शब्दों में कहा कि ईश्वर उन नेताओं की प्रार्थनाओं को अस्वीकार कर देते हैं जो युद्ध शुरू करते हैं और जिनके "हाथ खून से सने होते हैं।" पोप ने कहा कि कोई भी देश या नेता भगवान के नाम पर युद्ध को सही नहीं ठहरा सकता। उन्होंने अपील की कि दुनिया शांति का रास्ता अपनाए और पीड़ितों के साथ खड़ी हो। पाम संडे ईस्टर से पहले साल के सबसे पवित्र सप्ताह की शुरुआत का प्रतीक है। इसी अवसर पर सेंट पीटर स्क्वायर में हजारों की संख्या में एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। पोप ने कहा कि यीशु का इस्तेमाल किसी भी युद्ध को सही ठहराने के लिए नहीं किया जा सकता।

**अमेरिका के पहले पोप, लियो, ने कड़ी धूप के बीच कहा, 'यही हमारे ईश्वर हैं' यीशु, शांति के राजा, जो युद्ध को अस्वीकार करते हैं, जिनका इस्तेमाल कोई भी युद्ध को सही ठहराने के लिए नहीं कर सकता।"**

उन्होंने बाइबल के एक अंश का हवाला देते हुए कहा, "यीशु उन लोगों की प्रार्थनाएं नहीं सुनते जो युद्ध छेड़ते हैं, बल्कि उन्हें अस्वीकार कर देते हैं, यह कहते हुए कि 'भले ही तुम कितनी भी प्रार्थनाएं करो, मैं नहीं सुनूंगाः तुम्हारे हाथ खून से सने हैं।' लियो ने किसी भी विश्व नेता का नाम विशेष रूप से नहीं लिया।

पोप, जो अपने शब्दों का चयन बहुत सावधानी से करने के लिए जाने जाते हैं, ने इस संघर्ष में तत्काल युद्धविराम की बार-बार अपील की है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सैन्य हवाई हमले अंधाधुंध होते हैं और उन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

कुछ अमेरिकी अधिकारियों ने 28 फरवरी को ईरान पर हुए संयुक्त अमेरिका-इजरायल हमलों को सही ठहराने के लिए ईसाई शब्दावली का इस्तेमाल किया है; इन्हीं हमलों से इस बढ़ते हुए युद्ध की शुरुआत हुई थी। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बुधवार को एक प्रार्थना सभा में उन लोगों के खिलाफ "जबरदस्त हिंसक कार्रवाई" के लिए प्रार्थना करने की बात कही थी, जो उनके अनुसार किसी भी दया के पात्र नहीं हैं।

## नेपाल के पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के नेता तथा पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खड़का ओली सरकार में ऊर्जा मंत्री रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो ने की है। एक पुराने जमीन पर अवैध कब्जा के मामले में खड़का की गिरफ्तारी हुई है। नेपाल पुलिस की केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो ने खड़का को उनके निवास से गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की भी जांच चल रही है। जेन जी प्रदर्शन के दौरान खड़का के घर से बड़ी मात्रा में रकम बरामद हुई थी। खड़का पूर्व पीएम शेर बहादुर देउवा के करीबी हैं और ओली की सरकार में ऊर्जा मंत्री रहे।

## चांद बाग में बहुमंजिले मकान में लगी आग, चार ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली (हि.स.)**

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र स्थित चांद बाग में आज तड़के एक बहुमंजिला मकान में आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग ग्राउंड फ्लोर की पार्किंग में खड़े दो स्कूटर और एक मोटरसाइकिल में लगी, जिसके बाद धुआं तेजी से फैल गया। धुएं से घबराकर पहली मंजिल पर मौजूद चार लोगों ने छलांग लगा दी, जबकि दमकल कर्मियों ने ऊपरी मंजिलों से चार अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल विभाग को घटना की सूचना रात करीब 2:30 बजे मिली। सूचना मिलते ही चार दमकल की गाड़ी मौके पर भेजी गईं। आग की गंभीरता को देखते हुए करीब 2:56 बजे 'मेक-4' घोषित किया गया, जिसके बाद अतिरिक्त दमकल गाड़ियां रवाना की गईं। कुल 11 दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, इमारत ग्राउंड प्लस पांच मंजिल की है और इसका क्षेत्रफल करीब 50 वर्ग गज है। आग से उठे धुएं ने ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लोग फंस गए। दमकल कर्मियों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल से चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं चौथी मंजिल से एक बच्चे को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। घटना के दौरान निकहत, राशिदा, सोनी और दो वर्षीय आशिफ ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। सभी को तत्काल जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। वहीं सुवेद, दुर्वेद, आरिफा और फराह को दमकल कर्मियों ने सुरक्षित बचा लिया।

## केंद्रीय बजट 2026-27 में एसईजेड पर विशेष ध्यान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** निर्यात को रोजगार निर्माण, औद्योगिक प्रगति, विदेशी मुद्रा आय और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण के प्रमुख चालक के तौर पर मान्यता देते हुए, बजट में उपायों का एक व्यापक सेट घोषित किया गया है, जिसमें वैश्विक व्यापार व्यवधानों से प्रभावित एसईजेड के लिए लक्षित सुधार शामिल हैं।

एक विशेष एकमुश्त उपाय के तौर पर, यह प्रस्ताव किया गया है कि पात्र एसईजेड विनिर्माण इकाइयों को मानक सीमा शुल्क के बजाय रियायती दरों पर घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) में अपने उत्पादन का एक निर्धारित अनुपात बेचने की मंजूरी दी जाएगी। ऐसी बिक्री की मात्रा उनके निर्यात के एक निर्धारित अनुपात तक सीमित होगी। डीटीए में कार्यरत इकाइयों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करते हुए, इस प्रावधान को लागू करने के लिए आवश्यक नियामक संशोधन किए जाएंगे।

घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) से तात्पर्य संपूर्ण भारत से है (जिसमें प्रादेशिक जल और महाद्वीपीय शेल्फ शामिल हैं, लेकिन इसमें एसईजेड के क्षेत्र शामिल नहीं हैं)। एसईजेड अधिनियम, 2005 की धारा 30 में यह प्रावधान है कि एसईजेड से डीटीए में भेजे गए माल और सेवाओं को देश में आयात माना जाता है और उन पर सभी लागू शुल्क और कर लगते हैं। इसके साथ ही, एसईजेड अधिनियम, 2005 की धारा 2(एम) के अनुसार, डीटीए से एसईजेड में आपूर्ति को एसईजेड को निर्यात माना जाता है और इस पर लागू निर्यात लाभ प्राप्त होते हैं।

इन सुधारों का उद्देश्य क्षमता के इस्तेमाल में सुधार करना और निर्यात-उन्मुखी क्षेत्रों के स्वरूप को प्रभावित किए बिना बड़ा मुनाफा करना, निर्यात लागत को कम करना, और एसईजेड पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को बेहतर करना तथा वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ाना है। इसके साथ ही, एसईजेड के भीतर क्लाउड और डेटा-सेंटर संचालन के लिए टैक्स प्रोत्साहनों का विस्तार वैश्विक निर्माताओं और प्रौद्योगिकी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए तैयार है, जिससे भारत के निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूती मिलेगी।





**भारत के एसईजेड प्रदर्शन का संक्षिप्त विवरण**

भारत के एसईजेड निर्यात, निवेश और रोजगार निर्माण के प्रमुख चालक के रूप में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

- रोजगार में बढ़ोतरी हुई है, दिसंबर 2025 तक एसईजेड में 31.73 लाख से अधिक लोग कार्यरत थे।
- कुल निवेश ₹7.86 लाख करोड़ (दिसंबर 2025 तक) रहा।
- परिचालन में चल रहे एसईजेड से निर्यात 2025-26 (दिसंबर 2025 तक) में 11.70 लाख करोड़ से अधिक रहा, जो 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में 32.02% की बढ़ोतरी है।

### ईरान के खिलाफ महायुद्ध में अमेरिका अकेला नहीं

# सऊदी समेत सभी खाड़ी देश साथ : ट्रंप

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध के बीच सऊदी अरब के संबंधों को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। फ्लोरिडा में आयोजित एक निवेश मंच पर बोलते हुए ट्रंप ने दावा किया कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अब उनकी नीतियों की सराहना कर रहे हैं। ट्रंप ने मजाकिया लहजे में कहा कि क्राउन प्रिंस को उम्मीद नहीं थी कि उनके नेतृत्व में अमेरिका इतनी जल्दी और मजबूती से वापसी करेगा। ट्रंप के अनुसार, सऊदी नेता ने अमेरिकी प्रगति को देखकर आश्चर्य जताया है। उन्होंने कहा कि एक साल पहले तक अमेरिका की अर्थव्यवस्था कमजोर दिख रही थी, लेकिन अब वह दुनिया के सबसे विकसित देशों की सूची में शीर्ष पर है। ट्रंप ने बताया कि सऊदी अरब को पहले लगा था कि यह भी एक असफल अमेरिकी कार्यकाल होगा, लेकिन अब वे अमेरिका के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने के लिए मजबूर हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को एक 'शानदार योद्धा' और प्रभावशाली व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब को अपने नेतृत्व पर गर्व होना चाहिए। ट्रंप ने यह भी साफ किया कि ईरान के खिलाफ युद्ध में सऊदी अरब, कतर, यूएई, बहरीन और कुवैत जैसे खाड़ी देशों ने कंधे से कंधा मिलाकर अमेरिका का समर्थन किया है। ईरान के साथ अमेरिका के युद्ध को अब लगभग एक महीना होने वाला है। इस बीच, खाड़ी देशों ने अमेरिका से पुरजोर मांग की है कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन बनाने की क्षमता को पूरी तरह से खत्म किया जाए।

**अमेरिका से यूरोप तक, ट्रंप का जोरदार विरोध, व्हाइट हाउस ने बताया साजिश**



**वाशिंगटन।** ईरान के साथ युद्ध की स्थिति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को अमेरिका और यूरोप के कई शहरों में 'नो किंग्स' रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में लाखों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और ट्रंप सरकार के फैसलों के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया।अमेरिका का मिनेसोटा राज्य इन विरोध प्रदर्शनों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा। सेंट पॉल में स्थित मिनेसोटा कैपिटल के बाहर हजारों लोग जमा हुए। प्रदर्शन के दौरान कई लोगों ने अमेरिका के झंडे को उल्टा पकड़ रखा था, जिसे संकट या परेशानी का ऐतिहासिक संकेत माना जाता है। आयोजकों के अनुसार, इस बार करीब 90 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई गई थी। इससे पहले जून में हुई रैलियों में 50 लाख और अक्टूबर में 70 लाख लोग शामिल हुए थे। हालांकि, इस बार के सटीक आंकड़े आने अभी बाकी हैं, लेकिन अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,100 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने इन रैलियों को वामपंथी संगठनों की साजिश बताया है। वहीं, नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमिटी ने भी इसकी कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'अमेरिका-विरोधी' मंच करार दिया। उनका कहना है कि इन रैलियों के जरिए हिंसक विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह विरोध सिर्फ अमेरिका तक सीमित नहीं है। ब्रिटेन, इटली और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी प्रदर्शनों की योजना बनाई गई है। जिन देशों में राजा का शासन है, वहां इन रैलियों को 'नो टाइरेंट्स' (कोई तानाशाह नही) नाम दिया गया है।

## बालेंद्र शाह को तिब्बत के निर्वासित सरकार के पीएम ने भेजा बधाई संदेश



**काठमांडू (हि.स.)।** तिब्बत की निर्वासित सरकार के प्रधानमंत्री पेनपा त्सेरिंग ने नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन और तिब्बती जनता की ओर से यह बधाई संदेश भेजा। अपने संदेश में उन्होंने लिखा, "हाल ही में संपन्न जेन-जी नेतृत्व वाले आंदोलन के बाद सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री के रूप में आपका उदय नेपाल की जनता, विशेषकर युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं का सशक्त प्रतीक है।"पत्र में आगे कहा गया है, "नेपाल और तिब्बत के बीच पीढ़ियों से गहरे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंध रहे हैं।

## खाड़ी क्षेत्र से सुरक्षित रवाना हुए एलपीजी वाले दो और भारतीय जहाज





**नई दिल्ली।** दो भारतीय एलपीजी कैरियर—बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम ने खाड़ी क्षेत्र को सुरक्षित रूप से पार कर लिया है और अब वे भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें लगभग 94,000 मीट्रिक टन एलपीजी कार्गो लदा है। बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान के अनुसार, बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मैंगलोर के रास्ते में है और इसके 1 अप्रैल को पहुंचने की उम्मीद है। खाड़ी क्षेत्र में काम कर रहे भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले किसी भी जहाज से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में कुल 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद हैं, जिन पर 485 भारतीय नाविक सवार हैं।

### सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान का बड़ा हमला

# अमेरिकी जासूसी विमान ई-3 जी सेंट्री अवाक्स तबाह

**तेहरान (हि.स.)**





पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध अब पांचवें सप्ताह में पहुंच गया है। रविवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान की तरफ से किए गए मिसाइल और ड्रोन के बड़े हमले में अमेरिकी वायुसेना का अत्याधुनिक ई-3जी सेंट्री अवाक्स विमान पूरी तरह नष्ट हो गया। आईआरजीसी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि उसने अमेरिकी ईंधन भरने और हवाई सहायता बेड़े को निशाना बनाया, जिसमें कई बड़े सैन्य विमान नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए।

ईरान की अर्ध सरकारी समाचार संस्था तसनीम न्यूज एजेंसी ने इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के हवाले से बताया कि ईरान ने सऊदी अरब में एक बेस को निशाना बनाकर किए गए संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमलों में एक अमेरिकी ई-3 एडब्ल्यूएसीएस जासूसी विमान को नष्ट कर दिया है।

विश्लेषण में सामने आया है कि हमला बेहद सटीक था और विमान के सबसे अहम हिस्से रडार डोम को निशाना बनाया गया। यह वही भाग होता है जिसमें एएन/एपीवाई-2 सर्विलांस रडार सिस्टम लगा होता है, जो विमान की मुख्य ऑपरेशनल क्षमता का केंद्र है। तस्वीरों में विमान के पिछले हिस्से में भारी संरचनात्मक क्षति देखी गई है।

### यूट्यूब और फेसबुक लोगों को एडिक्ट बनाने का दोषी

# अमेरिकी कोर्ट ने लगाया ₹56 करोड़ जुर्माना

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स की जूरी ने बुधवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाकर टेक इंडस्ट्री के मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम) व यूट्यूब दोनों को जानबूझकर एडिक्टिव प्लेटफॉर्म डिजाइन करने के दोषी ठहराया, जिसकी वजह से एक 20 साल की युवती को लंबे समय तक गहन डिप्रेशन, आत्मघाती विचार व मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर समस्याएं झेलनी पड़ीं। कोर्ट ने दोनों कंपनियों को 56 करोड़ रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया है, जिसमें मेटा को लगभग 70% व यूट्यूब को 30% हिस्सा देना होगा। यह सिर्फ एक केस नहीं, बल्कि टेक इंडस्ट्री के "एटेंशन इकॉनमी"या लती बनाने वाले मॉडल के खिलाफ पहला बड़ा कानूनी व सामाजिक घेराव बन चुका है।



**● युवा और बच्चों को लगातार एंगेज रखा जिससे वे अधिक से अधिक विज्ञापन तथा डेटा कमाई कर सकें**

### डिजाइन नहीं, कंटेंट 'दोषी'

फैसले की खास बात यह है कि जूरी से किसी खास वीडियो या पोस्ट पर निर्णय नहीं मांगा गया, बल्कि यह जांचा गया कि कौन-से डिजाइन फीचर्स-जैसे इंफिनिटी स्क्रॉल, ऑटो-प्ले, पर्सनलाइज्ड फीड और नोटिफिकेशन बेल्स-ने युवती को लगातार लॉग-इन करने, घंटों तक बिना रुके स्क्रॉल करने व सोशल मीडिया की जैसे योग जैसी लत बना दी। पक्षों ने दावा बनाया कि यह एक "प्रोडक्ट लायबिलिटी" का मामला है, न कि सेक्शन 230 से जुड़े कंटेंट-लायबिलिटी का। इस तरह सेक्शन 230 की क्लासिक ज़ेरो-बारीयर (जहां प्लेटफॉर्म यूजर-जनरेटेड कंटेंट के लिए इम्यून होते हैं) को चकमा दिया गया और जूरी को सीधे प्लेटफॉर्म के डिजाइन, आर्किटेक्चर और एंगेजमेंट ट्रिक्स पर फैसला देना था। यह तरीका अगले कई यूथ-मेंटल हेल्थ और डिजिटल वेलनेस मामलों के लिए रोडमैप बनने वाला है।

### सेक्शन 230 पर लगा बड़ा सवाल

कम्यूनिकेशन्स डिफेंसी एक्ट 230 लंबे समय से बड़ी टेक कंपनियों का कानूनी ढाल रही है, जिसके तहत वे(कंपनियां) यूजर-जनरेटेड कंटेंट के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराई जातीं। लेकिन इस ट्रायल में एटर्नी ने दावा इतना शार्प रूप से फ्रेम किया कि जूरी को किसी यूजर की शिकायत या पोस्ट पर नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म के "डिजाइन चॉइस"-जैसे कि फीड रैंकिंग, रिकमेंडेशन सिस्टम और नोटिफिकेशन पुश-को कारण बाद तौर पर नुकसान से जोड़ना था। कैलिफोर्निया सुपीरियर कोर्ट ने यह भी तय कर दिया था कि यदि नुकसान थर्ड-पार्टी कंटेंट से निकल रहा है तो सेक्शन 230 लागू नहीं होगा, लेकिन अगर नुकसान डिजाइन चॉइस, यूजर इंगेजमेंट लूप और एडिक्टिव फीचर्स से उपजा है तो वह एक क्लासिक प्रोडक्ट-लायबिलिटी मामला बन जाएगा। इस तरह मेटा व यू ट्यूब की सेक्शन 230-आधारित डिफेंस कमजोर पड़ गई और जूरी ने इन्हें जिम्मेदार ठहराने में संकोच नहीं किया।

### कैलिफोर्निया कानून और 'सब्सटेंशियल फैक्टर' का रोल

कैलिफोर्निया कानून के तहत नेग्लिजेंस तभी तय होती है जब चार शर्तें मिलेंः ड्यूटी ऑफ केयर थी, उस ड्यूटी का उल्लंघन हुआ, कॉजेशन था और असली नुकसान हुआ। यहां जूरी ने यह माना कि यूट्यूब और मेटा ने यूजर्स, खासकर युवा व बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और डिजिटल वेलनेस पर ड्यूटी ऑफ केयर निभाने की बजाय उन्हें लगातार एंगेज करने के लिए डिजाइन बनाया, जिससे वे अधिक से अधिक विज्ञापन और डेटा कमाई कर सकें। मेटा की ओर से यह तर्क था कि नुकसान युवती के पर्सनल हालात, पारिवारिक दबाव और पहले अधिक मानसिक स्वास्थ्य इतिहास की वजह से हुआ; लेकिन कैलिफोर्निया कानून में सिर्फ "एकमात्र कारण" नहीं, बल्कि "सब्सटेंशियल फैक्टर" देखा जाता है, यानी अगर प्लेटफॉर्म का डिजाइन नुकसान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हिस्से को भी कारण माना जा सकता है। जूरी ने यही दिखाया कि इंफिनिटी स्क्रॉल, रिकमेंडेशन लूप व नोटिफिकेशन की बारम्बार आवाज ने युवती को घंटों तक जागे रहने, सोशल मीडिया से अलग होने से चिढ़ने और धीरे-धीरे डिप्रेशन में फंसाने के लिए बनाए रखा।

### कंपनियां जानते थीं, फिर भी इसे बनाया

यह सिर्फ लापरवाही का मामला नहीं था, बल्कि जूरी ने मैलिशियस इंटेंट या गलत इरादों का भी जिक्र किया। कैलिफोर्निया कानून के तहत अगर कंपनियों को पता हो कि उनका प्रोडक्ट युवाओं, बच्चों और कमजोर मानसिक रूप से यूजर्स के लिए जोखिम भरा है और फिर भी वे उसे बदलने के बजाय उसी फॉर्मेट में रखती हैं, तो उसे 'जानबूझकर नुकसान' की श्रेणी में रखा जा सकता है।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री देउवा और उनकी पत्नी के खिलाफ जांच शुरू

### आय से अधिक संपत्ति का मामला

**काठमांडू (हि.स.)**



नेपाल में बालेन्द्र शाह की सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउवा और उनकी पत्नी डॉ. आरजू देउवा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच आगे बढ़ाई है। सत्ता के संरक्षण में अस्वाभाविक और गैरकानूनी संपत्ति अर्जित करने के आरोप में इससे पहले ही देउवा परिवार के खिलाफ संपत्ति शुद्धिकरण अनुसंधान विभाग में शिकायत दर्ज की गई थी। संपत्ति शुद्धिकरण विभाग के अनुसार, पहले से जुटाई गई सूचनाओं और प्रमाणों को संकलित कर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

गृह मंत्रालय और नेपाल पुलिस से जुड़े स्रोतों के मुताबिक, पिछले एक से डेढ़ वर्ष के दौरान शेरबहादुर, आरजू के साथ उनके बेटे जयवीर देउवा और उनके निकट संबंधियों के नाम पर खरीदी गई करीब 73 बीघा जमीन का विवरण संकलित किया गया है।

संपत्ति शुद्धिकरण विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आरजू राणा के दोनों सगे भाइयों प्रदीप शमशेर राणा और भूषण राणा सहित अन्य रिश्तेदारों के खातों में हुए लेन-देन का विवरण भी जुटाया जा रहा है। संपत्ति शुद्धिकरण अनुसंधान विभाग के एक अधिकारी ने कहा, "इसी क्रम में बूढ़ानीलकंठ स्थित देउवा निवास को तोड़ने के काम पर रोक लगाई गई है।"

देउवा परिवार ने बूढ़ानीलकंठ में एक ही परिसर के भीतर दो बंगले बनाए थे, जिनको लेकर पहले ही शिकायत दर्ज हो चुकी थी। जेनजी आंदोलन के दौरान देउवा परिवार पर हमला हुआ था और घर में आगजनी की घटना हुई थी। जहां कथित तौर पर करोड़ों रुपए और लाखों अमेरिकी डॉलर के जलने के सबूत भी मिले थे। पिछले कुछ दिनों से देउवा परिवार के निर्देश पर मजदूरों को लगाकर क्षतिग्रस्त भवन को तोड़ने का काम किया जा रहा था। पुलिस स्रोतों के अनुसार, "भवन से जुड़े सबूतों पर असर पड़ने और उनके नष्ट होने की आशंका के कारण उच्चाधिकारियों के निर्देश पर घर तोड़ने का काम रोक दिया गया है।"

नकली भूटानी शरणार्थी प्रकरण में भी आरजू राणा की संलिप्तता की जांच दोबारा शुरू की गई है। नेपाल पुलिस की केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो इस मामले की जांच में जुट गई है।